** वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
सोमवार, 13 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 99, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। } 10

## भारत में पेटेंट आवेदनों की संख्या बढ़कर हुई 1.43 लाख

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गयी है। } 12



# दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन

### राष्ट्रपति, पीएम मोदी, सीएम योगी समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

एजेंसी



1933 – 2026

मुंबई। अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उन्होंने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी।

भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी थी। भोसले ने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह हम इंतजार करेंगे में विरह से भरी मीना कुमारी हों या पिया तू अब तो आजा में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। उनके बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आजा, आजा पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली और उतनी ही कुशलता से चैन से हम को कभी में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक भारतीयों के बचपन और युवावस्था को संवारा। और अब उनके निधन पर लाखों लोग शोक में डूबे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दशकों तक विस्तारित भोसले की असाधारण संगीतमय यात्रा ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक, आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता विफल, एक दूसरे पर जड़े आरोप

### राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को बताया जिम्मेदार, होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया एलान

एजेंसी





इस्लामाबाद। वैश्विक ऊर्जा व्यवधान का कारण बने पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने के लिए इस्लामाबाद में हुई ऐतिहासिक वार्ता में दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो पाने के बाद अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधिमंडल रविवार को पाकिस्तान से रवाना हो गए।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि वार्ता शांति समझौते तक पहुंचने में विफल रही। उन्होंने तेहरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ने को इसकी प्रमुख अड़चनों में से एक बताया। वेंस ने वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम यहां से एक बहुत ही सरल प्रस्ताव लेकर जा रहे हैं, एक ऐसा तरीका जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि यह हमारा अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव है। हम देखेंगे कि ईरानी इसे स्वीकार करते हैं या नहीं। वेंस संवाददाता सम्मेलन संबोधित करने के लगभग एक घंटे बाद रवाना हुए। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी उन्हें विदाई देने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान से रवाना हो चुका है। सुरक्षा कारणों से ईरानी प्रतिनिधिमंडल के रवाना होने के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने भी एक्स पर बताया कि कई दौर की बातचीत के बाद ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से रवाना हो गया है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण इस्लामाबाद वार्ता विफल रही। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। ईरानी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा था, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार तड़के पहुंचा था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि ईरान-अमेरिका शांति वार्ता पहले पाकिस्तान के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से और बाद में दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से संपन्न हुई। पाकिस्तान की मध्यस्थता में वार्ता शनिवार को दोनों पक्षों द्वारा छह दिवसीय युद्धविराम की घोषणा के चार दिन बाद शुरू हुई। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान और अमेरिका के बीच यह पहली सीधी, उच्च स्तरीय वार्ता थी। मीडिया के साथ एक संक्षिप्त बयान में, पाकिस्तान के विदेश मंत्री डार ने कहा कि उनके देश ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### लापरवाही बरतने पर तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

जालौन। जिले के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गुमशुदगी के एक मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री सिंह ने बताया कि पिछली 27 मार्च को ग्राम रूद्रपुरा निवासी कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के के लापता होने का मामला अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया था। आरोप है कि गुमशुदा की तलाश और बरामदगी के लिए पुलिस ने अपेक्षित स्तर पर कोई ठोस और प्रभावी प्रयास नहीं किए। इसी बीच आठ अप्रैल को कमल प्रताप सिंह का शव आरोपी रोहित याज्ञिक के बाड़े में मिट्टी के नीचे दबा हुआ बरामद हुआ।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने नष्ट किये अवैध बंकर

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट कर दिए है। पुलिस ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। उखरुल जिले में हाल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई थी। सुरक्षा बलों ने एक अलग अभियान में तेंगनौपाल जिले से 13 आईईडी भी बरामद किए। बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने शनिवार को लिटान थाना क्षेत्र के सिकिबंग गांव में 14 और मोंगकोट चेपु गांव में सात बंकर को नष्ट किया।

# माफिया व गुंडों की पसली तोड़ता है बुलडोजर

### ○ बंगाल की धरती पर गरजे मुख्यमंत्री योगी ○ टेरर, तुष्टिकरण, माफियाराज व कटमनी का जवाब है भाजपा सरकार

विशेष संवाददाता




पूर्वी मेदिनीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की चुनावी जनसभाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर प्रहार किया। कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अपनी तीसरी जनसभा में उन्होंने कहा कि कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां की आधी आबादी से उर्दू बुलवाएंगे, मैं उससे बोल रहा हूं कि यहां की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला बोलेगी। यहां कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलने दी जाएगी। कोई भी माई का लाल बंगाल की संस्कृति, आन-बान-शान से खिलवाड़ नहीं कर सकता। मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश बंगाल वासियों के साथ खड़ा है। हम टीएमसी के देशद्रोही मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। जिस तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार ने यूपी को अराजकता, दंगा व कर्फ्यू मुक्त बनाया है, सरकार बनने पर वैसे ही बंगाल को भी बनाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि बंगाल वंदे मातरम की धरती है। यह धरती तूफानों से टकराकर भी हार नहीं मानती। सीएम ने गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, जगदीश चंद्र बसु, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रनायकों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश-एक संविधान का जो सपना देखा था, उसे पीएम मोदी ने साकार किया। अब बंगाल का नौजवान भी कश्मीर में संपत्ति खरीद सकता है। सीएम ने कहा कि कभी भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन रहे बंगाल को पहले कांग्रेस, फिर वामपंथियों और 15 वर्ष से तृममूल कांग्रेस ने कंगाल बनाकर रख दिया है। यहां चक्रवात में मिली सहायता और गरीबों के हक का पैसा भी टीएमसी के गुंडे खा जाते हैं। मछुआरों व किसानों से झूठे वादे किए जाते हैं। यहां विकास नहीं, सिर्फ वसूली तंत्र हावी है। कभी शिक्षा, संस्कृति, कला व उद्यम की भूमि बंगाल अब बदहाल है, कंगाल है। टीएमसी मां-माटी-मानुष का नारा देती है, लेकिन उसका ...शेष पृष्ठ 10 पर

### तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार भाजपा के पास : योगी

सोनामुखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। सोनामुखी, नंदकुमार व कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित तीन जनसभाओं में कांग्रेस, वामपंथी दलों व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने टीएमसी के मां-माटी-मानुष के नारे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आज बंगाल में मां-बहन असुरक्षित हैं, माटी घुसपैठियों के कब्जे में और मानुष भयभीत व असहाय है। बंगाल में तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार सिर्फ भाजपा के पास है। टीएमसी का पूरा मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी है। सीएम ने कोलकाता के मेयर को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### घाटी में लश्कर के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश

श्रीनगर/नयी दिल्ली। लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के अंतरराज्यीय नेटवर्क पर कार्वाई तेज करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय में हरियाणा और राजस्थान से कई लोगों को हिरासत में लिया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने आतंकियों को पासपोर्ट समेत फर्जी पहचान पत्र हासिल करने में मदद की थी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों ने आधार कार्ड, स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड और मतदाता कार्ड जैसे दस्तावेज बनाकर आतंकवादियों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

इस जांच का नेतृत्व श्रीनगर पुलिस ने किया, जिसने पूरी खुफिया जानकारी जुटाई। हालांकि, जैसे-जैसे इस अभियान का दायरा और इसके व्यापक सुरक्षा प्रभाव स्पष्ट होते गए, मामले में केंद्रीय एजेंसियों और अन्य राज्यों की पुलिस को शामिल किया गया, ताकि देश के विभिन्न हिस्सों में फैले इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। आधिकारियों... शेष पृष्ठ 10 पर

## नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प ही समाधान

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नशे का बढ़ता दायरा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और सामाजिक संरचना को भी कमजोर कर देती है। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में आयोजित नशामुक्ति जागरूकता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम योगी के नेतृत्व में लखनऊ का तेजी से हुआ विकास




लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में प्रवास के दूसरे दिन रविवार को वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में लखनऊ वासियों से अपनी बात साक्षा की। उन्होंने कहा, लखनऊ में आकर हमेशा सुखद अनुभव होता है। दिल्ली में भी जब लखनऊ के लोग मिलते हैं, तो मेरी कोशिश रहती है कि उनसे मुलाकात जरूर हो। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है, लेकिन लखनऊ हमेशा उनके जहन में रहता है। आपने मुझे संसद में भेजा है और मुझे जो जिम्मेदारी दी है, मैं पूरी कोशिश करता हूं कि उसे पूरी कर सकूं। उन्होंने लखनऊ के पिछले 10-12 वर्षों में हुए विकास की भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** पुण्यतिथि पर दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि, बांटे गये प्रसाद और फल, जगह–जगह लगे भंडारे, बीबीडी ग्रुप, सामाजिक, राजनैतिक व खेल जगत की हस्तियों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को किया नमन

# 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गये पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी में आयोजित अखिल ज्योत कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई।

○ बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में डिजिटल ग्रोथ पर एआई से सम्बन्धित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास एवं श्रीमती देवांशी दास, बीबीडीयू के वाइस चांसलर, प्रो वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, सभी सम्मानित अतिथि, सभी डायरेक्टर, डीन्स, फैकल्टी एवं छात्र - छात्राओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने भी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया ...शेष पृष्ठ 10 पर














फोटो : अमित वर्मा

# विद्यार्थियों का प्रेरणादायक प्रयास, दिखा सेवा और शिक्षा का सुंदर संगम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के कुछ विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, फैजुल्लागंज, बाराबंकी का शैक्षिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ विधिवत रूप से की गई, जिससे वातावरण में श्रद्धा एवं उत्साह का संचार हुआ।

इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने वहां के बच्चों के साथ सहभागिता करते हुए उन्हें विभिन्न शैक्षिक सामग्री एवं प्रोजेक्ट्स प्रदान किए। इन सामग्रियों में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों से संबंधित प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ स्टेशनरी सामग्री जैसे पेंसिल बॉक्स, क्ले एवं कॉपियां शामिल थीं। विद्यार्थियों द्वारा इस प्रकार की पहल ने वहां के बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों विद्यालयों के बच्चों के बीच आत्मीय संवाद एवं सहयोग की भावना देखने को मिली। सभी बच्चे इस गतिविधि से अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए। अंत में सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसके पश्चात अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक विदा किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।






# 24 साल बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। उनके आगमन पर विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। लगभग 24 वर्षों पश्चात विधानसभा का भ्रमण करने आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां किए गए व्यापक नवाचारों, सुदृढ़ व्यवस्थाओं तथा आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की।

दोपहर लगभग 12 बजे विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने सर्वप्रथम डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवमयी इतिहास पर आधारित एक विशेष फिल्म देखी। इस फिल्म के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा, ऐतिहासिक निर्णयों और विधायी विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने इस पहल को युवा पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।

साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा में किए गए ये नवाचार जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिससे विधायी कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

इसके पश्चात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा परिसर में विकसित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारों तथा नवीन व्यवस्थाओं को देखा और उनके सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की सराहना की।

भ्रमण के दौरान उन्होंने समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा, मंडप कक्ष, गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्रों का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने नवीनीकृत मीडिया कक्ष तथा ऐतिहासिक महत्व के भित्ति चित्रों को भी देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सभी व्यवस्थाओं से विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने भव्य प्रवेश द्वार और समग्र परिसर के सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ एक डिजिटल आत्म-चित्र भी लिया, जो इस महत्वपूर्ण अवसर की स्मृति का प्रतीक बना। कार्यक्रम के अंत में राजनाथ सिंह को उत्तर प्रदेश विधानसभा में दिए गए महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंट की गई। इस पुस्तक में प्रदेश की विधायी परंपराओं, ऐतिहासिक बहसों और महत्वपूर्ण निर्णयों का विस्तृत संकलन प्रस्तुत किया गया है। रक्षा मंत्री ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। अंत में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि श्री महाना के प्रयासों से विधानसभा न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हुई है, बल्कि यह जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रही है।

# 49 बस स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल सुविधाओं से लैस होंगे बस टर्मिनल

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिसके तहत प्रदेश के 49 प्रमुख बस स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय एवं बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत शीघ्र ही डेवलपर्स के चयन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक होगी।

## स्वच्छता और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत बनने वाले इन बस स्टेशनों में स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली की बेहतर व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और सहायक सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे स्मार्ट और टिकाऊ अवसंरचना विकसित की जा सके। उन्होंने बताया कि यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) ढांचे पर आधारित होगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा। निजी निवेश के माध्यम से बस स्टेशनों का विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।

## इन बस अडडों का होगा कायाकल्प

आगरा में फाउंड्री नगर, अम्बेडकरनगर में अकबरपुर (डिपो कार्यशाला) अमेठी में अमेठी, अयोध्या में अयोध्या (ओल्ड बस स्टेशन) आजमगढ़ में तरवा, बलिया में रसड़ा और बेल्थरा रोड, बलरामपुर में बलरामपुर (डिपो कार्यशाला) बाराबंकी में हैदरगढ़, बस्ती में बस्ती (डिपो कार्यशाला) बिजनौर में नहटौर, बदायूं में बदायूं, बुलंदशहर में बुलंदशहर (पुराना) और खुर्जा, देवरिया में देवरिया, एटा में एटा, फिरोजाबाद में फिरोजाबाद और शिकोहाबाद, गौतमबुद्धनगर में नोएडा (डिपो कार्यशाला) गाजियाबाद में गढ़ और लोनी, गोंडा में गोंडा (डिपो कार्यशाला) हरदोई में हरदोई बस स्टेशन को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा।

**द्वितीय चरण में लखनऊ के जानकीपुरम में भी बनेगा बस स्टेशन** : इसके अलावा हाथरस में हाथरस, जौनपुर में जौनपुर, मछलीशहर और बादशाहपुर, झांसी में झांसी (नयी भूमि) कानपुर देहात में माती, कौशांबी में सराय आकिल, लखीमपुर खीरी में गोला, लखनऊ में कैसरबाग और जानकीपुरम, महाराजगंज में सुनौली और निचलौल, मिजार्पुर में विंध्याचल, मुरादाबाद में मुरादाबाद (पीतल नगरी) मुजफ्फरनगर में मुजफ्फरनगर (नई भूमि) पीलीभीत में पीलीभीत, प्रतापगढ़ में कुंडा, रामपुर में रामपुर, श्रावस्ती में भिनगा, सीतापुर में नैमिषारण्य और सिधौली, सोनभद्र में रॉबर्टसगंज (सोनभद्र) अमेठी में जगदीशपुर, उन्नाव में उन्नाव, वाराणसी में काशी (गोलगडडा) और चंदौली में चंदौली बस स्टेशन द्वितीय चरण के अंतर्गत विकसित किया जाएगा।

# यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप दिखना शुरू हो गया है। गर्मी बढ़ते ही बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए योगी सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को सचेत किया कि गर्मियों में सभी को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सके, इसके लिए अभी से पूरी तैयारी कर ली जाय। साथ ही ट्रांसफार्मर खराब न हों, इसके लिए भी पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

**ट्रांसफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई** : डॉ. गोयल ने बताया कि ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई है। फ्यूज एवं टेललेस यूनिट हर ट्रांसफार्मर पर लगे, इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर ट्रांसफार्मर फुकेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधूरे कामों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर भी कार्य काफी पीछे हैं, वहां फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाये। साथ ही अधिकारियों और अवर अभियंताओं पर भी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाय। अध्यक्ष डॉ. गोयल ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी अभी और बढ़ेगी। इसके लिए तैयारी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध हैं। इसलिए कहीं भी आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सबको शिड्यूल के अनुरूप बिजली प्राप्त हो।

**राजधानी में ट्रिपिंग न होने देने के सख्त निर्देश** : उप्र पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसफार्मर पर जीरो डैमेज नीति है और विद्युत आपूर्ति में ट्रांसफार्मर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। लापरवाही के कारण अगर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी तो जिम्मेदारी तय करके कार्रवाई की जाएगी। राजधानी लखनऊ में बिजली व्यवस्था सुचारु बनी रहे, इसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राजधानी में ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्युत दुर्घटनाओं पर भी जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आधारभूत ढांचे का होगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित कर रही प्रदेश सरकार
- रिक्त पदों भरे जायेंगे, रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर व वाशिंग मशीन की मिलेगी सुविधा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित किया है। हालिया आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में एक ओर जहां रिक्त पदों को तेजी से भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर आधारभूत ढांचे और छात्राओं की दैनिक सुविधाओं के विस्तार में भी प्रगति दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। अब बेसिक शिक्षा विभाग खाद्यान्न, दैनिक उपयोग सामग्री एवं स्टेशनरी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

सरकार की नीतिगत सख्ती, सतत निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते केजीबीवी अब आवासीय विद्यालय के साथ-साथ सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं। यह परिवर्तन प्रदेश की बेटियों को बेहतर अवसर, सुविधाएं और सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में केजीबीवी के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। आंकड़ों के अनुसार कई जिलों में इन कार्यों को पूर्ण कर छात्राओं को बेहतर आवासीय एवं शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया गया है। केजीबीवी के रिक्त पदों में सुधार की प्रक्रिया तेज है। आंकड़े बताते हैं कि प्रयागराज (43), बलिया (42), उन्नाव (39) और एटा (35) जैसे जनपदों में उच्च रिक्तियों को चिह्नित कर उनकी पूर्ति की प्रक्रिया तेज की गई है। ऐसे जनपदों में आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रगति पर है। वहीं श्रावस्ती, रायबरेली, आजमगढ़, ललितपुर जैसे कई जनपदों में कोई भी पद रिक्त नहीं। ऐसे जिलों में रिक्तियों की संख्या शून्य होना प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेही आधारित व्यवस्था का संकेत है। छात्राओं के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के लिए रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर, जेनसेट एवं वाशिंग मशीन जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट, ओपन जिम और 'एक केजीबीवी-एक खेल' जैसी पहलें भी छात्राओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए लागू की जा रही हैं। भवन मरम्मत कार्यों में भी तेजी आई है। वर्ष 2025-26 में बलरामपुर में 80% कार्य प्रगति दर्ज की गई है। अन्य जनपदों में भी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। निर्माण कार्यों से जुड़े आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में केजीबीवी के अंतर्गत आधारभूत ढांचे का विस्तार तेज गति से हुआ है और अब अधिकांश कार्य हैंडओवर की अंतिम प्रक्रिया में हैं।



संक्षेप

## युवती लापता, अपहरण का केस

प्रतापगढ़। युवती के अचानक लापता होने को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मकईपुर निवासिनी आशा देवी पत्नी सदाशिव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल को दिन में एक बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री घर से अचानक लापता हो गयी। पीड़िता के मुताबिक उसकी लापता पुत्री का मोबाइल फोन भी बन्द हो गया है। पीड़िता ने बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट व धमकी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। भाई द्वारा पिता व बहन की पिटाई को लेकर पीड़िता ने रविवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे साधौराम खण्डवा निवासिनी नीशा पुत्री रामफेर ने दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि सुबह सात बजे उसके भाई व भाभी ने कहा सुनी को लेकर उसे मारापीटा। बीच बचाव के लिए पीड़िता का पिता वहां पहुंचा तब उसके साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी। आरोप है कि पीड़िता ने एक सौ बारह डायल पुलिस को सूचना दी तब आरोपी द्वारा उसे व उसके पिता को जानलेवा धमकी दी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है जांचकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## भ्रमण के लिए निकले छात्र, दिखायी हरी झंडी

प्रतापगढ़। छात्रों को सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सरोकार का अनुभव कराने के लिए रविवार को छात्रों का एक दल श्रृंगवेरपुर धाम व हौदेश्वरनाथ तथा भक्तिधाम मनगढ़ रवाना हुआ। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहा के छात्रों के दल को प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री विष्णु सिंह व पूर्व अध्यक्ष नवीन शुक्ल तथा प्रधानाध्यापक लाल प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महामंत्री विष्णु सिंह ने कहा कि भ्रमण से नवनिहालों को अनुभव के साथ ज्ञानार्जन के क्षेत्र में रचनात्मक ऊर्जा प्रदान हुआ करती है। इस मौके पर सुधाकर शुक्ल, सर्वेश कुमार, शालिनी सिंह, हेमेन्द्र सिंह, अरूण शुक्ल, शशिकला सिंह, पंकज मिश्र, अभय सिंह आदि रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार से अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी। सोमवार को वह दिन में एक बजे सराय संग्राम सिंह में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में शामिल होंगी। इसके बाद वह सवा दो बजे पिपरी प्रतापपुर चेरगढ़ में डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगी। विधायक मोना रात्रि विश्राम संग्रामगढ़ करेंगी। अगले दिन मंगलवार को वह दिन में साढ़े बारह बजे लालगंज में लोगों से मुलाकात करेंगी। इसके बाद वह दिन में एक बजे से लालगंज के अम्बेडकर पार्क में डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर दलित युवक के साथ गाली गलौज तथा मारपीट व तोड़फोड़ व धमकी को लेकर तीन नामजद आरोपियों समेत आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ पुलिस ने एससीएसटी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के करीमनपुर निवासी अजय कनौजिया पुत्र जगदीश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती दस अप्रैल को रात करीब दस बजे वह बाइक से सांगीपुर बाजार से घर वापस आ रहा था। अठेहा में अचानक उसकी बाइक पंचर हो गयी। दुकान की पूछताछ को लेकर कुछ लोग वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। तहरीर के मुताबिक पड़ोसी गांव सेमरा के शहबाज पुत्र अमीर हसन, रियाजुल सुत अमीर हसन व आयूब पुत्र फारूख एवं तीन चार अन्य अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की बाइक तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# आमजन तक पहुंचीं सरकारी नीतियां

### प्रशिक्षण महाभियान में विधायक ने दिया सुदृढ़ीकरण का मंत्र



जिला संवाददाता

भिनगा श्रावस्ती। प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दीप वाटिका लॉन, भिनगा में हरदत्त नगर गिरंट मंडल द्वारा आयोजित सप्तम सत्र उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जनप्रिय विधायक रामफेरन पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यकताओं में नवचेतना का संचार किया। अपने ओजस्वी एवं प्रेरक संबोधन में विधायक पाण्डेय ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी, लोकहितकारी एवं विकासोन्मुखी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियाँ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ क्रियान्वित हो रही हैं। साथ ही, विधानसभा श्रावस्ती में हुए आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कार्यकताओं से जन-जन तक इन उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। सत्र की अध्यक्षता भाजपा श्रावस्ती के जिला अध्यक्ष विक्रम वर्मा ने की। उन्होंने संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं समर्पण की महत्ता को रेखांकित करते हुए कार्यकताओं को निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी संजू तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार यादव मंटू ने भी अपने उद्बोधन में संगठनात्मक सुदृढ़ता, कार्यकर्ता-केन्द्रित कार्यशैली तथा बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में विशेष उत्साह एवं सहभागिता देखने को मिली। संवाद, समन्वय और संगठन के प्रति निष्ठा की भावना ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। यह प्रशिक्षण सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में भी स्थापित हुआ।

### मनरेगा कार्यों में अनियमितता के आरोप

## ग्राम सचिव समेत कई जिम्मेदारों पर उठे सवाल

बांसी सिद्धार्थनगर (बांसी)।

विकास खंड बांसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटखौली/तिवारीपुर में मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप सामने आए




हैं। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि लाखों रुपये की सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करते हुए केवल कागजी खानापूर्ति कर विकास कार्य दिखाए गए। ग्रामीणों के अनुसार स्वच्छता, हैंडपंप मरम्मत, नाली निर्माण और दवा छिड़काव जैसे कार्यों में वास्तविकता के बजाय फर्जी रिपोर्ट तैयार कर भुगतान निकाल लिया गया। आरोप है कि कार्य स्टीमेट के विपरीत कराए गए और धन का बंदरबांट किया गया। मामले में ग्राम पंचायत सचिव अभिषेक वर्मा, संबंधित जेई और ग्राम प्रधान पर उंगलियां उठ रही हैं। कुछ ग्रामीणों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भी कमीशन दिए जाने की चर्चा है, जिसके चलते लंबे समय से तैनात कुछ अधिकारियों द्वारा कथित रूप से संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीणों और विकास विभाग से जुड़े सूत्रों ने पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके और सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लगे। वहीं, ग्राम सचिव अभिषेक वर्मा ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जांच में हमारे खिलाफ कुछ नहीं निकलेगा, हमारी पहुंच ऊपर तक है। कोई भी जांच करा सकता है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं और ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से पारदर्शी जांच की मांग की है।

## सच्चा बाबा आश्रम में हरिहरात्मक महायज्ञ की तैयारी हुई तेज, होगी रामकथा



प्रतापगढ़। सई नदी के किनारे चिलबिला में सच्चा बाबा आश्रम पर हरिहरात्मक महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। इसमें राम कथा भी होगी। इसके लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। आश्रम में रविवार को हुई तैयारी बैठक में आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी ने पूरे कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 17 मई को यह आयोजन शोभा यात्रा से शुरू होगा। शाम चार बजे आश्रम से शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर का भ्रमण करेगी। इसमें अरैल आश्रम के भी कई साधु-संत और श्रद्धालु समेत नगर के गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके बाद हर दिन सुबह आठ बजे से आहुतियां डाली जाएंगी और शाम पांच बजे से कथा व्यास संत शरण जी महाराज अयोध्या द्वारा भगवान श्रीराम की संगीतमय कथा कही जाएगी। 26 मई को गंगा दशहरा पर शाम छह बजे सच्चा बाबा घाट पर सई-गंगा की आरती होगी। भंडारा भी चलेगा। हरिहरात्मक महायज्ञ का आयोजन वैदिक विद्वानों के द्वारा होगा। वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा हवन कराई जाएगी। श्रद्धालु भी शामिल हो सकेंगे। आयोजन की तैयारी में श्याम बाबू खंडेलवाल, श्याम शंकर द्विवेदी, अनिल प्रताप त्रिपाठी, प्रमोद सिंह मुन्ना, राजमणि त्रिपाठी, गणेश शंकर श्रीवास्तव व अशोक शर्मा, दीपेंद्र मिश्रा एडवोकेट आदि लगे हैं।

## गेहूं के डंठल की आग से घर जल कर राख, लाखों का नुकसान



सिद्धार्थनगर। खुनियाँव विकास क्षेत्र के गैसड़ा गांव के टोला बिडरा में रविवार दोपहर गेहूं के डंठल में लगी आग से एक घर जलकर राख हो गया। खेत में जल रहे डंठल की आग अचानक फैलकर रिहायशी इलाके तक पहुंच गई, जिससे हरिराम का मकान पूरी तरह जल गया। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग इतनी भीषण थी कि हरिराम के घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस दौरान राजकुमार मिश्र की बांस की कोठी और कई पेड़ भी जल गए। दीनानाथ मिश्र के भी कई पेड़ और बांस की कोठी आग की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्राम बिडरा पहुंचे नायब तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग से एक रिहायशी घर पूरी तरह जल गया है और पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। नायब तहसीलदार ने हल्का लेखपाल को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट तैयार होने के बाद पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग सतर्कता बरतने की अपील कर रहे हैं।

## शिवाजी इंटर कॉलेज में हुआ मातृ सम्मेलन



मिठवल पथरा/ सिद्धार्थनगरः। जनपद के मिठवल/पथरा बाजार थाना क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज में रविवार को मातृ सम्मेलन एवं मातृ सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में माताओं, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि रघुवर प्रसाद जायसवाल व उमा सिंह ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान माताओं को सम्मानित किया गया तथा संचालन कृष्ण प्रताप सिंह ने किया। उक्त गरिमामई आयोजन ने मातृशक्ति के सम्मान और संस्कार युक्त शिक्षा के महत्व को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में माताओं को उनके भारी योगदान के लिए सम्मानित किया गया, उक्त कार्यक्रम का संचालन कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह ने किया उक्त अवसर पर प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ शब्बू सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य राम केवल यादव, अंजू सिंह इसलावती देवी रीता देवी सुनीता देवी सहित महिलाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम सपापन के उपरांत मौजूद रहे अष्टभुजा शुक्ल उर्फ गुड्डू बाबा ने सभी के उत्कृष्ट कार्य योगदान को सराहा गया।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

### हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस ने चोरी का किया सफल अनावरण



**श्रावस्ती।** थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जेवर, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम ने मु0अ0सं0 35/2026 से संबंधित चोरी के मामले का खुलासा किया। गौरतलब है कि 7 मार्च 2026 को वादी धर्मराज यादव निवासी जयपत्तरपुरवा ने घर से जेवर व नकदी चोरी होने की सूचना दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्य संकलन व संदिग्धों की तलाश के बाद 12 अप्रैल 2026 को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुजानडीह जंगल के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से दो अदद बिछिया (सफेद धातु), दो मोबाइल फोन तथा 4000 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कासिम उर्फ कनऊ उर्फ राजू पुत्र रहीस निवासी कलंदरी पुरवा तथा शिव कुमार उर्फ शिवा पुत्र कन्हई निवासी बहोरवा थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और पूर्व में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय, उपनिरीक्षक आलोक चन्द्रा, उपनिरीक्षक योगेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल श्याम सुन्दर यादव व कांस्टेबल राम जनम मौर्य की अहम भूमिका रही।

## महिला थाना पुलिस ने 5 परिवारों की सुलह करा विवाद किया खत्म




सिद्धार्थनगर- जनपद के महिला थाना थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व थाना पुलिस ने गत रविवार को पारिवारिक विवादों के मध्य सुलह समझौता कराकर उलझे 5 दंपतियों को विदा किया गया। काउंसलिंग के माध्यम से उनके आपसी मतभेदों को दूर किए गए, जिसके बाद सभी जोड़ों को राजी खुशी एक साथ विदा किया गया, इस सार्थक पहल से 5परिवार टूटने से बच गए और उनके रिश्तों में नई शुरूआत हुई। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय के अगुवाई में एक टीम ने दोनों पक्षों की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं गयी। व काउंसलिंग के दौरान दंपतियों को एक-दूसरे की भावनाओं को समझने, संवाद बढ़ाने और छोटे विवादों से बचने की सलाह दी गई। कई घंटों की बातचीत के बाद सभी पक्षों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। जिन पांच दंपतियों के बीच सुलह कराई गई, उनमें सविता पत्नी रोहित (निवासी मरवटिया चैनपुर, थाना बांसी), सरिता पत्नी दीपक (निवासी दसिया, थाना मिश्रौलिया), उर्मिला पत्नी राजू (निवासी रामवापुर नानकार, थाना शोहरतगढ़), संगीता पत्नी सौरव (निवासी गोनहाताल, थाना बांसी) तथा सुनीता पत्नी सर्वेश (निवासी पिपरा, थाना ढेबरुआ) शामिल हैं। इस काउंसलिंग प्रक्रिया में महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, संगीता गौतम और रीना ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीम ने परिवारों को समझाया कि रिश्तों में संवाद और विश्वास ही सबसे मजबूत आधार होते हैं। सुलह के बाद सभी जोड़े संतोष और खुशी के साथ अपने घरों को लौटे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और टूटते परिवारों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका योगदान भी निभाते हैं।

## विकास मिश्र अध्यक्ष व साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का चुनाव संपन्न



प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की लालगंज तहसील इकाई की कार्यकारिणी का रविवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में हुये चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार विकास मिश्र अध्यक्ष तथा साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित हुये। आशुतोष मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा लवलेश शुक्ल उपाध्यक्ष, राजीव तिवारी कोषाध्यक्ष, अनूप तिवारी आय व्यय निरीक्षक, मुकेश तिवारी मीडिया सचिव, संजीव त्रिपाठी संगठन मंत्री, सौरभ त्रिपाठी संयुक्त सचिव, संजयमणि शुक्ला व जगत वर्मा जिला प्रतिनिधि, आईपी मिश्र, प्रमोद सिंह व अशोकधर द्विवेदी मण्डलीय प्रतिनिधि, अनिल तिवारी महेश, गौरीशंकर त्रिपाठी व उमेश तिवारी प्रान्तीय प्रतिनिधि निर्वाचित हुये।

चुनाव कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं देखरेख मण्डलीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने किया। चुनाव अधिकारी डा. आशीष सिंह व सुरेन्द्र तिवारी सागर ने चुनाव परिणामों की अधिकारिक घोषणा की। चुनाव परिणामों की घोषणा होने पर साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों से पत्रकारिता के सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## मिशन शक्ति की प्रेरणा से 900 महिलाओं में जागा आत्मविश्वास

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेजझ्र5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत श्रावस्ती पुलिस ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ह्लबहू-बेटी सम्मेलनह्व का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के मार्गदर्शन में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुआ। जनपद के 09 स्थानों पर आयोजित इन सम्मेलनों में 900 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाना रहा। कोतवाली भिनगा, मल्हीपुर, सोनवा, हरदत्तनगर गिरंट, गिलौला, इकौना, सिरसिया, नवीन मॉडर्न थाना, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गृहिणियां, विधवा व तलाकशुदा महिलाएं तथा किशोरियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न एवं आपात स्थितियों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 के बारे में भी जागरूक किया गया।

### नैनो उर्वरक महाअभियान से जुड़ेगा सिद्धार्थनगर

## किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती का रास्ता



सिद्धार्थनगर- इफको ने देशभर में नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक नैनो उर्वरकों के प्रति जागरूक करना और पारंपरिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना है। उत्तर प्रदेश का सिद्धार्थनगर जिला भी इस अभियान से जुड़ेगा। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने नई दिल्ली से पांच नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों तथा 3,477 तहसीलों में संचालित होगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सहकार से समृद्धि' मिशन के तहत आगे बढ़ाई जा रही है। इसका मुख्य लक्ष्य किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने में मदद करना है। दिलीप संघाणी ने बताया कि नैनो ठढङ लिक्विड (8-8-10) और नैनो एनपीके ग्रेन्युलर (20-10-10) को उर्वरक नियंत्रण आदेश एफसीओ में शामिल करना भारतीय कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सिद्धार्थनगर जिले में इस अभियान के तहत गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम, किसान प्रशिक्षण शिविर और फील्ड डेमो आयोजित किए जाएंगे। सहकारी समितियों पीएसीएस के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डेप, नैनो एनपीके नैनो जिंक और नैनो कॉपर के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन तकनीक और फोलियर स्प्रे के जरिए उर्वरक उपयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन प्रतिबद्ध

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में बांटे गये कार्ड

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** रविवार को जिला पंचायत कार्यालय श्रावस्ती में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पार्षद विपिन अग्रवाल, बहराइच जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा एवं हेमन्त मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस अवसर पर संगठन के पत्रकार साथियों को यूनियन के परिचय-पत्र (कार्ड) वितरित किए गए।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रावस्ती जिला अध्यक्ष आशुतोष पाठक ने संगठन की गतिविधियों एवं पत्रकार हित में संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि संगठन पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रतिबद्ध है तथा आगामी समय में प्रदेश स्तर पर कई जनहितकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। बहराइच जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता की भूमिका को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि पत्रकारों के माध्यम से प्रशासन को महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहायता मिलती है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे केवल दैनिक खबरों तक सीमित न रहकर खोजपरक एवं विश्लेषणात्मक समाचारों पर भी ध्यान दें, जिससे समाज में जागरूकता का संचार हो सके। साथ ही निष्पक्ष पत्रकारिता पर बल देते हुए उन्होंने दोनों पक्षों की जानकारी लेकर समाचार प्रकाशित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

यूनियन के संरक्षक सोहन लाल मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा तथा सभी पत्रकारों को निष्पक्षता, ईमानदारी एवं निर्भीकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र पाण्डेय, सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## लाखों का आरआरसी सेंटर बना शोपीस, सड़क पर सड़ता कचरा



सिद्धार्थनगर- सरकार भले ही स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन खेसरहा क्षेत्र की जमीनी हकीकत इन दावों की खुली पोल खोल रही है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) यहां सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गए हैं, जबकि गांव की सड़कों पर खुलेआम कचरे के ढेर लगे हुए हैं। खेसरहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकारपार में स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां एक ओर आरआरसी सेंटर पूरी तरह साफ-सुथरा और व्यवस्थित खड़ा है, वहीं दूसरी ओर ठीक सामने सड़क किनारे कचरा सड़ रहा है। सेंटर में रखा ठेला, अलग-अलग कचरे के लिए बनाए गए खांचे और साफ-सफाई यह साफ दर्शाते हैं कि इसे उपयोग के लिए नहीं, बल्कि केवल दिखावे के लिए तैयार किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण यह योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार का कहना है कि लोगों में जागरूकता की कमी के कारण सेंटर का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है। हालांकि, यह तर्क ग्रामीणों के गले नहीं उतर रहा। गांव के निवासी अशोक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब सरकार ने इतनी बड़ी सुविधा दी है तो उसका उपयोग क्यों नहीं हो रहा। उनका कहना है कि लोग आज भी सड़क पर कचरा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीण पिंटू ने इस पूरी व्यवस्था को दिखावा बताते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर सिर्फ कागजों में चल रहा है। न तो नियमित कचरा संग्रहण हो रहा है और न ही किसी तरह की निगरानी। अगर सही तरीके से संचालन किया जाए तो गांव की तस्वीर बदल सकती है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह संभव नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक प्रशासन सख्ती नहीं करेगा और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक ऐसे करोड़ों की योजनाएं यूं ही बर्बाद होती रहेंगी और स्वच्छता अभियान केवल भाषणों तक सीमित रहेगा।

# मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान




गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के लीलावती सिंह स्मारक इण्टर मीडिएट कालेज भैंसहा विद्यालय में प्रगति पत्र वितरण समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं होते, बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का सजीव प्रतिबिंब होता है। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी विशेष रूप से सराहा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी एवं संजय मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह ने की।

अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों के योगदान को सराहा।

कार्यक्रम में मथुरा पाण्डेय, रिहांश ठाकुर, दिनानाथ, चन्दमौल पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, रमेश सिंह, सन्तोष चन्द, संजय सिंह, मोनू गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इन मेधावियों का किया गया सम्मान नमन गुप्ता, अनन्या, कान्हा, अनामिका यादव, संजना साहनी, रोशनी यादव, आकृति भारती, काजल सिंह, नव्या प्रजापति, रिया यादव, अनमोल निषाद, अनन्या गुप्ता, अरुण प्रजापति, अंश निषाद

# अधूरे शौचालय और दूषित पेयजल का प्रयोग करने को मजबूर विद्यालय के छात्र



गोला, गोरखपुर। विकास खंड गोला के ग्राम पंचायत सहड़ौली स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी दिखाई दे रही है। यहां के छात्र अधूरे शौचालय और दूषित पेयजल की समस्या से जूझने को मजबूर हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालय परिसर में वर्तमान पंचवर्षीय योजना के तहत शौचालय का निर्माण तो कराया गया, लेकिन उसकी छत आज तक नहीं डाली गई। वहीं पुराने शौचालयों की हालत भी खराब है किसी में दरवाजा है तो किसी में नहीं। साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है, क्योंकि तैनात सफाईकर्मी कई-कई महीनों में एक बार ही विद्यालय पहुंचता है। पेयजल के नाम पर विद्यालय में लगा इंडियामार्का हैंडपंप अब दूषित पानी दे रहा है। ग्रामीणों व विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद उसका पुनः बोरिंग नहीं कराया गया, जिससे छात्र-छात्राएं अशुद्ध पानी पीने को मजबूर हैं। इसी समस्या को लेकर ग्रामीण अरविंद राय ने उपजिलाधिकारी अमित जायसवाल को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि शौचालय अधूरा है और पुराने शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, जबकि पेयजल के लिए केवल एक हैंडपंप है जो दूषित पानी देता है। प्रधानाचार्य चंद्रकेतू प्रसाद ने बताया कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है और ग्राम प्रधान को कई बार समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को भी दे दी गई है।

वहीं प्रधान प्रतिनिधि संतराज सिंह ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई भी शौचालय अधूरा नहीं है और सभी ठीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हैंडपंप के रिबोरिंग के लिए फिलहाल बजट नहीं है। सफाईकर्मी की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अन्य स्थानों पर लगी होने के कारण वह विद्यालय नहीं पहुंच पा रही है।

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जा रही है।

# विधायक ने स्थापना दिवस पर जनसंपर्क कर गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। पुरवा विधानसभा से भाजपा विधायक अनिल सिंह ने पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने हिलौली ब्लॉक क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों बरदहा सन्दाना करदहा और मवई में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक अनिल सिंह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में योजनाएं बिचैलियों तक ही सीमित रह जाती थीं जबकि भाजपा सरकार में मुफ्त राशन दवा शिक्षा और बेटियों की शादी जैसी योजनाएं सीधे लोगों तक पहुंच रही हैं। विधायक ने हर घर जल और हर घर नल जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हर गांव में बिजली पहुंचाई गई है और किसानों को बोरवेल के लिए मुफ्त बिजली दी जा रही है। करदहा में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्व विधायक उदयराज यादव पर भी निशाना साधा विधायक सिंह ने कहा कि इस बार चुनाव में उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा लें अन्यथा चोर उचक्कों की खैर नहीं है उन्होंने चेतावनी दी कि इस बार भू-माफियाओं पर बुलडोजर नहीं बल्कि पोकलैंड से कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी अब घर-घर जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहन सिंह रामबाबू, प्रधान संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह भोले प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सोनी ब्रजेश शुक्ला सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

# बालाजी धाम में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया, भक्ति में डूबा जत्था



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के कस्बा बिहार से राजन जी महाराज के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचा, जहां हवन-पूजन के साथ भक्तों ने बाबा बालाजी के दरबार में माथा टेका। सनातन धर्म का यह प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कलयुग में आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां देशभर से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचकर जीवन की बाधाओं से मुक्ति की कामना करते हैं। बालाजी सरकार के मुख्य द्वार के सामने स्थित राम दरबार की छटा श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर देती है। यहां गूंजते जय श्रीराम और जय बालाजी सरकार के जयकारे पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। धाम की तीन ओर सात पहाड़ियों का मनोहारी दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मार्ग में काली दरबार, पंचमुखी हनुमान और शमशान भैरव के दर्शन कर भक्तों ने आत्मिक शांति का अनुभव किया। कई श्रद्धालुओं ने परंपरागत रूप से बंधन कटवाने की रस्म निभाई, वहीं समाधि स्थल पर बाबा के पवित्र छींटे प्राप्त कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा के दरबार में समय का आभास ही नहीं होता और यहां पहुंचते ही जीवन की समस्याएं हल्की महसूस होती हैं। यह धाम न केवल एक तीर्थ स्थल, बल्कि सनातन धर्म में अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर आचार्य विनय तिवारी, सुरेश कुमार मिश्रा, रज्जन तिवारी, अभिषेक, आनंद, सोनी, गोलू, आशीष, बाबूलाल यादव, गोवर्धन द्विवेदी, बच्चा सिंह सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं चयन की संगीत पार्टी द्वारा बाबा के दरबार में सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसका श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद लिया।

# डंपर बाइक की आमने सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। डंपर और बाइक की आमने सामने हुई जोरदार भिडंत में बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने उन्हे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गाँव फतेहपुर चैरासी ग्रामीण के मजरा सराय संजीत पुत्र पप्पू उम्र करीब 25 वर्ष अपने मित्र शैलेंद्र पुत्र विनोद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी दर्शन खेड़ा मजरा बूलापुर हसनापुर के साथ बाइक से बांगरमऊ की तरफ जा रहे थे अभी वह हरदोई उन्नाव मार्ग पर उम्मर खेड़ा गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में हाहाकार मच गया वहीं थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नगर पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा कर बेचने का आरोप, मुकदमा दर्ज



मौरावा, उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और प्लाटिंग का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी इसरार अहमद पुत्र बहराम अहमद निवासी पटे बाजार के खिलाफ मौरावा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, काजीगढ़ी के समीप नहर कोठी के पास नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग की गई थी। आरोप है कि इसरार अहमद ने न सिर्फ जमीन पर कब्जा किया, बल्कि उसे बेचकर तीन मकानों का निर्माण भी करा दिया। तहसील प्रशासन ने पहले ही बुलडोजर चलवाकर इस अवैध अतिक्रमण को हटाया था। मामले में लेखपाल निशांत वर्मा की तहरीर पर कार्रवाई की गई। अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 2382, जो रास्ता के रूप में दर्ज है, तथा गाटा संख्या 2277, जो नवीन परती भूमि है, दोनों पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने अपनी जमीन के साथ-साथ नगर पंचायत की जमीन को भी बेच दिया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इसी आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 329/4 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फिलहाल, मामले में आगे की जांच जारी है और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सबकी नजर बनी हुई है।

# चौरीचौरा क्षेत्र में 18.26 करोड़ रुपये से पांच तटबंधों का होगा निर्माण

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र में 18.26 करोड़ रुपए की लागत से गोर्रा नदी से प्रभावित रहने वाला सिलहटा तटबंध, राजधानी व जयरामकोल में तटबंध तथा नेकवार में कटाव और क्षतिग्रस्त रेगुलेटर के पुनर्निर्माण होगा। रविवार को विधायक ई सरवन निषाद ने तटबंध के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक श्री निषाद ने कहा कि चौरीचौरा में लगातार विकास की योजनाएं चल रही हैं। तट बंधों के मरम्मत के लिए लगातार बजट आवंटित हो रहा है। कछार क्षेत्र के जनता के लिए पूरी कटिबद्धता के साथ तटबंधों का निर्माण कार्य करवा रहा हूं। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है उसको साकार किया जा रहा है। पिछली सरकारों में नदी के किनारे बसने वाले लोगों के साथ छलावा किया जाता था। और बाढ़ के समय इसे मुद्दा बनाकर राजनीतिक रोटी सेकी जाती थी।

# कूटरचित दस्तावेज से बना पासपोर्ट

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला ग्राम सभा डिहुलपार का है, जहां एक युवक ने खुद को उक्त गांव का स्थायी निवासी दर्शाते हुए पासपोर्ट बनवा लिया, जबकि वह वास्तव में उस गांव का निवासी नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घोड़साव मंझरिया गांव निवासी एक युवक पर आरोप है कि उसने कूट रचित (फर्जी) दस्तावेजों के माध्यम से अपना पता ग्राम सभा डिहुलपार दर्शाकर पासपोर्ट हासिल कर लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पासपोर्ट डाक विभाग के माध्यम से डिहुलपार गांव पहुंचा। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने जब उक्त नाम के व्यक्ति के बारे में जानकारी ली, तो पता चला कि उस नाम का कोई भी व्यक्ति उस गांव का निवासी नहीं है। इस संबंध में डिहुलपार की लेखपाल सुप्रिया गुप्ता ने बताया कि मझगांवा स्थित जन सेवा केंद्र ₹एसपीएम ग्राहक सेवा केंद्र₹ के संचालक आकाश मौर्य द्वारा उनके पास निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भेजा गया था। साथ ही बार-बार रिपोर्ट लगाने के लिए अनुरोध किया जा रहा था। की निवास पुलिस भरती में लगाना है आवेदन के साथ जो आधार कार्ड भेजा गया था, उसमें पता डिहुलपार अंकित था। बताया जा रहा है कि आरोपी ने ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर का भी उपयोग कर निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया, जिससे पूरा मामला और गंभीर हो गया है। घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है और लोग प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे हैं। यह भी चर्चा है कि यदि इस तरह से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बन सकते हैं, तो यह सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकता है। फिलहाल, मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित विभागों द्वारा जांच की बात कही जा रही है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# विधवा भाभी से शादी का दबाव बनाने पर युवक ने की आत्महत्या

सहारनपुर। जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र में एक युवक ने विधवा भाभी से शादी का दबाव बनाने पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एक फ्लाईओवर के पास रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृत युवक की पहचान बड़गांव क्षेत्र निवासी विशाल (25) के रूप में हुई है। यह घटना आठ अप्रैल को बड़गांव थाना क्षेत्र में घटी थी। विशाल द्वारा आत्महत्या से पहले रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद इस मामले में नया मोड़ आया। वीडियो में विशाल ने कथित तौर पर कहा है कि उस पर अपनी विधवा भाभी से शादी करने का दबाव था, जो उससे लगभग 10 साल बड़ी है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। बड़गांव थाना प्रभारी अमित नागर ने बताया कि विशाल की मां सुदेश देवी की तहरीर के आधार पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में सुदेश देवी ने आरोप लगाया है कि उनके बड़े बेटे प्रीतम सिंह की मृत्यु के बाद उसकी विधवा पत्नी के परिवार वाले विशाल पर उससे शादी करने का दबाव डाल रहे थे। हालांकि, विशाल इस शादी के खिलाफ था क्योंकि वह अपनी भाभी को मां समान मानता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

# राज्य के सभी दीवानी न्यायालयों में 24 व 25 अप्रैल को रहेगा अवकाश

जौनपुर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह के द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार जुडिशल ऑफिसर स्पोर्ट्स मीट के लिए प्रदेश के सभी सिविल कोर्ट में 24 और 25 अप्रैल शुक्रवार व शनिवार को अवकाश रहेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्टार जनरल मनजीत सिंह द्वारा जारी किए गए आदेश के क्रम में जुडिशल ऑफिसर स्पोर्ट मीट के लिए 24 व 25 अप्रैल शुक्रवार व शनिवार को अवकाश घोषित किया गया तथा 26 को रविवार होने की वजह से छुट्टी रहेगी। इस प्रकार 24, 25 और 26 अप्रैल 3 दिन प्रदेश के सभी दीवानी न्यायालय बंद रहेंगे।

# प्रतापगढ़ में चार लुटेरे गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले की कोहंडौर पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी बम बरामद किये। पुलिस ने बताया कि नीरज यादव, अभिषेक गौतम, शुभम गौतम और अंश गौतम को थाना कोहंडौर के ग्राम बरा सराय से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे राहगीरों को सुनसान स्थान पर रोक कर मोबाइल व पैसे छीन लेते हैं। इसके लिए वे साथ में बम रखते हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना कोहंडौर में चोरी , लूट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# तीन रिक्रूट पुलिस आरक्षी शारदा नहर में डूबे

हरदोई। जिले के टड़ियावा थाना क्षेत्र के रसूलापुर गांव के पास आज सुबह शारदा नहर में नहाने गए तीन रिक्रूट पुलिस आरक्षी डूब गए जिनमें से दो को ग्रामीणों ने निकाल लिया जबकि एक की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस लाइन से तीन रिक्रूट आरक्षी घरेलू सामान लेने के लिए सुबह करीब दस बजे निकले थे जिसके बाद वे टड़ियावां थाना क्षेत्र के रसूलापुर गांव के पास से निकली शारदा नहर में कुछ अन्य स्थानीय दोस्तों के साथ नहाने लग गए। नहाते समय तीनों डूबने लगे जिनमे से दो को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन एक गौरव उर्फ राजन तेज बहाव के कारण डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अशोक कुमार मीणा व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह, सीओ हरियावां अजीत चौहान मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया लेकिन अभी उसका कुछ पता नहीं चला है। एएसपी ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच रही है।

# होम्योपैथिक विद्या के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का जन्मदिवस मना



उन्नाव। होम्योपैथिक डॉक्टर एसोसिएशन की तरफ से होम्योपैथिक विद्या के जनक डॉक्टर क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन का जन्म दिवस मनाया गया। जन्म दिवस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर शैलेश कुमार यादव की तरफ से बताया गया कि आज के दिन होम्योपैथिक विद्या के जनक डॉक्टर क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन का जन्म हुआ था। जन्मदिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सत्येंद्र भदौरिया एवं सचिव डॉ रूचि परिहार के सानिध्य में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर जीपीएस सेंगर के द्वारा शुरू हुई जिसमें होम्योपैथिक के विकास को लेकर एवं जनमानस तक होम्योपैथी को पहुंचने को लेकर विचार विमर्श हुआ, कार्यक्रम में डॉ आर एन कुशवाहा, डॉ जितेंद्र यादव, डॉ प्रदीप कुमार यादव, डॉ जावेद खलीक, डॉ अशोक वर्मा, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ उत्तम वर्मा, डॉ उदय प्रताप सिंह, डॉ नमन निगम, डॉ विकास भारती, डॉ ऐश्वर्य प्रताप सिंह, डॉ आलोक कुमार, डॉ पारुल निगम, डॉ रतना राजपूत, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरथरी विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत चरथरी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय चरथरी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत चरथरी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत चरथरी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत चरथरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **अवधेश** | **रविकपूर राव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत चरथरी** | **ग्राम पंचायत चरथरी** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सोनफेरवा बुजुर्ग के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 20.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **हफीजुरहमान** | **अंकित कुमार** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग** | **ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत बंराव नानकार विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बंराव नानकार विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बंराव नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 18.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बंराव नानकार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बंराव नानकार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बंराव नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **आदिल अहमद** | **अंकित कुमार** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत बंराव नानकार** | **ग्राम पंचायत बंराव नानकार** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

संक्षेप

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पसगवां खीरी। अज्ञात कारणों के चलते नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज में तालाब के सामने ठेका बाली गली में विवाहिता माधुरी देवी (22) पत्नी अरविंद ने शनिवार को शाम करीब 6 बजे अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।बताया जा रहा है की घटना के समय घर पर कोई नहीं था देर शाम परिजन जब घर आए तो उन्होंने माधुरी को फांसी के फंदे से लटका पाया जिसकी सूचना पति अरविंद ने मृतका के परिजनों को दी। जिनके आने से पहले और पुलिस को बिना सूचना दिए ही पति अरविंद ने शव को फंदे से उतार लिया और फिर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मृतका के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई मृतका के भाई अमर ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को मारकर फांसी पर लटकाया गया है, बताया जा रहा है कि मृतका माधुरी पसगवां क्षेत्र के ग्राम गणेशापुर की निवासिनी थी जिसकी शादी पिछले वर्ष 20 अप्रैल को हुई थी।पसगवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक मृतका का अंतिम संस्कार नहीं किया गया था।

## पॉलिथीन में मिला नवजात का शव

सीतापुर। मानवता को झकझोर देने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना हरगांव थाना क्षेत्र में सामने आई है। रविवार सुबह झरेखापुर चैराहे के करीब सीतापुर-लखीमपुर हाईवे किनारे एक अविकसित नवजात शिशु का शव पॉलिथीन में पड़ा मिला। दिल दहला देने वाली बात यह रही कि शव को कौवे नोंच रहे थे, जिसे देखकर राहगीरों के रोंगटे खड़े हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। झरेखापुर चैकी इंचार्ज राजेश कुमार सरोज के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना एक बार फिर समाज को सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर इंसानियत इतनी क्यों गिरती जा रही है।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण

सीतापुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए) सीतापुर के तत्वावधान में रविवार को खैराबाद क्षेत्र के माखूपुर स्थित श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर परिसर में आओ गांव चलें राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनोद कुमार त्रिपाठी, डॉ. शैफाली गोयल, डॉ. मोहम्मद हम्जा, डॉ. हारून, डॉ. रागिनी साहू और डॉ. प्रांजलि चौधरी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान लोगों को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करते हुए 14 वर्ष की बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही हीमोग्लोबिन और शुगर की जांच की गई। डॉ. श्याम सक्सेना ने नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए। शिविर में मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# लापरवाही पर वेतन रोका, ईओ को कड़ी फटकार



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नगर पालिका परिषद मिश्रिख और नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मचारियों के वेतन रोकने और अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देने के निर्देश दिए। डीएम ने सबसे पहले हैंडपंपों की स्थिति की समीक्षा की, जहां अभिलेखों में भारी कमी पाई गई। इस पर उन्होंने संबंधित पटल सहायक का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। पानी की टंकी की सफाई से जुड़े अभिलेख न मिलने पर अधिशासी अधिकारी (ईओ) को जमकर फटकार लगाई और सभी रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था भी जांच के दायरे में रही। पोलों की नंबरिंग न होने और अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर फिर से पटल सहायक पर कार्रवाई की गई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायतें दर्ज न होना सबसे गंभीर मामला माना गया। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों के वेतन रोकने और ईओ को सख्त चेतावनी दी कि शिकायतों का पंजीकरण और निस्तारण समयबद्ध किया जाए। सेवा पुस्तिकाओं में अवकाश अंकित न होने, निर्माण कार्यों की पत्रावलियों में कमी और वाहनों की लॉगबुक में ईओ के हस्ताक्षर न मिलने पर भी डीएम ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। ईओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने की बात भी कही गई। इसके अलावा, डीएम ने वंदन योजना के तहत बनी सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की और मानकों से समझौता न करने की सख्त हिदायत दी। डीएम ने साफ शब्दों में कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ काम करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई तय है।

## डीएम का हिंद मेडिकल कॉलेज में लापरवाही पर सख्त एक्शन, तीन सदस्यीय कमेटी गठित

सीतापुर। अटरिया स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज में मरीज के साथ कथित गंभीर लापरवाही के वायरल वीडियो ने प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एम.एल. गंगवार ने तत्काल प्रभाव से तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। जारी आदेश के अनुसार, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सिधौली सुश्री अंजलि सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया है, जबकि सीएचसी सिधौली के अधीक्षक डॉ. आनंद कुमार सिंह और जिला चिकित्सालय के सर्जन डॉ. अनूप कुमार को सदस्य नामित किया गया है। समिति को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह स्थलीय और अभिलेखीय जांच करते हुए मात्र एक कार्य दिवस में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तय है। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो यह तय करेगी कि मरीज के साथ हुई लापरवाही के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है और क्या कार्रवाई होगी।

### 24 घंटे में रिपोर्ट तलब

सीतापुर। परसेंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर विनोद कुमार पर नशे की हालत में मरीजों का इलाज करने के आरोप ने स्वास्थ्य विभाग को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद प्रशासन ने तत्काल सख्ती दिखाते हुए जांच समिति गठित कर दी है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एम.एल. गंगवार और तहसीलदार मनीष त्रिपाठी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति को एक कार्य दिवस के भीतर स्थलीय और अभिलेखीय जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

## थाना खीरी में पीस कमेटी की बैठक

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी परिसर में अम्बेडकर जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार, पिछले वर्ष कार्यक्रमों के आयोजक, कस्बे के जिम्मेदार लोग तथा सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे बैठक के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने कहा कि



थाना क्षेत्र में अधिक विवाद की स्थिति नहीं है, केवल कुछ स्थानों पर मामूली मतभेद हैं, जिन्हें सभी लोग आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों ने हमें संविधान दिया और लोकतांत्रिक अधिकार दिए, उन्हीं के बताए मार्ग और संविधान के दायरे में रहकर सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि डीजे को लेकर यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं, ताकि हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके।थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने समस्त गांवों से आए ग्राम प्रधानों, जिम्मेदार लोगों व आयोजकों से एक-एक कर पूछताछ की और पूछा कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है।

## रम्पा महल 7 दिन में खाली करने का अल्टीमेटम



सीतापुर। नगर पालिका परिषद सीतापुर ने नजूल भूमि पर बने चर्चित रम्पा महल प्रकरण में बड़ा फैसला सुनाते हुए कब्जाधारी मनोरमा शुक्ला की आपत्ति खारिज कर दी है। अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी निस्तारण आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नजूल भूखण्ड संख्या 33/4 एवं 33/6 पर उनका कब्जा पूरी तरह अनाधिकृत है और उन्हें 7 दिनों के भीतर स्वयं परिसर खाली करना होगा, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच के निर्देश के बाद सामने आया, जिसमें 13 जनवरी 2026 को दाखिल आपत्ति पर विचार कर निस्तारण करने को कहा गया था। जांच में पाया गया कि संबंधित भूमि का पट्टा 100 वर्ष का नहीं बल्कि लगभग 30 वर्ष का था, जिसकी अवधि कई दशक पहले ही समाप्त हो चुकी है। साथ ही वर्ष 2019 में जिलाधिकारी के आदेश से भूमि को पुनः राज्य सरकार के अधीन दर्ज कर लिया गया था। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि नजूल भूमि का न तो हस्तांतरण संभव है और न ही उत्तराधिकार के आधार पर उस पर दावा किया जा सकता है। इसके बावजूद परिसर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों, किराये और सिनेमा संचालन के लिए किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उक्त भूमि पर जनहित में ह्लसीतापुर कल्चरलध्हेरिटेज सेंटरह्व विकसित करने की योजना प्रस्तावित है। ऐसे में अतिक्रमण हटाना आवश्यक है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियमः सशक्त भारत की नयी दिशा



सीतापुर। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने प्रधानमंत्री को नारी शक्ति वंदन अधिनियम कूनन पास कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होने कहा इस कूनन से न केवल महिलाओं की राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी बल्कि पूरे विश्व में भारत देश भी आगे बढ़ेगा।

उन्हाने कहा कि भारत सदियों से नारी शक्ति का सम्मान करने वाली सभ्यता रहा है, फिर भी, आधुनिक राजनीति और निर्णय-निर्माण की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी लंबे समय तक सीमित रही। इसी असंतुलन को दूर करने और महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम बनकर सामने आया है। यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। इसका मुख्य उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करना है, ताकि वे न केवल नीति-निर्माण का हिस्सा बनें, बल्कि देश की दिशा तय करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। जब निर्णय लेने वाली जगहों पर महिलाओं की संख्या बढ़ेगी, तो समाज के हर वर्ग की आवाज अधिक संतुलित और संवेदनशील तरीके से सामने आएगी। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का लोहा मनवा रही हैं चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान, खेल, व्यापार या प्रशासन। लेकिन राजनीति में उनकी भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है। यह अधिनियम उस कमी को दूर करने का प्रयास है। यह महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं देता, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व का नया मंच भी प्रदान करता हैं। अब जब बेटियां देखेंगी कि महिलाएं संसद और विधानसभाओं में निर्णय ले रही हैं, तो उनके सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील भारत की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। यह नारी सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी दूरगामी सोच से नारी समाज आगे बढ़ेगा।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं रुका कब्जा

लखीमपुर खीरी। तहसील मितौली क्षेत्र के ग्राम लल्लहौआ में जमीनी विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। आरोप है कि दबंगों ने जेसीबी मशीन से किसान की भूमि पर खड़े पेड़ों को उखाड़कर गेहूं की फसल नष्ट कर दी और खेत से मिट्टी भी खुदवा ली। पीड़ितों ने मामले में जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लल्लहौआ निवासी अनिल राठौर व सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनकी गाटा संख्या 540/1.000 हेक्टेयर भूमि उनकी माता स्व. नन्हीं कली के नाम दर्ज थी, जिनके निधन के बाद वे वैध वारिस हैं। हाल ही में उन्होंने भूमि का सीमांकन भी कराया था। इसके बावजूद आरोप है कि विपक्षी ओमप्रकाश भार्गव, अध्यक्ष जिला पंचायत, मंजनू भार्गव व ग्राम प्रधान वीरेन्द्र यादव ने कथित रूप से राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जमीन पर कब्जे की नीयत से जेसीबी द्वारा 5 आम, 5 नीम व 20 यूकेलिप्टिस के पेड़ उखड़वा दिए। साथ ही खड़ी गेहूं की फसल को भी नष्ट कर दिया गया और करीब चार फीट तक मिट्टी खुदवा ली गई। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि उनके खेत के दोनों ओर चकमार्ग पटवाया जा रहा है, जबकि ग्राम सभा में अन्य कहीं ऐसा कार्य नहीं किया गया, जिससे दुरभिसंधि की आशंका जताई जा रही है। मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन लखीमपुर खीरी द्वारा अंतरिम आदेश जारी करते हुए प्रतिवादियों को विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध हस्तक्षेप न करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वादियों को 36 घंटे के भीतर नियमानुसार आदेश का अनुपालन करने को कहा गया है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए नष्ट किए गए पेड़ों, फसल और मिट्टी का उचित मुआवजा दिलाया जाए तथा उनकी भूमि को सीमांकन के आधार पर कब्जा मुक्त कराया जाए।

## खेत में मिला मजदूर का शव, परिजनों ने हत्या की जतायी आशंका

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के भुड़वारा गांव में शनिवार रात एक मजदूर का शव गन्ने के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय वंशीलाल पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वंशीलाल सुबह खेत पर काम करने गए थे और दोपहर में घर लौट आए थे। शाम को दोबारा खेत पर जाने के बाद वह वापस नहीं लौटे। देर होने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ तलाश शुरू की, जिस दौरान गन्ने के खेत में उनका शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव गांव ले आए और अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए दरवाजे पर शव रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि स्थानीय लोगों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन देर शाम तक अपनी मांग पर अड़े रहे। कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि मृतक लंबे समय से खेत पर काम कर रहा था और प्राथमिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। फोरेंसिक टीम से भी साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

## मिले यदि प्रेम का प्याला जहर भी जाम होता है...

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन काव्य प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। देश भर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, व्यंग्य, देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों के भाव प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण देर रात तक काव्यमय बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अवध प्रांत कमलेश मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आशुतोष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता, प्रधानाचार्य महेंद्र त्रिपाठी, भाजपा जिला मंत्री राकेश अर्कवंशी, राम संत, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपक पुरी, ग्रीन फील्ड स्कूल प्रबंधक आलोक मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत ही उसकी पहचान है और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को दोहराते हुए सभी से एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्ण ने मेला चैती को संस्कृति और परंपराओं का संगम बताते हुए सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कवि सम्मेलन में हैदरगढ़ के शिव किशोर तिवारी ह्यखंजनह्ण ने ह्यमिले यदि प्रेम का प्याला जैसी पंक्तियों से प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। लखनऊ की डॉ. सुफलता त्रिपाठी ने सामाजिक विसंगतियों पर कटाक्ष करते हुए प्रभावशाली प्रस्तुति दी। अलवर के विनीत चौहान ने देश की सीमाओं और वीरता पर आधारित रचना प्रस्तुत की, जबकि कानपुर के हेमंत पांडे ने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं को गुदगुदाया। गया (बिहार) की अल्पना आनंद ने राधा-कृष्ण के भावों को काव्य में पिरोया, प्रयागराज के अखिलेश द्विवेदी ने सकारात्मक सोच और खुशियां बांटने का संदेश दिया। उन्नाव के स्वयं श्रीवास्तव ने गजल के माध्यम से भावनात्मक प्रस्तुति दी, जबकि आशीष अनल ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचना सुनाई। झारखंड के नीलोत्पल मृणाल ने समकालीन विषयों पर आधारित अपनी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की विविध विधाओं में प्रस्तुत रचनाओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। पूरी रात चले इस आयोजन में काव्य प्रेमी डटे रहे और कार्यक्रम के समापन तक उत्साह बना रहा।

**चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी गायिका शिवानी सिंह का कार्यक्रम आज सायं सात बजे से।**



## मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज मनाया गया वार्षिकोत्सव



धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के चेतना मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही भव्य व उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं की शानदार झलक देखने को मिली, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गम्भीर कार्यक्रम के अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। दौरान अनुशासन और व्यवस्था की भी सराहना की गई। विद्यालय के शिक्षकगण श्रीकृष्ण, अशरफ अली, विजय कुमार मौर्य, विपिन मौर्य, रवि मौर्य, महेश शर्मा, रवि श्रीवास्तव, अभिषेक, वीरेंद्र सर्वेश कुमार, अंकित तिवारी, राम सिंह, पंकज, जितेन्द्र, रामू, मनीषा मौर्य, सुषमा, पूजा, ईशा निगम, नम्रता शुक्ला, पप्पी, शिवानी, सुभाषिनी आदि की सक्रिय सहभागिता रही। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया, वहीं विशिष्ट अतिथि ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया।

## पथ संचालन कर वसुधैव कुटुंबकम का जय घोष किया



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संघ के कार्यकताओं ने सहभागिता कर पथ संचलन करते हुए उनके विचारों का अनुसरण करने का संकल्प लेते हुए पथ संचलन किया गया है। संचालन लखन ने किया है। आयोजित कार्यक्रम को महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया नगर के प्रमुख मार्गों पर पथ संचालन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बैठक को सीतापुर के विभाग प्रचारक अभिषेक ने अपने उद्बोधन में डॉ भीमराव अंबेडकर और केशव राम बलिराम हेडगेवार को महान सपूत बताया जिला संघ चालक अमित भसीन ने वसुधैव कुटुंबकम और धर्मो रक्षति रक्षिता का विचार बताया जिला प्रचारक विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा जिन्होंने राष्ट्र के सामाजिक मूल्यों को एक सूत्र में पिरोकर हिंदू एकता, समरसता, संस्कार, संस्कृति और कर्तव्य बोध में जीने का मंत्र दिया है। आयोजन में शोभित, शिव प्रकाश, विनोद, रणधीर, पवन, धर्मेंद्र समेत तमाम संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी 17 बीघा गेहूं जलकर राख



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र के गांव छेड़ीपुर में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी के चलते गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे दो किसानों की करीब 17 बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव में स्थित 33 हजार वोल्ट की लाइन के पोल पर एक बंदर के बच्चे के तार छू लेने से करंट फैल गया और चिंगारी गिरने से खेत में आग लग गई। आग सबसे पहले यूनुस गाजी पुत्र युसूफ गाजी के खेत में लगी, जहां लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल खड़ी थी। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई।

आग की लपटें पास के खेत तक पहुंच गईं, जिससे शरीफ गाजी पुत्र पुत्तन गाजी के खेत में खड़ी करीब ढाई बीघा गेहूं की फसल भी आग की चपेट में आकर जल गई। खेतों में मौजूद किसानों ने जैसे ही धुआं और लपटें उठती देखीं, वे शोर मचाते हुए मौके की ओर दौड़े और चारों तरफ से घेरकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य फसलें बचाई जा सकीं। घटना की सूचना मिलते ही रेहरिया पुलिस चैकी इंचार्ज को अवगत कराया गया। मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल उमेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अभिषेक कुमार, कांस्टेबल शशि कपूर, कांस्टेबल करनवीर सिंह और कांस्टेबल शफद बेग ने स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से जानकारी ली।

## आरएसएस पथ संचलन का नगर में स्वागत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अम्बेडकर जयंती से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिले की ओर से नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए देशभक्ति और संगठनात्मक एकता का प्रदर्शन किया।

पथ संचलन जैसे ही सदर चौराहे पर पहुंचा, वहां नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। पथ संचलन को देखने के लिए मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियां और एकरूपता लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, नगर महामंत्री धीरज बाजपेई, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा सौरभ सैनी, प्रवीण गुप्ता, नगर मंत्री राजेश जोशी, कैलाश गुप्ता, सीमा वर्मा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, नगर कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुमित शाह, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, प्रदीप खतौलिया, मनोज बाथम, अन्नू दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेतों में लगी आग से 9 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के कोठावां गांव में रविवार को गेहूं के खेतों में अचानक लगी आग ने किसानों की मेहनत को पल भर में राख कर दिया। इस अग्निकांड में करीब नौ बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार, आग गांव के पश्चिम दिशा में स्थित खेतों में अज्ञात कारणों से लगी। उस समय चल रही तेज हवा ने आग को और भड़काने का काम किया, जिससे देखते ही देखते आग ने बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लियङ्ग घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 और दमकल विभाग को सूचित किया, लेकिन फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पहले ही भारी नुकसान हो चुका था। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में कोठावां गांव के किसान संजय सिंह की तीन बीघा और मंजेश पाल की छह बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। किसानों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

## पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग 3 साल का मासूम भी घायल

सीतापुर। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र के तुरनी गांव में रविवार देर रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां अज्ञात हमलावरों ने घर में सो रहे पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, तुरनी गांव निवासी सुनील कुमार मौर्य (30) अपने तीन वर्षीय बेटे अभय के साथ कमरे में चारपाई पर सो रहे थे, जबकि पास ही उनके ससुर रामलखन तख्त पर लेटे हुए थे। रात करीब तीन बजे पूरब दिशा की खिड़की से अचानक हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली के छर्रे सुनील के गर्दन, हाथ और पैर में लगे, जबकि मासूम अभय के पैर में गोली लगी। घटना को और भी संदिग्ध बनाता है कि वारदात से पहले घर की बिजली काट दी गई थी। सुनील के भाई किशोरी लाल के मुताबिक, सुबह जांच करने पर पांडे बाबा मंदिर के पास बिजली का केबल कटा मिला, जिससे यह हमला सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सदरपुर मुकेश वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी बिसवां भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

संक्षेप

## बारजा निकालने को लेकर विवाद में एक की मौत

आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के चक्कटक गांव में बारजा निकालने को लेकर हुए विवाद ने खून-खराबे का रूप ले लिया। शनिवार शाम चचेरे भाइयों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मोहन राम पुत्र पलटन राम का अपने पटीदारों से घर के बारजा निकालने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर शनिवार की शाम उसका अपने चचेरे भाई 36 साल के विजेंद्र राम पुत्र लौटन राम से झगड़ा हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान मोहन राम ने विजेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विजेंद्र को परिजन तत्काल स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी मोहन राम मौके से फरार हो गया, जिससे गांव में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेश कुमार पाण्डेय व थाना प्रभारी मेंहनगर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर नामजद अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी इसी बात को लेकर विवाद हो चुका था, जिसे उस समय सुलझा लिया गया था, लेकिन एक बार फिर विवाद उभरने पर यह घटना हो गई।

## आशा भोसले के निधन की खबर से जिले में शोक की लहर

लालगंज (मीरजापुर)। रविवार को स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले के निधन की खबर मिलते ही जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण अंचलों में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं व राजनीतिक सेवकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी स्मृतियां साझा कीं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके समय में फिल्मी गीत ही मनोरंजन का प्रमुख माध्यम थे। कस्बों के सिनेमा घरों और बाद में दूरदर्शन के जरिए उनके गीत घर-घर तक पहुंचे। उनके गीतों में जीवन के हर भाव की अभिव्यक्ति होती थी, जिससे लोग स्वयं को उनसे जुड़ा महसूस करते थे। लहंगपुर में सामाजिक कार्यकर्ता बालेंदु मणि त्रिपाठी (6ङ्क वर्ष) ने कहा कि हम लोगों ने अपनी युवावस्था उनके गीतों के साथ बिताई है। उनकी आवाज में ऐसी मिठास थी जो आज भी मन को छू जाती है। राजनीतिक सेवक शशि भूषण दुबे 60 वर्ष ने कहा कि सिनेमा में जब उनका गीत आता था, तो पूरा माहौल बदल जाता था। उनकी आवाज में अलग ही आकर्षण था। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा (69 वर्ष) ने बताया कि उनके गीत हर खुशी और हर दुख के अवसर पर सुने जाते थे।

# ठेका मजदूर यूनियन का सत्याग्रह अभियान चलाने का निर्णय



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। ओबरा तापीय परियोजना समेत सभी उद्योगों में 60 वर्ष की आयु में रिटायर किए जा रहे ठेका मजदूरों को ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधन को ग्रेच्युटी का तत्काल भुगतान करना चाहिए। यह मांग आज ओबरा कार्यालय पर ठेका मजदूर यूनियन की बैठक में उठी।

बैठक में ठेका मजदूरों की इस मांग और रोजगार, सामाजिक व जीवन सुरक्षा न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन के सवालों पर बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय हुआ। बैठक की अध्यक्षता ठेका मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष तीरथ राज यादव और संचालन संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद ने किया। बैठक में कहा गया की जनपद में उद्योगों का प्रबंध तंत्र व शासन-प्रशासन ठेका मजदूरों के साथ विधि के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहा है। ग्रेच्युटी एक्ट में विधिक अधिकार होने के बावजूद पूरी जिंदगी एक ही जगह काम करने वाले ठेका मजदूरों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी नहीं दी जा रही है। मजदूरों को महीने में मात्र 14 दिन काम देने की जबरन कारवाइयां हो रही है। हाईकोर्ट के आदेश और कारखाना अधिनियम के कानून के बाद भी मजदूरों को जीवन सुरक्षा उपकरण प्राप्त नहीं है। कानून का उल्लंघन करते हुए पिछले 10 सालों से प्रदेश में न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन नहीं किया गया। नए लेबर कोड में मजदूरों के कानूनी अधिकार भी छीन लिए गए है। इस स्थिति में कानून की राज की स्थापना के लिए यूनियन सत्याग्रह अभियान चलाएगी।

बैठक में भारत के की विदेश व व्यापार नीति तथा कृषि, ऊर्जा और खाद्यान्न संकट पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मजदूर प्रतिनिधियों के शामिल होने का निर्णय हुआ। कहा गया कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। अमेरिका खेमे से जुड़ने के कारण मित्र देशों से हमारे संबंध बेहद खराब हो गए। परिणाम स्वरुप हमें तेल, गैस और ऊर्जा के भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है। हमारे कृषि, छोटे-मझोले उद्योग, व्यापार व बाजार तबाह हो गए हैं। आम आदमी बेरोजगारी और महंगाई की मार झेल रहा है। ऐसे में यह राष्ट्रीय सम्मेलन अति महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तक्षेप है। जिसमें शामिल होने और सहयोग करने की अपील भी की गई। बैठक में आदित्य नारायण सिंह, अरविंद कुमार, खुर्शीद खान, जगन्नाथ मिश्रा, विनोद कुमार जायसवाल, रामविलास चैहान, नबी उल्लाह, रेखा देवी, दयाशंकर पांडे, रामाशीष यादव, अवधेश मौर्य, नूर मोहम्मद, मोहनलाल, केवल प्रसाद पाठक, निरहू राम आदि सैकड़ो मजदूर शामिल रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

दुद्धी,सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के डुमरडीहा गाँव में नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (छाउ), सेवाभारती एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीम राव आंबेडकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला सेवा प्रमुख डॉ. विनय कुमार के माध्यम से संपन्न हुआ। ज्योत्सना के सहयोग से आयोजित इस शिविर ने समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। शिविर में ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य जांच तथा दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित होकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाया। सभी कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव से सेवा करते हुए मानवता की सच्ची मिसाल पेश की। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया। इस प्रकार के प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का यह आयोजन एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। इस आयोजन को सफल बनाने में जय कुमार, कृष्णा देव एड., रामकेश, रितेश सोनी जितेंद्र एवं अर्पण सहित अन्य का योगदान रहा।

## मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार 4 लाख 20 हजार बरामद



जौनपुर। जिले के थाना मछलीशहर व पवारा की संयुक्त पुलिस द्वारा थाना मछलीशहर पर पंजीकृत डिग्गी से पैसा निकाले जाने से सम्बन्धित अभियोग का किया गया अनावरण करते हुए मुठभेड़ में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया इसमें एक के पैर में गोली लगी। उनके कब्जे से चार लाख 20 हजार नकद, तमंचा कारतूस मोटरसाइकिल बरामद किया। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम व थानाध्यक्ष पवारा कुँवरपुर के पास चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा पुलिस के रोकने पर पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर द्वारा जवाबी फायर में एक अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार दोबरे पुत्र हरनाम सिंह उर्फ सुमित नारायण ग्राम मिराय वाहरपुरा थाना भरथरा जनपद इटावा के दाहिने पैर में गोली लगने तथा दूसरे अभियुक्त गुड्डू उर्फ इकरार पुत्र रहीम बक्श निवासी डिबियापुर शास्त्री नगर थाना डिबियापुर जिला औरैय मोटर साइकिल वाहन से दब जाने पर चोट आयी है मौके से ही पकड़ लिया गया। ज्ञात हो कि सात अप्रैल को सुर्यमणि मिश्रा पुत्र शोभनाथ मिश्रा निवासी तियरा थाना बदलापुर द्वारा एसबीआई बैंक से पैसा निकालने के उपरांत घर जाते समय मुस्तफाबाद यूनियन बैंक के पास के पास रुककर चाय पीने लगे तभी दो अज्ञात व्यक्ति डिग्गी से पाँच लाख रुपये लेकर भाग गये थे। दोनो अभियुक्तों पर बड़ी संख्या में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

## गौहर महोत्सव में बच्चों ने दिखायी प्रतिभाएं



जौनपुर। जनपद के मड़ियाहूं क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय गौहर में ह्लगौहर महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने सरस्वती पूजन के साथ की। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, गीत, नाटक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बालवाटिका कक्ष का उद्घाटन बीएस ने किया। जिससे नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आकर्षक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण सुनिश्चित होगा। यह पहल प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा चैपाल के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा ने अभिभावकों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों के बीच संवाद स्थापित किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व, बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष चर्चा हुई। मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्र पुरस्कार वितरण के माध्यम से सम्मानित किया गया। संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक शिवम सिंह ने की।

# 55 रक्तदाताओं ने की मानवता की सेवा



- आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति के पहल का स्वागत, सीएमओ समेत समाजसेवी को किया गया सम्मानित

आजमगढ़। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा रविवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक भव्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस महाअभियान में युवाओं, महिलाओं एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नन्हकू राम वर्मा, डॉ. पूनम तिवारी, अशोक अग्रवाल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल एवं डॉ. अलका सिंह द्वारा रामदरबार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए इसे मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताया। समिति के अध्यक्ष अरविंद मोदनवाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अरविंद मोदनवाल ने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। समिति भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य करती रहेगी।

ब्लड बैंक के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, जिससे गंभीर मरीजों और दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता मिल पाती है। सीएमओ डॉ. नन्हकू राम वर्मा, डॉ. पूनम तिवारी, अशोक अग्रवाल एवं सुभाष पांडे सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को समिति द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, आशीष गुप्ता, शिखा पाण्डेय, चंदन सिंह, डॉ. अनूप, गौरव रघुवंशी, ऋषिकेश गुप्ता, डॉ. अनुतोष वत्सल, हिमांशु राज, मिथुन निषाद, संतोष गुप्ता, हरेंद्र मौर्या, आशीष यादव, सूरज निषाद, सागर सेठ, विकास वर्मा, गौतम बरनवाल, विमल निषाद एवं आकाशदीप सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुई गोल्डमेडलिस्ट इशिता



आजमगढ़। डीएवी पीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (48034) की छात्रा इशिता त्रिपाठी ने बी.ए. में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। मूल रूप से प्रयागराज की निवासी इशिता वर्तमान में आजमगढ़ के अराजीबाग में रहकर अध्ययन कर रही हैं। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति के हाथों प्रदान किया गया। इशिता के पिता विनोद कुमार त्रिपाठी हैं, जबकि उनकी माता स्वर्गीय डॉ. शैलजा त्रिपाठी थीं, जो श्री अग्रसेन महिला पीजी कालेज, में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। इशिता त्रिपाठी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उन्होंने अपने भविष्य के लक्ष्य को साझा करते हुए कहा कि वे ऐसे पद पर पहुंचना चाहती हैं, जहां से महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर सकें। इसके लिए वे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के साथ-साथ अपनी माता के पदचिह्नों पर चलते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहती हैं। अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. शिल्पा त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य छात्राओं को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने जानकारी दी कि इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 26 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है, जिससे इच्छुक छात्र-छात्राएं इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## अधिवक्ता राजीव सिंह हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

मीरजापुर। नगर के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी राजेन्द्र सोनकर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों टांगों पर चलते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बरौधा स्थित पीएसी गेट के पास पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताते चलें कि शनिवार सुबह तकरीबन 7 बजे मीरजापुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी गांव निवासी तथा प्रधान पति अधिवक्ता राजीव सिंह को नगर के कटरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कतवारु का पुरा सद्भावना नगर कालोनी में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई थी। जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद से ही पुलिस पर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और एनकाउंटर का दबाव बना हुआ था। अधिवक्ताओं से लेकर आमजनों में इस घटना को लेकर आक्रोश तो कटरा कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे थे। बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुठभेड़ में धर दबोचा है। फिलहाल, घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। बताते चलें कि कटरा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सद्भावनानगर में दिनदहाड़े राजीव उर्फ रिंकू सिंह 40 वर्ष, निवासी देवरी (विरोही) थाना विंध्याचल की गोली मार कर हत्या कर दिए जाने के बाद पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में 2 नामजद आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की थी। जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पांच टीमों का गठन भी कर दिया था। पुलिस के मुताबिक कटरा कोतवाली पुलिस राबर्टसगंज तिराहे पर द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस पार्टी द्वारा भी उसका पीछा किया गया, जो पीएसी गेट के आगे रोड़ पर पुलिस पार्टी पर जान मारने की नियत से फायर करने लगा। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी, जिसमें उस व्यक्ति के दोनों पैरों में गोली लगी है। जिसकी पहचान राजेन्द्र सोनकर पुत्र स्वर्गीय शोभा सोनकर निवासी देवरी (विरोही( थाना विन्ध्याचल, मीरजापुर के रुप में हुई है। अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के बाद भाग रहे दोनों बदमाशों में से पुलिस ने एक को जो मुख्य आरोपी हैं मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ है। ऐसे में जनमानस के बीच इसे लेकर जोरों पर चर्चा है कि क्या दूसरा आरोपी कहीं नगर में ही तो नहीं पनाह लिए हुए है। क्यों कि तड़के हुई हत्या की इस घटना के बाद सीसीटीवी कैमरे का वीडियो वायरल होने के बाद हत्यारोपी का ज्यादा दूर तक भाग पाना संभव नहीं था, सो इस बात की आशंका जताई जा रही है कि दूसरा आरोपी नगर क्षेत्र के ही किसी इलाके में छुपकर बैठा होगा। बहरहाल, घायल मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

## शिव भक्ति, सत्य और संयम ही जीवन का आधार

लालगंज, मीरजापुर। गंगहरा कला में चल रही शिव शक्ति महायज्ञ कथा का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन काशी धर्म पीठाधीश्वर स्वामी नारायण नंद तीर्थ महाराज ने शिव पुराण के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से कहा कि मनुष्य के जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव का स्मरण, सत्य का पालन और संयमित जीवन ही मनुष्य को सही दिशा देता है। उन्होंने कहा कि शिव पुराण में भक्ति को सबसे सरल मार्ग बताया गया है। जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान शिव का नाम लेता है। उसके मन के विकार धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। उन्होंने बताया कि अहंकार, लोभ और क्रोध मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि दया, क्षमा और सेवा का भाव उसे ऊंचाई देता है। कथा में उन्होंने लोक जीवन से जुड़े उदाहरण देते हुए कहा कि परिवार में आपसी सम्मान, प्रेम और सहयोग जरूरी है। स्त्री और पुरुष दोनों को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। माता-पिता का आदर और बच्चों को संस्कार देना ही परिवार को मजबूत बनाता है। बच्चों को सत्य बोलने, बड़ों का सम्मान करने और अनुशासन में रहने की सीख दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में शांति तभी बनी रह सकती है। जब लोग एक-दूसरे के प्रति सद्भाव रखें। दूसरों की सहायता करना और दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची भक्ति है। भगवान शिव ऐसे ही भाव से प्रसन्न होते हैं। समापन दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। लालगंज तहसील के हलिया और लालगंज विकासखंड सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मध्य प्रदेश, झारखंड और मिजार्पुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

# सेवा भारती के कई शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण



जौनपुर। मछली शहर के पांच प्रमुख स्थानो पर नंदलाल का पुरा, दुर्गा नगर, कृपाशंकर नगर, कजियाना, कुल्हाड़ा बदलापुर भालुवाही सेवा बस्ती) मुंगरा बादशाहपुर तीन स्थानों गुढ़ई नई बाजार, पकड़ी बालाजी मंदिर प्रांगण, आजाद नगर काली जी मंदिर प्रांगण, रामपुर (सहनपुर सेवा बस्ती), मीरगंज (पंगुलदास कुटिया), मड़ियाहू (चंडिका मंदिर प्रांगण) स्थानीय क्षेत्रों के सेवा बस्तियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जांच कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेसन, सेवा भारती जिला मछलीशहर एवं सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित किया गया था। जिलाध्यक्ष सेवा भारती जिला मछलीशहर डॉ आर बी चौहान, महामंत्री डॉ. विभव सिन्हा, कोषाध्यक्ष रंजीत, संजय सिंह राजकुमार, विष्णु, के नेतृत्व में इस कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर के दौरान, ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें मुफ्त दवाइयां और आवश्यक जांच सुविधाएं प्रदान की गईं। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

इस स्वास्थ्य शिविर में कई योग्य चिकित्सक उपस्थित रहे। इनमें जिला मछली शहर (काशी प्रांत) में डॉ. पुनम यादव, डॉ. विजय यादव, डॉ. एस.पी. यादव, डॉ. अनुज मौर्य, डा. योगेन्द्र यादव, डा. हरिश्चंद्र. डॉ. उत्तम त्रिपाठी, डॉ. विकास पाल, डॉ उनमेद प्रताप सिंह, डॉ. मोहम्मद इमरान, डॉ शशांक गुप्ता और डॉ मुकेश पाल, डॉ. राजेश चैहान, डॉ. अमृतलाल मौर्य शामिल थे। इन सभी डॉक्टरों ने मिलकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए जय प्रकाश तिवारी (जिला प्रचार प्रमुख सेवा भारती अरविंद जिला सेवा प्रमुख ने शिविर में आए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित डाक्टरों और उनकी टीम को विशेष धन्यवाद दिया, योगेश जायसवाल, शिव कुमार लल्ला, राजू माली, अनिल भूरे, सदाशिव, हरिओम, मदन राम प्रकाश, भास्कर, दीपक, सुभाष, जितेंद्र, राकेश रवि, अदिति, आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सिविल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान आज

दुद्धी, सोनभद्र। सिविल बार एसोसिएशन वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी के लिए सोमवार को मतदान होगा। एल्डर कमेटी चेयरमैन/मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को 3 पदों पर चुनाव होगा जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु दो-दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं। अध्यक्ष पद के लिए शिवशंकर प्रसाद एड तथा रामलोचन तिवारी एड के बीच सीधा मुकाबला होगा जबकि सचिव पद के लिए अंजनी सिंह एवं ज्ञानी सिंह के कड़े मुकाबले संभावना हैं। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु आदर्श कुमार और अभिनय जायसवाल के बीच सीधा मुकाबला होना हैं। बताया कि मतदान के लिए वही अधिवक्ता मतदाता पात्र होंगे जो सीओपी धारक हों। सहायक चुनाव अधिकारी मनोज मिश्रा, सुखसागर यादव, विनोद वर्मा व मोहर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 13 अप्रैल को मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया सम्पन्न होगी जिसमें 146 अधिवक्ता मतदाता मतदान करके अपना अध्यक्ष, सचिव और कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुनेंगे। सोमवार को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा, मतदान के आधे घंटे बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी और उसी दिन परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम ILTAF AHAMAD व पिता का नाम GULJAR अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न. K4483278 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश ILTAF AHMED व पिता का नाम GULZAR हो गया। जबकि प्रार्थी का सही नाम ILTAF AHAMAD व पिता का सही नाम GULJAR है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। **इल्ताफ अहमद पुत्र गुलजार निवासी फुलवारी डीहढग्गूपुर पो. - डीहढग्गूपुर थाना-गोसाईगंज (228125) जनपद-सुलतानपुर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-11.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- मलिकपुर, विकास खण्ड- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर मे राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 13.04.2026 से दिनांक-17.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मलिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 17.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सब्बू के घर से इस्तियाक के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.20 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | इंटरलाकिंग से गोबिंद महेंद्र के घर होते हुए अजय वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.30 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- मलिकपुर, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**


# चौपाल में बीडीओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

जौनपुर। ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले शनिवार को विकास भवन परिसर में क्षेत्रीय कर्मचारी समस्या सुनवाई चौपाल दिवस का आयोजन किया गया।

जनपद में प्रथम बार आयोजित कर्मचारी चैपाल में समस्त विकास खण्डों के क्षेत्रीय ग्राम सचिवों एवं सहायक विकास अधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर शासन प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही विसंगतियों एवं व्यक्तिगत विभागीय समस्याओं को मुखर रूप से उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के अध्यक्ष डॉ0 प्रदीप सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोशियसन के जिलाध्यक्ष डॉ0 फूलचन्द कनौजिया ने संयुक्त रूप से किया। क्षेत्रीय कर्मचारी चौपाल में सर्वप्रथम विभिन्न विकास खण्डों से आये हुये ग्राम सचिवों एवं सहायक विकास अधिकारियों ने वर्तमान में उनसे कराये जा रहे गैर विभागीय कार्यो जैसे- फार्मर रजिस्ट्री, पीएम सूर्यघर योजना, फेमिली आई0डी0, आयुष्मान कार्ड, ग्रामीण आजीविका मिशन में अव्यवहारिक लक्ष्य का निर्धारण, निराश्रित गौशालाओं में कृषि, सिचांई, राजस्व, गृह, पशुधन आदि विभागों का कार्य निर्धारण न्यूनतम करते हुए समस्त जिम्मेदारियों के लिए सिर्फ ग्राम सचिव को उत्तरदायी ठहराने की बढ़ती प्रवृत्ति आदि पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गयी तथा ग्राम पंचायतों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं सेवा सम्बन्धी प्रकरणों पर लिखित एवं मौखिक रूप से उनके निराकरण हेतु उपस्थित पदाधिकारियों को अपना प्रत्यावेदन दिया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि दूसरे विभागों के कार्य करने एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन वीडियों कॉन्फ्रेसिंग एवं विकास खण्डों पर बैठक बुलाने से मूल विभागीय कार्य, कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत पारिवारिक एवं विभागीय हित भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि जनपद में ग्राम पंचायतों के क्लस्टर का आवंटन मनमाने ढंग से किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में कार्य का संतुलन और असमानता बढ़ रही है। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि त्यौहार और रविवार जैसे अवकाश के दिनों में भी उनसे कार्य कराया जा रहा है जो उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, वि0ख0 बक्शा के खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल द्वारा ग्राम सचिव से बैठक में दुर्व्यवहार करने की सूचना सदन में दिये जाने पर उनके विरूद्ध सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 प्रदीप सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## श्री सीताराम जी का सुनाया विवाह प्रसंग



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज के बरैला महादेव मंदिर प्रांगण में सातवें वर्ष आयोजित श्री अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा प्रवचन में सातवें दिन जौनपुर उत्तर प्रदेश से पधारे पंडित श्री प्रकाश चंद्र विद्यार्थी जी के द्वारा श्री सीताराम जी का विवाह प्रसंग सुनते हुए व्यास जी ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी। द्रबहु सुदसरथ अजर बिहारी।। अर्थात जो भी मनुष्य श्री सीताराम विवाह प्रसंग सुनता है उसके जीवन में मंगल होता है करहूं सदा शंकर पद पूजा।

नारी धर्म पतिदेव न दूजा।। हर नारी का प्रथम धर्म है पति की सेवा हर नारी को करना चाहिए इसीलिए सनातन धर्म में देवियों का महत्व सबसे ज्यादा है। महादेव का अभिषेक पूजन गर्ग आयरन स्टोर के मालिक विनोद गर्ग, मदन मिश्रा, सौरभ अग्रवाल पति पत्नी ने मिलकर भव्य श्रृंगार पूजन किया। एकादश वैदिक विद्वानों के द्वारा वेद मंत्रों की ध्वनि से क्षेत्र गूंजयमान हो उठा। इस अवसर पर जयप्रकाश पांडेय उर्फ चेखूर पांडे, डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव, सत्यम पांडे, प्रभाकर श्रीवास्तव, इंजीनियर अखिलेश चतुवेर्दी, जितेंद्र त्रिपाठी, अमित शुक्ला, संदीप सिंह, लक्ष्मी सिंह, प्रिया मिश्रा, पार्वती मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## बुद्ध जयंती एक मई को, समारोह की सफलता के लिए बांटी गई जिम्मेदारी

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ में एक मई को बुद्ध की त्रिविध पावनी 2570 वीं जयंती समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर म्यांमार बुद्ध विहार के धम्म हाल में बैठक सम्पन्न हुई रविवार को हुई बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत गुरु भदंत ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता करते हुए बर्मी मोनेस्ट्री के प्रमुख भिक्षु नंदका, भिक्षु संघ के सचिव डॉ नन्द रतन, भिक्षु अशोक ने बुद्ध जयंती समारोह कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। 30 अप्रैल 2026 को साँय 4 बजे महापरिनिर्वाण मन्दिर में विशेष पूजा तथा 1 मई को सुबह प्रातः 5 बजे प्रातः फेरी, 6 से 7 बजे मुख्य मंदिर बुद्ध-वन्दना, सुबह 7 से 7:30 बजे जलदान, 8 बजे रथ यात्रा का शुभारंभ, 11 से 12 बजे भोजनदान, 12 से 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर बाद 1 से 4 बजे तक धम्म सभा एवं प्रवचन, साँय 5:30 से आठ बजे से तक संस्कृति कार्यक्रम होगा।

इस दौरान भंते उपाली, भंते गहपति, भिक्षु राजेंद्र, भिक्षु शील वंसा, राम नगीना, ओम प्रकाश यादव, फूल बदन, सुरेश यादव, पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ प्राण रंजन, डॉ राज कुमार, चौकी इंचार्ज कुशीनगर, पर्यटन पुलिस इत्यादि उपस्थित रहे।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभाला: अधिकारियों संग की बैठक

**देवरिया।** जनपद में नवागत पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा आज अपना कार्यभार ग्रहण किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की तथा जनपद की कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व जनपद अम्बेडकरनगर, औरैया पुलिस अधीक्षक एवं कमिश्नरेट लखनऊ में पुलिस उपायुक्त के पद तैनात रहे हैं।

# भाजपाइयों ने किया वार्डों का भ्रमण गिनायीं सरकार की उपलब्धियां

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया नगर द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के तहत वार्ड चलो अभियान के क्रम में महाराणा प्रताप शक्ति केंद्र, रामगुलाम टोला में आम जनता से उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को पत्र के माध्यम से बताया। नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि देवरिया सदर के लोकप्रिय विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, तथा गोविंद चौरसिया रहे। अतिथियों ने कार्यकताओं के साथ वार्डों में पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क किया तथा उन्हें माला और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर सम्मान किया।

अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगुलाम टोला में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान



केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित सैकड़ों लाभार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी प्रतिक्रियाएं जानी गईं।

साथ ही अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए आमजन से अपील की गई कि वे अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही भाजपा सरकार पर अपना विश्वास बनाए रखें। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने वादों को पूरी ईमानदारी के साथ पूरा किया है और आगे भी करते रहेंगे। जनता ने भाजपा सरकार पर अपना विश्वास जताया है और हम इस विश्वास को बनाए रखने का काम कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का समान विकास हुआ है किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने कहा कि सरकार के विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ जनता को समान रूप से मिल रहा है। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अटल बरनवाल, संजय पांडे, राजन पांडे, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, दीपू यादव, अनूप शर्मा, सुशील सिंह, संतोष गुप्ता, दंगल सिंह, विजय बेलदार, श्रीराम प्रजापति, मुन्ना राय, गौरव सिंह, चंदन तिवारी, पिंटू तिवारी, रोहन गुप्ता, अरुण सिंह छोटू, जितेंद्र जायसवाल, बाबिता थापा, जितेंद्र वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे, इसी क्रम में देवरिया नगर के आचार्य रामचंद्र शुक्ल शक्ति केंद्र एवं स्वामी दयानंद शक्ति केंद्र में डॉ अजय मणि त्रिपाठी, अभय नाथ त्रिपाठी एवं सुधीर मद्धेशिया के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई, इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष रविंद्र राव, बजरंगी मणि, शक्ति केंद्र संयोजक जयराम तिवारी, राजेश द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह, शीतल गुप्ता, अजय शुक्ला सभासद रमेश मल्ल, दीपक श्रीवास्तव, हरेंद्र पाल नीरज बाजपेई, राजीव पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पहचान में जुट गई परंतु काफी मशक्कत के बावजूद महिला की कोई पहचान नहीं हो सकी। महिला की उम्र लगभग 24 वर्ष की बताई गयी, जिसकी पहनावे से मुस्लिम समुदाय से प्रतीत हो रही थी। वह बुर्का पहने हुए थी और पैर तथा गले मे काला धागा बंधा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन तीव्र गति के अयोध्या से अकबरपुर की तरफ जा रही थी। इसकी स्टापेज गोसाईंगंज स्टेशन पर नही है।

वह जैसे ही गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची कि तभी महिला ट्रेन के चपेट में आई गई और ट्रेन महिला को दो टुकड़ों में चीरती हुई आगे बढ़ गई। जीआरपी प्रभारी दुर्गा प्रसाद यादव ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नही हो पा रहा है कि महिला ने आत्महत्या किया है या ट्रेन से गिरी है।,

## व्यापारी का उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों को भिजवायेंगे जेल : संदीप बंसल




इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्वमंत्री संदीप बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था आज तक की सभी सरकारों में सर्वश्रेष्ठ है। आज किसी व्यापारी को किसी गुंडे बदमाश माफिया से डर नहीं है। कोई चैथ वसूली नहीं होती है। अब उद्योग और व्यापार के विकास में कोई बाधा भी नहीं है। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से निवेश मित्र एक ऐसा ऐप है जिसमें किसी भी समस्या का समाधान तत्काल प्राप्त होता है। इसके अलावा उद्योग बंधु, व्यापार बंधु की बैठकें नियमित हो रही हैं। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ लगातार सक्रिय ढंग से काम कर रहा है। अंग्रेजों के जमाने के कानून अब समाप्त कराने की बारी है। चाहे वो बांट माप के हों, सैंपलिंग के हों या अनावश्यक सर्वे छापे के हो इन सब पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अपना मांग पत्र मुख्यमंत्री को देगा। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने बताया कि प्रदेश से आने वाले पदाधिकारियों में सीतापुर से वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन, रायबरेली से युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, लखनऊ से महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, बाराबंकी से प्रदेश महामंत्री संगठन अनुपम अग्रवाल प्रदेश मंत्री सुल्तानपुर से हिमांशु मालवीय बदायूं से सतपाल गुप्ता, कन्नौज से अनिल गुप्ता, मेरठ से कुलदीप गुप्ता, बागपत से भूपेश बब्बर, सोनभद्र से धीरेंद्र जायसवाल, चंदौली से राकेश शर्मा, रायबरेली बछरावां से ओमिक सोनी, लखनऊ से अनुज गौतम शुभम मौर्या, संजय ने निधि अग्रवाल औरैया से सुधीर पोरवार, प्रयागराज से अनिमेश अग्रवाल, शाहजहांपुर से गोल्डी सिंह, नरेन्द्र शुक्ला, देवेश गुप्ता, फिरोजाबाद से घनश्याम गुप्ता, संभल से प्रेम ग्रोवर शाहआलम मंसूरी जनपद बस्ती से राधेश्याम कमला पुरी जनपद फरुर्खाबाद से उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा सहित सैकड़ों व्यापारी नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, डॉ. हरिशंकर पटेल, नगर प्रभारी संजय वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष संतोष वर्मा, लल्लू वारसी, युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कुशवाहा, युवामहामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह, जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद, महिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, मुख्य संरक्षक बबलू महिंद्रा प्रदीप तिवारी, शुशीला राजावत, वर्षा दुबे, अंजू यादव, यामीन रिंकू चैधरी, वसीम राईन, सिम्मी खान, प्रिंस राठौर, आकाश वर्मा, अशोक कुशवाह सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# रक्त की हर बूंद बनी जीवनदान, रोटरी क्लब के शिविर में 47 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में रविवार को कसया स्थित पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह में ह्लस्वैच्छिक रक्तदान शिविरह्व में 51 पंजीकृत में 47 रक्तवीरों ने अपने रक्त का दान मानवता का संदेश दिया।

रविवार को शिविर का उद्घाटन करते हुए सह संरक्षक वाहिद अली ने कहा कि रक्तदान एक अत्यंत पुनीत कार्य है, जिससे न केवल किसी जरूरतमंद को जीवन मिलता है, बल्कि दानकर्ता का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है और क्लब समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। शिविर संयोजक राजीव तिवारी ने लोगों से रक्तदान की अपील की। ताकि लोगों की जिंदगियों को बचाया जा




सके। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुशील कुमार, आनंद जायसवाल, शिवम खरवार, हदीस मंसूरी, ओम प्रकाश, नारायण महतो, सूरज गुप्ता, मनीष सिंह, सत्येंद्र तिवारी, रिंकू, शालिग्राम शुक्ला, कामोद पाण्डेय, वाहिद अली, राजेश जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, गौतम पटेल, भैरव सिंह, प्रदीप जायसवाल, विनीता तिवारी, सुधांशु तिवारी ने रक्तदान किया। आयोजक राजीव तिवारी के नेतृत्व में रक्त संग्रहण का कार्य कुशीनगर ब्लड बैंक की टीम ने शामिल शोभा राय, मनीष, अनुराधा, प्रतिमा गुप्ता, सुजीत गुप्ता, आलोक सिंह, इरफान अली एवं अभिमन्यु तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, सह कोषाध्यक्ष अमरेन्द्र नारायण सिंह, निदेशक महेंद्र तिवारी, निदेशक सुनील सिंह, अश्विनी जायसवाल, आनन्द जायसवाल, रक्तदान संयोजक राजीव तिवारी, अखिलेश शर्मा, मनीष सिंह एवं वरुण यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा सबका मन

**कसया, कुशीनगर।** नपाप कुशीनगर के वार्ड नंबर 8 पं राजमंगल पांडेय नगर स्थित मैत्रेय बुद्धा पब्लिक स्कूल पिपरामें आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग मनोहारी सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रविवार की शाम को आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ लाफिंग बुद्धा की प्रतिमा और माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि नपा कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल और सभासद गणों ने विद्यालय और कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त मेधावियों को स्मृति चिन्ह, मेडल, उपहार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में नपा अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि शिक्षा नैतिक, संस्कारिक और अनुशासित होनी चाहिए। जिससे बच्चों में चारित्रिक विकास के साथ भविष्य का नागरिक बनने की क्षमता विकसित होती है। पूर्व छात्र नेता अशोक कुमार सिंह, सभासद विनय कुमार राव, राजेश मद्धेशिया, अजेंद्र कुमार सिंह, केशव सिंह, ब मुन्ना शर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, मनीष मिश्रा, पवन जायसवाल, राम दरश चौहान आदि ने कक्षा आठ के बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक और विद्यालय के सभासद प्रभुनाथ सिंह और श्रीमती संगीता सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी का आभार प्रधानाचार्य रविन्द्र शर्मा ने व्यक्त किए। संचालन शिक्षक अशोक कुशवाहा ने किया। इस दौरान शिक्षक विनय कुशवाहा, पिंटू वर्मा, चन्दन गोड, शिक्षिका सरिता शर्मा, शशिबाला त्रिपाठी, प्रिया गौड आदि उपस्थित रहे।

## सीओ ने बलरई थाने का निरीक्षण किया




जसवंतनगर, इटावा। रविवार दोपहर सीओ आयुषी सिंह ने थाना बलरई का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एफआईआर रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, फीडबैक रजिस्टर, रजिस्टर नंबर-4 व 8, ग्राम अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की गहन जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महिला संबंधित मामलों को लेकर सीओ ने विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि काउंसलिंग कार्य संवेदनशीलता व प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। मिशन शक्ति से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। थाने में गंदगी और लंबित विवेचनाओं की स्थिति देखकर सीओ ने नाराजगी जताई और संबंधित उपनिरीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सभी लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-साक्ष्य और ई-समन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया। सीओ ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और समय पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही को पुलिस की प्राथमिकता बताते हुए कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए।

# यूजीसी मुद्दे पर विरोध की हुंकार, उमड़ा सवर्ण समाज का जनसैलाब

**देवरिया।** यूजीसी से जुड़े विवादित मुद्दों को लेकर रविवार को बैतालपुर की धरती पर सवर्ण समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आयोजित जन आक्रोश रैली और सभा में हजारों लोगों की भागीदारी ने इसे एक बड़े जन आंदोलन का रूप दे दिया। गांव-गांव से पहुंचे लोगों का हुजूम इस बात का संकेत था कि मुद्दा अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं, बल्कि जनभावना का रूप ले चुका है।

सुबह से ही लोग गावों से निकलकर झंडा-बैनर और तख्तियां लेकर लाला करमचंद थापर इंटर कॉलेज के प्रांगण में जुटने लगे। रैली जैसे ही गांवों से निकली, मुख्य मार्गों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। ह्लशिक्षा बचाओ–भविष्य बचाओह्व और ह्लछात्र-युवा एकता जिंदाबादह्व जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली अनुशासित रही, जिससे आयोजकों की तैयारी भी स्पष्ट नजर आई।

सभा को संबोधित करते हुए यूजीसी संघर्ष समिति के संयोजक




राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि यूजीसी की नीतियां शिक्षा की गुणवत्ता और समान अवसर दोनों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। यह केवल नीति का सवाल नहीं, बल्कि देश के भविष्य का प्रश्न है। भरत मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार का संकट हर वर्ग को प्रभावित कर रहा है, इसलिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। यह लड़ाई समान अवसर और न्याय की है। मुकेश राव ने रैली के शांतिपूर्ण आयोजन को लोकतांत्रिक परंपरा की मिसाल बताया। उन्होंने प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विरोध दर्ज कराने का यह तरीका लोकतंत्र की ताकत को दशार्ता है। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार जनता की भावनाओं को समझेगी। अमूल्य रत्न मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर भी जोर पकड़ सकता है। समिति के कमलेश मणि त्रिपाठी ने भारी भीड़ को जनसमर्थन का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह रैली सरकार तक एक स्पष्ट संदेश है कि लोग अब चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने बुद्धिजीवियों, छात्रों और आम नागरिकों का आभार जताते हुए आगे भी इसी एकजुटता को बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह केवल शुरूआत है। बैतालपुर की धरती से उठी यह आवाज अब दूर तक जाएगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम प्रकाश संचालन सभासद अजय पांडेय ने किया इस अवसर पर अवनेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अनील मिश्रा, पार्षद संजय चौरसिया, रवि प्रकाश, मिश्रा ऊर्फ छोटे, गिरिजेश मिश्रा, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, विनोद सिंह, सुनील सिंह, एडवोकेट धनेश चंद श्रीवास्तव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, मदन शाही, उदय चंद्र बरनवाल, जय लाल बरनवाल, नीरज बरनवाल, राधेश्याम जयसवाल, सनातन पांडेय उर्फ डब्बूआदि उपस्थित रहे।

# तालाब संरक्षण योजना से शहर को नई पहचान

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ह्लतालाब झील पोखर संरक्षण योजनाह्व के तहत फतेहपुर के नगरीय क्षेत्र में जल संरक्षण और नागरिक कल्याण को नया आयाम मिल रहा है। इस योजना के माध्यम से नगर पालिका परिषद, फतेहपुर और नगर पंचायत खागा के विभिन्न तालाबों का जीर्णोद्धार, सफाई और सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि आम नागरिकों को एक स्वास्थ्यवर्धक और आकर्षक वातावरण भी उपलब्ध होगा। योजना के तहत क्या-क्या कार्य हो रहे हैंयोजना के दायरे में फतेहपुर के नगरीय क्षेत्र के तालाबों को हरित और सुव्यवस्थित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख उपायों में जल संरक्षण, इण्टरलॉकिंग पाथवे का निर्माण, पौधारोपण से हरियाली बढ़ाना, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच, डस्टबिन लगाना, साइनेज बोर्ड, चारों ओर चेनलिंक फेंसिंग, सन्देश पेटिंग और गेट आदि की व्यवस्था शामिल है। इन निमार्णों से तालाबों के आस-पास के क्षेत्र मेंकूड़ा-कचरा रोकने, यातायात नियंत्रित रखने और टहलने के लिए आकर्षक पर्यावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। फतेहपुर के तीन प्रमुख तालाबों का जल संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य पूर्ण हुआ है। इनमें नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के ताम्बेश्वर मंदिर के पीछे वाला तालाब लगभग 0.3360 हेक्टेयर, गोपाल नगर, जी.टी. रोड, शनिदेव मंदिर के सामने वाला तालाब लगभग 0.2665 हेक्टेयर ) और नगर पंचायत खागा के रामनगर में गिरजा देवीमहाविद्यालय के पास का तालाब लगभग 1.2150 हेक्टेयर शामिल हैं।

## करण सिंह की पुण्यतिथि पर साहित्यकारों को किया सम्मानित




इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था युगांतर ने अनोखी पहल कर क्षेत्र के वरिष्ठ कवि करण सिंह शैवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर इटावा, भरथना, औरैया, मैनपुरी, भोगांव, फरुर्खाबाद व फिरोजाबाद से 23 प्रसिद्ध साहित्यकारों को सम्मानित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। कार्यक्रम का आगाज जसवंतनगर के प्रभु मैरिज होम में आयोजित उक्त सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अशोक यादव, नरेंद्र वर्मा, अनिल दीक्षित, प्रेमबाबू प्रेम, सौरभ वर्मा, संजीव वर्मा, सुरेंद्र वर्मा तथा उमेश नारायण चैधरी आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। साहित्यकारों को शाल उड़ाकर, प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि देकर मुख्य अतिथि अशोक यादव, नरेंद्र वर्मा, अनिल दीक्षित, सौरभ वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, आदि लोगों ने साहित्यकारों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले साहित्यकारों मेंप्रेम चंद्र शाक्य ,संतोष कुमार दुबे, विजय सिंह पाल, श्रीचंद वर्मा, बाबूराम यादव, अनुराग मिश्रा असफल, कुश चतुवेर्दी, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, अनिरुद्ध त्रिपाठी, मुरारी लाल शर्मा, डॉ राजीव यादव राज, डॉ शिव ओम अंबर, गीता चतुवेर्दी, दीन मोहम्मद दीन, अशोक यादव, अजय अंजाम, अनिल दीक्षित, डॉ पदम सिंह यादव, रोहित चैधरी, डॉ हरिशचंद्र शाक्य, डॉ. रामस्नेही शर्मा, डॉ. विद्याकांत तिवारी, कमलेश शर्मा रहे। वरिष्ठ कवि करण सिंह शैवाल के पुत्र सौरभ वर्मा ने उनकी जीवनबाद पर एक प्रकाश डालते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में नरेंद्र वर्मा उमेश न उमेश नारायण चैधरी बटेश्वरी प्रजापति आदि लोगों ने भी कई शैवाल को याद कर अपने उद्गार व्यक्त किये।

## एनसीईआरटी किताबों की मांग पर छात्रा को स्कूल आने से रोका

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम धर्मखोर बाबू निवासी माहेश्वर तिवारी पुत्र हरिहर तिवारी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नगर के एक निजी विद्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है कि विद्यालय में एनसीईआरटी की किताबें लागू करवाने के लिए पूर्व में आवेदन दिया था, जिसे जिलाधिकारी द्वारा जांच हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास भेजा गया था।

अभिभावक का आरोप है कि मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही की गयी। जिसके बाद स्कूल के प्रबन्धन द्वारा मेरी पुत्री को प्रतिदिन विद्यालय आने से मना किया जाने लगा।

उन्होंने बताया कि शनिवार को स्थिति और गंभीर हो गई, जब स्कूल वैन के चालक को निर्देश देकर उनकी पुत्री को बीच रास्ते में ही वैन से उतरवा दिया गया और विद्यालय आने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया।


अभिभावक ने इसे शिक्षा का अधिकार (फ्छ्ए) का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# जोगिया जनूबी पट्टी में लोकरंग महोत्सव का भव्य आगाज

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के जोगिया जनूबी पट्टी गांव में भारतीय लोक जीवन की जीवंतता और सांस्कृतिक विविधता के प्रतीक 19वें लोकरंग महोत्सव

### लोक संस्कृति की विविध छटा से सजी संध्या

2026 का भव्य शुभारंभ लोकरंग पत्रिका 2026 के लोकार्पण के साथ हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं हरियाणा पत्रिका के संपादक प्रोफेसर सुभाष चन्द्र सैनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 19 वर्षों से इस प्रकार के आयोजन का निरंतर होना आयोजकों के समर्पण और जुनून का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह मंच लोक कलाओं को ऊर्जा देने के साथ-साथ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम है। साथ ही उन्होंने भोजपुरी




और अन्य लोककलाओं में बढ़ते फूहड़पन पर चिंता जताते हुए उन्हें मूल परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसके बाद अतिथियों द्वारा लोकरंग पत्रिका 2026 का लोकार्पण कर महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांव की महिलाओं मतिरानी देवी, सुशीला, चानमति, रुकसाना, ज्ञांति और सुभागी द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक रोपनी-सोहनी गायन से हुई। जो अब विलुप्ति के कगार पर है।

बनारस से आए कलाकार दुर्गेश उपाध्याय एवं उनके साथियों ने गणेश वंदना, यात्रा गीत और पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद बुंदेली सम्राट लोक कला संस्थान, बिरधा ,ललितपुर की टीम ने जीतेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुंदेली गायन और सैरा नृत्य प्रस्तुत कर लोक कला की जीवंत झलक पेश की। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से आई कहानीबाज थिएटर सोसायटी के कलाकारों ने सुआ, करमा, ददरिया, पंथी और राउत नाचा जैसे लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति से रूबरू कराया। वहीं, त्रिपुरा के अगरतल्ला से आई खुम्पुई कल्चरल एकेडमी द्वारा प्रस्तुत होजागिरी नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसके साथ ही बुंदेली लोक कला संस्थान ललितपुर की टीम द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में कहानीबाज सोसायटी एवं जुड़ी नाट्य संस्था रायगढ़ की टीम ने निर्देशक मोहन सागर के निर्देशन में नाटक ₹उल्लू पंचायत₹ का मंचन किया। यह व्यंग्य नाटक समाज को आईना दिखाते हुए पंचों के स्वार्थ और अन्यायपूर्ण निर्णयों को उजागर करता है। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन रीवा विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुशवाहा ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र कुशवाहा ने महोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन है।


जिसमें विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम से पूर्व गांव पहुंचे कलाकारों का पारंपरिक तरीके से तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. केपी कुशवाहा, डॉ. किरण कुशवाहा, आशा कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस महोत्सव के सफल आयोजन में विष्णुदेव राय, इजरायल अंसारी, भुनेश्वर राय, हदीश अंसारी, सिकन्दर गोंड, मंजूर अली, अनुभव राय, हबीब अंसारी और योगेन्द्र कुमार सहित अनेक लोगों का विशेष योगदान रहा।

## अवैध खनन, परिवहन बिना प्रपत्र वाहनों पर शिकंजा

इटावा। दो थाना क्षेत्रों में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में इटावा पुलिस एवं प्रशासन ने अवैध खनन, ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट और अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। डीएम एसएसपी के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में वैदपुरा और बढ़पुरा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कई वाहनों को सीज किया और लाखों रुपये का जुमार्ना वसूला यह अभियान बीते कई दिनों से चल रहा है। बीती रात और रविवार सुबह थाना वैदपुरा पुलिस ने खनन विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर वैदपुरा चैराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में शामिल लोगों और बिना वैध कागजात के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं थाना बढ़पुरा पुलिस ने चंबल ब्रिज पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान करीब 200 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 60 वाहनों को सीज या चालान किया गया। इसके साथ ही 1 लाख 30 हजार 500 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया।

## इस्लाम जुल्म का नहीं हमदर्दी और इंसानियत का नाम है: मौलाना गुलाम हुसैन



इटावा। ईरान के शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई, मीनाब स्कूल पर अमरीका व इसराईल द्वारा बम्बारी में शहीद हुऐ लगभग 170 मासूम बच्चों की शहादत, गांधी अस्पताल ईरान के मारे गये शहीदों की याद में नोजवानाने अली अकबर व अली साबिर की ओर से बड़ा इमाम बाड़ा पक्की सराय इटावा में मजलिस का आयोजन किया गया। मजालिसों में तकरीर करते हुए ईरानी कल्चर हाउस नई दिल्ली से आये मौलाना सैयद गुलाम हुसैन रिजवी ने कहा कि इमाम हुसैन एक फिक्र का नाम है। यही फिक्र ईरान में शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई में थी उन्होंने शहादत कुबूल कर ली लेकिन जालिम के आगे झुकना गवारा नही किया। दुनिया मे जंग के जो हालात हैं वह सब ने देखे कौन जीता कौन हारा यह पूरी दुनिया जानती है। जिस तरह इमाम हुसैन कर्बला में शहादत के बाद अमर हो गए उसी तरह एहलेबैत के रास्ते पर चलकर आयतुल्लाह खामेनई को शहादत के बाद कयामत तक याद किया जाएगा। मौलाना गुलाम हुसैन ने कहा आयतुल्लाह खामेनई की शहादत के बाद शिया सुन्नी का एक प्लेटफार्म पर आना ही ईरान की जीत है।

## भारत-बांग्लादेश संबंध

बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस सप्ताह नये प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर के साथ भारत का दौरा किया। उम्मीद है कि इस दौरे से ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाली नयी सरकार और भारत सरकार के बीच संबंधों में सुधार होगा। विदेश मंत्री के रूप में रहमान का यह पहला विदेश दौरा नहीं है। पिछले महीने वह इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईएस) की बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे, जहां उन्होंने पाकिस्तान सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। खबरों के अनुसार, भारत में हुई उनकी बैठक में बांग्लादेश ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखी, जो इस समय भारत में निर्वासन में हैं। फिर भी, भारत को इस महत्वपूर्ण रिश्ते को फिर से मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। अतीत में कई गलतियां हुई हैं। बांग्लादेश की घटनाओं और चुनावों के कारण मजबूर होने से पहले ही उसे बीएनपी के साथ संबंध सुधारना शुरू कर देना चाहिए था। असम और पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों के प्रचार के दौरान व्याप्त तनावपूर्ण माहौल से इस प्रक्रिया में और भी बाधा आ रही है, जहां कथित घुसपैठ एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। बांग्लादेश में भी विरोध प्रदर्शन और कट्टरपंथी गतिविधियां हुई हैं, जिनमें अखबारों समेत कथित भारत समर्थक हितों और गतिविधियों को निशाना बनाया गया है। कूटनीति इस कठिन राजनीतिक माहौल को नजरअंदाज नहीं कर सकती, बल्कि इससे पार पाने के लिए उसे प्रयासरत रहना चाहिए। सहयोग के लिए एक व्यावहारिक एजेंडा है जिस पर दोनों पक्षों को काम करना चाहिए। कनेक्टिविटी अवसंरचना, व्यापार सुगमता और ऊर्जा नीति ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें प्रभावी रूप से



राजनीति से मुक्त किया जा सकता है और जिनसे ऐसे समाधान निकल सकते हैं जिनमें दोनों पक्ष अपनी जीत का दावा कर सकें। इस तरह के ठोस परिणाम सौहार्द पैदा कर सकते हैं और साथ ही किसी भी सरकार को कठिन राजनीतिक सवालों का तुरंत सामना करने से बचा सकते हैं। यह निर्विवाद है कि बांग्लादेश में चीन की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है। इससे इस सहयोग में तत्परता आएगी, लेकिन भारत को निश्चित रूप से बांग्लादेश को चीन के साथ अपनी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के प्रलोभन से बचना चाहिए। न ही बांग्लादेश को पाकिस्तान के अधीन माना जाना चाहिए, भले ही वह उस देश के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहा हो। इसके बजाय, उसे निरंतर, उच्च स्तरीय सहयोग बनाये रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो यह संकेत दे कि भारत बांग्लादेश को एक ऐसे पड़ोसी के रूप में गंभीरता से लेता है जिसके अपने वैध हित हैं और जो राजनीतिक बदलाव से गुजरा है। बीएनपी नेतृत्व को यह संकेत देने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे कि वह समावेशी शासन करना चाहता है और अपने राजनीतिक गठबंधन में अल्प संख्यक-विरोधी और भारत-विरोधी तत्वों पर लगाम लगाएगा। उसे यह समझना होगा कि यदि उसे क्षमा करना और भूलना कठिन लग रहा है, तो भारत के साथ भी ऐसा ही है। पार्टी के पिछले कार्यकाल ने भारत में कड़वाहट का गहरा असर छोड़ा है। लेकिन यह दशकों पहले की बात है, और तब से बहुत कुछ बदल गया है। दोनों देशों ने आर्थिक विकास किया है और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर वे समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सहयोग करने के लिए वे बहुत कुछ कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय नेतृत्व बांग्लादेश की नई सरकार को यह स्पष्ट करे कि वह उसे सत्ता से हटाने या हेरफेर करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि उसे बांग्लादेश का जनादेश स्वीकार है और सह-अस्तित्व और सहयोग का एक नया स्वरूप खोजना चाहता है। पड़ोसी देशों के संबंध एक ही यात्रा से नहीं सुधर सकते, लेकिन यह कम से कम एक अच्छी शुरूआत है। इसे दोनों को और आगे बढ़ाना होगा।

---

### विचार

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।

–संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।

–स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

–महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।

–सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

# आतंकपरस्त पाक को चौधरी बना रहे ट्रंप!



मनोज बाजपेयी



अमरीका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। इस बात में शायद ही किसी को कोई संदेह हो। अमरीका और ईरान के बीच कोई सैन्य संतुलन भी नहीं बनता। इसके बावजूद अगर अमरीका-इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ युद्ध में इतने बड़े विध्वंस करने के बाद भी अपने घोषित लक्ष्यों में से एक भी पाने में सफल नहीं हुआ, तो इसके पीछे ट्रंप की अस्थिर मानसिकता, कूटनीतिक अज्ञानता और सब कुछ फायदे-नुकसान वाली डील तक सोचने-समझने की मनःस्थिति जिम्मेदार है। फिलहाल अमरीका ने ईरान के साथ 15 दिनों का युद्ध विराम घोषित किया है। युद्ध विराम की इस अवधि में दोनों पक्ष संघर्ष का समाधान निकालने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। हालांकि इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता फेल हो गयी है, लेकिन कूटनीतिक दुनिया में जो सामने दिखता है उससे कहीं अधिक चीजें पर्दे के पीछे घटती हैं। इसलिए भले ही इस्लामाबाद से उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स और ट्रंप के दो खास निगोसिएटर कुशनर और विटकॉफ अमरीका लौट गये हैं, लेकिन फिर भी किसी न किसी स्तर पर निगोसिएशन चल रहा होगा।

अगर आज अमरीका की यह स्थिति है कि पाकिस्तान जैसे आतंकी देश की चौधराहट स्वीकार कर इस्लामाबाद वार्ता करने आना पड़ा, तो यह एक तरह से अमरीका के पराभव की शुरूआत है। ईरान युद्ध के दौरान ट्रंप की मानसिक अस्थिरता, बेहूदा बयानों, नाटो सहयोगियों के पल्ला झाड़ने और सब कुछ एक डीलर के नजरिए से देखने-समझने की ट्रंप की संकुचित बौद्धिक क्षमता के कारण, ब्रॉड अमरीका की छवि बहुत धूमिल हुई है। भविष्य में स्थायी युद्ध विराम होता है या फिर विध्वंस, यह तो समय बतायेगा लेकिन एक बात सीसे की तरफ स्पष्ट है अमरीका जैसा महान देश अगर युद्ध विराम के लिए याचक की मुद्रा में पाकिस्तान आता है आता है, तो यह उसकी मनोवैज्ञानिक हार है। युद्ध विराम से ठीक पहले अमरीका के राष्ट्रपति ने धमकी दी कि कल दुनिया की एक पुरानी सभ्यता विश्व के इतिहास से समाप्त हो जाएगी। वह फिर कभी लौट नहीं सकती। मैं नहीं चाहता कि वह सभ्यता समाप्त हो जाये, लेकिन अब मेरे पास कोई चारा नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प ईरान की पुरानी सभ्यता को खत्म करने की बात कर रहे थे। स्वाभाविक है कि इससे सारी दुनिया में हलचल मची। सभी ने अमरीका के इस इरादे की निन्दा ही नहीं की, बल्कि अमरीका के स्वभाव और प्रकृति को लेकर चिन्ता होने लगी।

> अमरीका अब भारत को प्रतिद्वंद्वी समझता है। अतः भविष्य में चुनौती भी खड़ी कर सकता है। इसलिए भारत को अपना आर्थिक और सैन्य सशक्तीकरण तेज करने के साथ ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए।

### अमरीका-ईरान वार्ता

ऐसा भी अन्देशा था कि कहीं अमरीका एक बार फिर हिरोशिमा-नागासाकी तो दोहराने नहीं जा रहा। दुनिया में पहली बार परमाणु बम का प्रहार भी अमरीका ने ही अपने विरोधी के खिलाफ किया था। इससे एक दूसरा सवाल भी खड़ा हो गया। अमरीका का कहना था कि उसने ईरान पर हमला इसलिए किया है क्योंकि ईरान जैसा गैर जिम्मेदार देश परमाणु बम बनाने जा रहा था। लेकिन अपने व्यवहार से अमरीका स्वयं यह सिद्ध कर रहा है कि परमाणु बम को लेकर अमरीका से गैर जिम्मेदार देश कोई दूसरा नहीं है। लेकिन अचानक अमरीका के राष्ट्रपति एक दूसरी सूचना देते हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से सूचना दी कि मुनीर और शहबाज शरीफ ने उनसे अपील की कि आप कृपया इस प्रकार ईरान के साथ व्यवहार न करें। मैंने उनकी इस अपील को ध्यान में रखते हुए अपना निर्णय बदल दिया है और ईरान को सोचने समझने के लिए दो सप्ताह का समय और दे दिया है। ऐसा लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों का जिस तरह बार-बार खंडन किया, वह व्यक्तिगत रूप से ट्रम्प को अच्छा नहीं लगा होगा, यह तो एक बात है। इससे बड़ी बात यह है कि अमरीकी नीति-नियंताओं को यह बात अधिक स्पष्टता से समझ में आ गई कि नये भारत को अपनी शर्तों पर अब नहीं चलाया जा सकता। अमरीका की कुढ़न तब और बढ़ गई जब अमरीकी टैरिफ की एकतरफा घोषणाओं के बाद विश्व के अधिकांश देश घुटने पर आ गये, लेकिन तब भी भारत ने घुटने टेकने से मना कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की तथाकथित मध्यस्थता और टैरिफ संबंधी हथियार के अप्रभावी होने के बाद अमरीका ने पाकिस्तान के बारे में अपनी नीति में बड़े बदलाव किए हैं। शांति बहाली संबंधी उसके दावों को न केवल स्वीकार कर उसे वैश्विक स्तर पर वैधता प्रदान करने की कोशिश की, बल्कि आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस बुलाकर यह संकेत भी दिया कि उभरते भारत को संतुलित करने के लिए वह लोकतांत्रिक संरचनाओं और मूल्यों को भी दरकिनार कर सकता है।

इस संदर्भ को लेकर यदि ट्रम्प के मुनीर और शहबाज संबंधी हालिया बयान को समझा जाये तो तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाती है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद भारतीय मानस अपनी जड़ों की तरफ जिस तरह जुड़ रहा था, सभ्यतागत मूल्यों के प्रति आकर्षित हो रहा था, उसके कारण उपभोक्तावाद आधारित पश्चिमी विकास मॉडल के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा होती जा रही थी। यह चुनौती किसी एक देश के लिए नहीं बल्कि पूरी पश्चिमी सभ्यता के लिए थी। ईरान भी ऊपरी तौर पर चाहे जैसी मुद्रा, अपनाये हुए हो, अपनी सभ्यतागत जड़ों के प्रति उनका आकर्षण भी कम नहीं है। इसीलिए, ईरान पर हमले को केवल राष्ट्रीय हितों के टकराव के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इस युद्ध में कई मामलों में सभ्यतागत पक्ष में सम्मिलित है। अमरीका की दिक्कत यह है कि ईरान पर प्रत्यक्ष हमला करने का जोखिम वह उठा सकता है, लेकिन भारत के संबंध में वह ऐसी हिमाकत नहीं कर सकता। इसलिए भारतीय उभार को मंद करने के लिए उसने पाकिस्तान को वैश्विक पटल पर स्थापित करने और उसे वैधता प्रदान करने की नई मुहिम छेड़ी हुई है। इसके लिए पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों और संरचनाओं के तथाकथित संरक्षक होने के अपने दावे को भी दांव पर लगाने के लिए तैयार दिखता है। प्रश्न यह कि भारत इस स्थिति का सामना कैसे करे? भारत सरकार तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस स्थिति का बेहतर ढंग से सामना कर रही है। ट्रम्प ने पिछले कुछ महीनों में इतने अधिक विरोधा भासी बयान दिए हैं कि विश्व बिरादरी ने उनके बयानों को बहुत गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसलिए, यदि उनकी पाकिस्तान को वैधता प्रदान करने की हालिया कोशिश को दुनिया में बहुत गंभीरता से लिया जाएगा, इसकी संभावना कम ही है। रही सही कसर, पाकिस्तान की माली हालत, आतंकी कृत्यों में उसकी संलिप्तता, मानवाधिकारों की गंभीर स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों के कारण शांति का पुजारी बनाने का कोई भी अभियान स्वतः ही औंधे मुंह गिर जाएगा।

ईरान से भी जैसी खबरें आ रही हैं, उससे संघर्ष विराम को लेकर एक संदेह की स्थिति बनी हुई है। वैसे भी यह संघर्ष विराम अल्पकालीन है, इसलिए इसके श्रेय को लेकर दुनिया बहुत गंभीर होगी, ऐसा लगता नहीं। ट्रंप ने पाकिस्तान को सिर आंखों पर बिठाकर भारत को सतर्क होने का मौका दिया है। ईरान-अमरीका के बीच संघर्ष विराम या युद्ध का क्या भविष्य होगा, यह वह जाने। लेकिन भारत को अब अमरीका पर भरोसा नहीं करना चाहिए। अमरीका अब भारत को प्रतिद्वंद्वी समझता है। अतः भविष्य में चुनौती भी खड़ा करेगा। इसलिए भारत को अपना आर्थिक और सैन्य सशक्तीकरण तेज करने के साथ ही ऊर्जा आत्म निर्भरता के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

---

### सोशल मीडिया



भाजपा के वरिष्ठ नेता, यूपी सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद श्री हरि नारायण राजभर जी के निधन का समाचार अति दुखद है, शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केशव प्र. मौ..



बदलता हुआ गोरखपुर आज स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नयी पहचान स्थापित कर रहा है, माफिया मुक्त यूपी में व्यापारी सुरक्षित हैं, बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रहीं। सीएम योगी.



नॉर्थ 24 परगना और नादिया ने आज जोरदार और साफ आवाज में अपनी बात कह दी है। उनका फैसला पहले ही आ चुका है। बंगाल के लोग झूठे के आगे नहीं झुकेंगे। ममता बनर्जी.

## विज्ञान के निष्कर्ष

### अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

## लक्ष्मण रेखा न लांघें तो अच्छा

### व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते।

आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं।

दरअसल पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?

## छात्रों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ उद्यमिता भी सिखायें



### उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार

किसी भी समाज, देश या प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक उन्नयन में शिक्षा की महती भूमिका होती है और इसलिए उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और बहुआयामी राज्य को भी विकसित बनाने की प्रक्रिया में शिक्षा की भूमिका केंद्रीय और निर्णायक है। विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक समृद्धि, नैतिक मूल्यों और पर्यावरणीय संतुलन का समावेश भी आवश्यक है। ऐसे में शिक्षा को ज्ञानार्जन का माध्यम बनाने के साथ ही जीवन-दृष्टि निर्माण का सशक्त उपकरण बनाना होगा।



डॉ. लीना मिश्रा

सबसे पहला सुधार शिक्षा की गुणवत्ता में होना चाहिए। वर्तमान में अनेक विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा परीक्षा-केन्द्रित होकर रह गई है, जहां रटने की प्रवृत्ति हावी है। इसे बदलकर शिक्षा को संवादात्मक, रचनात्मक और प्रयोगात्मक बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और नवाचार की भावना विकसित की जानी चाहिए, ताकि वे केवल सूचना के उपभोक्ता न रहकर ज्ञान के सृजनकर्ता बन सकें। दूसरा महत्वपूर्ण आयाम शिक्षा में समानता और समावेशन का है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। इस अंतर को कम करने के लिए डिजिटल शिक्षा का विस्तार, पुस्तकालयों की सुलभता और स्थानीय संसाधनों का विकास आवश्यक है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाओं और हाशिए के समुदायों तक शिक्षा की समान पहुँच सुनिश्चित करना विकास की आधार शिला है। तीसरा और अत्यंत आवश्यक सुधार कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को तकनीकी, व्यावसायिक और उद्यमिता से जुड़े कौशल सिखाए जाने चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी, मशीन संचालन, नवीकरणीय ऊर्जा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा सकता है। साथ ही, स्टार्टअप संस्कृति और वित्तीय साक्षरता को भी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, जिससे युवा स्वयं रोजगार सृजित कर सकें।

कृषि-प्रधान राज्य होने के कारण कृषि शिक्षा में नवाचार भी आवश्यक है। आधुनिक तकनीकों–जैसे जैविक खेती, सिंचाई प्रबंधन और कृषि-आधारित उद्योगों–का ज्ञान युवाओं को दिया जाना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या में कमी आएगी। इसके साथ ही नैतिक और सामाजिक मूल्यों का विकास भी शिक्षा का अभिन्न अंग होना चाहिए। ईमानदारी, सहिष्णुता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तर दायित्व जैसे मूल्यों के बिना कोई भी समाज वास्तव में विकसित नहीं हो सकता। शिक्षा को विद्यार्थियों को एक संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। पर्यावरणीय चेतना का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। प्रदूषण, जल संकट और वन क्षय जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करनी होगी। विद्यालयों में पर्यावरणीय परियोजनाओं और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों में इसकी समझ बढ़े। इसके सामानांतर ही अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देना भी जरूरी है। विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने की दिशा में कार्य करना चाहिए। साथ ही, स्थानीय संस्कृति, भाषा और परंपराओं को शिक्षा में स्थान देकर विकास को अपनी जड़ों से जोड़े रखना होगा क्योंकि शिक्षा गुणवत्तापूर्ण, समावेशी, कौशल-आधारित और मूल्यपरक होगीतो उत्तर प्रदेश न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी एक विकसित राज्य के रूप में उभर सकता है। यही शिक्षा का लक्ष्य और विकास की सही दिशा है।

(लेखिका प्रख्यात शिक्षाविद हैं)

---

### आप की बात

#### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

#### साइबर ठगी पर लगायें लगाम

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कस्बा जसपुरा निवासी बन्दरी पत्नी नंदकिशोर 55 शनिवार थाना जसपुरा के पास संतोष के आवास पर भागवत कथा सुनने गई थी। शाम लगभग 7 बजे घर लौटते समय गौरीकला रोड स्थित सहकारी समिति के पास अमारा निवासी संदीप पुत्र लल्लू तेज रफ्तार बाइक से जसपुरा की ओर आ रहा था। चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई और उनका दाहिना पैर टूट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत और बिगड़ने पर परिजन उन्हें कानपुर ले गए।

## अधेड़ को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बांदा।** अज्ञात वाहन ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। पैलानी थाना क्षेत्र के निवाईच गांव निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह पुत्र मैंबर सिंह 50 साइकिल से अपने रिंग बोर कालेश्वर से घर निवाईच खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान निवाईच नहर पुलिया के नजदीक अज्ञात वाहन ने रात 10 बजे टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। भाई भूपेंद्र ने बताया कि मृतक शाम 5 बजे घर से गेहूं कटाई के लिए हार्वेस्टर के लिए रिंग बोर गया था जब हार्वेस्टर नहीं मिला तो वह रात 10 बजे साइकिल से घर वापस निवाईच जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। मृतक के एक लड़की गौरी व एक लड़का कृष्णा है, वह किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना से पत्नी दीपा व मां मुन्नी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। भाई ने बताया कि एक्सीडेंट होने के बाद पीआरबी की टीम उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## युवती ने लगाई फांसी, मौत

**बांदा।** अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बबेरू कस्बे की अंबेडकर नगर निवासिनी उमा देवी पुत्री भगवानदीन 22 ने फांसी लगाकर जान दे दी। जब भतीजा स्कूल से वापस आया तो दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। भतीजे के शोर मचाने पर मुहल्ले के लोगों ने देखा तो उमा फांसी पर लटक रही थी। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए, जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के दौरान मां कुंती देवी भाभी फूलन खेतों में गेहूं काटने चले गए थे। पिता भगवानदीन ने बताया कि घर में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## साहसी किशोरी ने सिखाया मनचले को सबक

**ललितपुर (वीओएल)।** बार-बार छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को 15 वर्षीय किशोरी ने खुद सबक सिखाया। शनिवार देर शाम की इस घटना का वीडियो रविवार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें किशोरी चैकी परिसर में युवक को चप्पल से पीटती दिख रही है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मोहल्ले की 15 वर्षीय किशोरी कई दिनों से पड़ोस के एक युवक द्वारा परेशान की जा रही थी। युवक उसे लगातार छेड़खानी करता और तंग करता था। आठ दिन पहले भी ऐसी ही घटना हो चुकी थी, जिसकी शिकायत किशोरी की मां ने कोतवाली थाने में कर रखी थी। शनिवार शाम करीब 7.30 बजे जब किशोरी घर पर अकेली थी, तभी वह युवक घर पहुंच गया। उसने किशोरी के साथ गाली-गलौज की और उसे अपनी पत्नी बनाने की धमकी दी। किशोरी के चिल्लाने पर राहगीरों ने युवक को पकड़ लिया। युवक ने वहां भी जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दी। किशोरी और उसकी मां ने युवक को तुरंत पकड़कर सदर पुलिस चैकी ले गईं। चैकी परिसर में ही किशोरी ने गुस्से में आकर युवक को अपनी चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। एक पुलिस कर्मी के हस्तक्षेप पर उन्हें रोका गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो रविवार वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी और धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: विधायक



**ललितपुर (वीओएल)।** नगर के मध्य शहजाद नदी पर निर्माणाधीन दीर्घ सेतु का रविवार को सदर विधायक ललितपुर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। बिना पूर्व सूचना के किए गए इस निरीक्षण से कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभागों में सक्रियता देखी गई। विधायक ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्य की पारदर्शिता का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सदर विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह दीर्घ सेतु केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ललितपुर नगर के भविष्य की आधारशिला है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक रामरतन ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होती है। सेतु निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, सीमेंट, सरिया, गिट्टी आदिक् की गुणवत्ता उच्चतम मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। मौके पर ही सामग्री की जांच व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उन्होंने संबंधितों को दिए। विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी दी गई।

**● सदर विधायक ने किया शहजाद नदी पर निर्माणाधीन दीर्घ सेतु का औचक निरीक्षण**

उन्होंने पिलर, गर्डर, स्लैब एवं एप्रोच रोड निर्माण में सभी इंजीनियरिंग मानकों एवं डिजाइन के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने सहित निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिकों के लिए हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतों की अनिवार्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। वहीं उन्होंने कार्य की नियमित मॉनिटरिंग हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चरण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**जनसुविधा का विशेष ध्यान रखें अधिकारी**

निर्माण कार्य के दौरान आमजन को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखने हेतु वैकल्पिक मार्ग एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

विधायक रामरतन कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सदर विधायक ने कहा कि यह दीर्घ सेतु नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा, जिससे यातायात का दबाव कम होगा, आवागमन सुगम होगा एवं स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## ऐलान! दीपक विश्नोई अधिवक्ताओं के मान सम्मान की पहरेदारी से नही हटेंगे पीछे…




जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** बार एसोसिएशन नगीना के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए लोकप्रिय एवं मिलनसार अध्यक्ष दीपक विश्नोई एडवोकेट को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। पत्रकार नौशाद अंसारी ने अपने साथी शैलू, खालिद हबीब, मोहम्मद इमरान के साथ निर्वाचित नगीना बार अध्यक्ष दीपक विश्नोई को बधाई देते हुए उन्हें माला पहनाकर अपनी मोहब्बत का इजहार किया। मालूम हो कि दीपक विश्नोई बेहद व्यवहार कुशल और अपनों से रिश्ता निभाने का हुनर रखते हैं। दीपक विश्नोई की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव में अपने गुट के वरिष्ठ अधिवक्ताओ की मदद से एक बार फिर एतिहासिक जीत दर्ज कर अपने अधिवक्ता साथियों के दिलों पर छाप छोड दी हैं। दीपक विश्नोई ने साफ कहा है कि बार के किसी भी अधिवक्ता के मान सम्मान को ठेस नहीं लगने देगे। और उनका उत्पीड़न किसी कीमत पर भी बर्दाश्त नहीं होगा। जिस उम्मीद के साथ सभी अधिवक्ताओं ने उन्हें बार का अध्यक्ष चुना है वह उनकी उम्मीदों को कभी टूटने नहीं देंगे। मधुर व्यवहार एवं अपने वादकारियों के लिए बेहद गंभीर रहने वाले वरिष्ठ अधिव्क्ता दीपक बिश्नोई ने अपने अधिवक्ता साथियों के सहयोग से बार एसोसिएशन नगीना के चुनाव में इतिहास रचते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज कर, एक बार फिर सभी को चैंका दिया है, 51 वोटो से जीत दर्ज करने वाले दीपक बिश्नोई बिजनौर जिले के अधिवक्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बन गए हैं।

**● निर्वाचित बार अध्यक्ष दीपक विश्नोई एडवोकेट को मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी**

## नेहा गुप्ता बनी डिप्टी जेलर बढ़ाया जिले का मान



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससीऔर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में फतेहपुर की मेधा फिर से सुर्खियों में है। आयोजित डिप्टी जेलर पद की प्रतियोगी परीक्षा में जिले की होनहार बेटी ने अपने अथक परिश्रम और मेहनत के दम पर सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार का गर्व बढ़ाया बल्कि पूरे जनपद का भी मान बढ़ा दिया है। यह सफलता फतेहपुर के युवा वर्ग के लिए एक नया प्रेरणास्त्रोत बन गई है ह्लअपने अथक प्रयास से जिले का नाम रोशन कियाराधानगर, फतेहपुर निवासी प्रमुख व्यवसायी श्री मूलचंद्र गुप्ता की होनहार बेटी कुमारी नेहा गुप्ता ने यूपी एसएससी द्वारा आयोजित डिप्टी जेलर पद की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने गृह जिला को गौरवान्वित किया है। नेहा ने अपनी शुरूआती शिक्षा सीपीएस से की और इंटरमीडिएट की पढ़ाई महर्षि विद्या मंदिर से पूरी की। इस दौरान उन्होंने लगातार अध्ययन, अनुशासन और समय प्रबंधन को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाया, जिसके चलते आज वह डिप्टी जेलर के पद तक पहुंचने में सफल रहीं।सफलता के बाद बेटी ने अपनी सारी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। नेहा का कहना है कि माता-पिता का अनुशासन, मार्गदर्शन और भरोसा ही उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही। परिवार के बुजुर्गों ने भी इस सफलता को ह्लपुत्रवधूह्व के रूप में नहीं बल्कि जिले की गौरवशाली बेटी के रूप में याद रखने की बात कही हैजिले में बधाई का सिलसिला जारीनेहा गुप्ता के नाम परिणाम आने के बाद से न सिर्फ राधानगर और उसके आस-पास के वार्डों में खुशी का माहौल है, बल्कि शहर के विभिन्न समाजों के लोग भी उनके घर आकर बधाई दे रहे हैं। जिस दिन नेहा की सफलता की सूचना जिले के निवासियों तक पहुंची, उसके बाद से लोगों का घर पर आने और शुभकामना देने का सिलसिला अभी तक जारी है। स्कूल, कॉलेज और निजी निकायों के छात्र-छात्राएं भी नेहा से प्रेरणा लेने और सफलता की गाथा सुनने पहुंच रहे हैं।इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्र ने भी नेहा के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके परिवार को सम्मानित किया। अग्रहरि समाज के नेता सुमंत गुप्ता, विनोद गुप्ता, संजय गुप्ता और शिवकांत अग्रहरि सहित अनेक समाजभाई ने भी उनकी सफलता पर बधाई देते हुए युवाओं को उनके रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसी सफल बेटियां ही जिले का चेहरा बदलती हैं और अन्य युवाओं के लिए मार्गदर्शक बनती हैं।

# नगर निकाय कार्यों को समय से करें पूर्ण: डीएम




**बांदा।** जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय ने नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक की। यूजर चार्ज को टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से वसूलने के निर्देश दिए गए। पॉलिथीन प्रतिबंध एवं स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू करते हुए उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए गये। उन्होने 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री नगरीय सृजन योजना, राज्य वित्त आयोग, बंधन योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर के जीवीपी के विलोपन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी अधिशासी अधिकारी मुख्यालय छोड़ कर नहीं जाये, नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस दौरान इरफानउल्ला खान, नरेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी श्रीचन्द्र, अतर्रा विजेता गुप्ता, बिसंडा निर्दोश, मटौंध, तिंदवारी बृजकिशोर सिंह, नरैनी अनिल कुमार, एलवीसी. कुमारी सोनिया, डिवीजनल धर्मप्रकाश शुक्ल, डीपीएम अभिषेक खरे, सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए परवेज पाशी मैदान में उतरे, सौंपा ज्ञापन

शहजाद अंसारी



**नगीना, बिजनौर।** निजी स्कूलों की बढ़ती मनमानी पर लगाम लगाने को लेकर परेशान बच्चों के अभिभावकों की मदद के लिए परवेज पाशी ने कमर कस ली हैं। उन्होंने अपने दर्जनों साथियों के साथ एसडीएम नगीना को ज्ञापन सौंपकर लूट खसौट करने वाले स्कूल संचालको के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परवेज पाशी ने कार्रवाही न होने पर ऐसे स्कूलों के खिलाफ जन आंदोलन की भी चेतावनी दी है। आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी ने दर्जनों साथियों और पार्टी कार्यकताओं के साथ नगीना एसडीएम विजय शंकर को ज्ञापन देते हुए बताया है कि नगीना के निजी स्कूल संचालक कोर्स और यूनिफॉर्म की आड़ में बच्चों के अभिभावकों का खुला शोषण करते हुए हठधर्मिता और मनमानी पर उतारू है। उन्हें ना इंसानियत से मतलब और न किसी की गुरबत से मतलब, बस मतलब है तो उन्हें अपनी मोटी कमाई से मतलब है। बेलगाम हो चुके स्कूल संचालको को न तो सरकार की गाइडलाइन का पालन कर रहे है और न ही बच्चों के किसी अभिभावकों की मजबूरी को समझते है। मनमानी और हठधर्मिता को लेकर स्कूल संचालको से यदि कोई सवाल किया जाता है तो उनका धमकी भरा जवाब होता है कि अभिभावक अगर शिक्षा का खर्च न उठापा रहे हैं तो अपने बच्चों का स्कूल से नाम कटवा कर अपने घर बिठाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि बच्चों का कोर्स भी उन्हीं की बताई दुकान पर ही मिलता है सबसे कम क्लास का कोर्स चार हजार रुपए से ऊपर का है। स्कूली यूनिफॉर्म में भी स्कूल संचालक बड़े पैमाने पर कमाई कर रहे हैं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा पाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। शिक्षा के मंदिर को कमाई का अड्डा बनाने वाले कथित स्कूल संचालको की मनमानी और इनकी बढ़ती हठधर्मिता को लेकर आए दिन न केवल अधिकारियों के पास शिकायत पहुचती है, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से साबित हो रहा है कि शिक्षा विभाग को ऐसे संचालको की मोटी रकम पहुंचती है जिस कारण इनके हौसले बुलंद हो रहे है। ज्ञापन में ऐसे स्कूल संचालको खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन पर अहमद हसन, नदीम अहमद, जीशान, मोहम्मद असलम, मोहम्मद हुमायूं, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद यूसुफ, सरफराज, मोहम्मद यूसुफ, आमिर, शबाहत, अथर मिर्जा, वसीम, मोहम्मद नौशाद आदि के हस्ताक्षर हैं।

## गेहूं बेचने को किसान परेशान, खरीद केन्द्र में ताला



**बांदा।** खाद्य विभाग की अव्यवस्थाओं के चलते जिले भर में किसान सरकारी खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेंचने के लिए बेहद परेशान हैं। हालात यह हैं कि बांदा, नरैनी, अतर्रा, बबेरू व अन्य खरीद केन्द्रों में किसान गेहूं बेंचने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन बोरों की कमी के चलते गेहूं की खरीद नही हो पा रही है। पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां गांव स्थित गेहूं खरीद केंद्र में पिछले एक महीने से लगातार ताला पड़ा होने की वजह से किसान का गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। किसान रात दिन मेहनत कर अपने अनाज की स्वयं सुरक्षा में लगा है। दर्जनों किसानों के अनाज की आज तक तौल न हो पाने की वजह से वह मजबूर होकर सस्ते दामों में बेचने को व्यापारियों के दरवाजे चक्कर काट रहे हैं। कस्बा व क्षेत्र के किसानों का कहना है कि सरकारी केंद्र में गेहूं का मूल्य लगभग 2575 रुपए क्विंटल है। वहीं दूसरी ओर कस्बे के व्यापारी 21 सौ से 22 सौ रुपये प्रति क्विंटल खरीद कर रहे हैं। आढ़तियों के यहां गेहूं का सही मूल्य न मिल पाने की वजह से वह दर-दर की ठोकरें खाता घूम रहा है। कई किसान अपना अनाज बेचने के लिए ऑनलाइन फार्म भी डाल चुके हैं परंतु गेहूं खरीद केंद्र में लगातार ताला पड़ा होने, कांटा, बोरी, मशीन केंद्र प्रभारी को आज तक न मिल पाने की वजह से वह मजबूर हो गया है। केंद्र प्रभारी सुनील लाला ने बताया कि कड़ी मेहनत के बावजूद भी संबंधित विभाग से आदेश न मिल पाने, थंब मशीन व बोरियों की उपलब्धता अब तक न होने की वजह से यह परेशानी सामने आ रही है। जैसे ही आदेश मिल जाएगा खरीद चालू कर दी जाएगी।

# जिले के सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार की चपेट में: बुविसे



**ललितपुर (वीओएल)।** जिले के सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर की अध्यक्षता में कार्यकताओं की एक बैठक आहूत की गई। बु. वि. सेना प्रमुख ने कहा कि ललितपुर जिले का एक भी सरकारी कार्यालय ऐसा नही है जहां पर बगैर सुविधा शुल्क के एक इंच भी फाइल नहीं आगे बढ़ती हो। गरीबों व किसानों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है। दलालों का बोलबाला है। कोई भी कार्य बगैर दलालों के नहीं हो पाता है। गरीब किसान दूरदराज से किराया लगाकर अपने काम के लिए शहर आता है। कोई भी रिपोर्ट लगवाने पर उनसे सुविधा शुल्क मांगा जाता है, और उसे काम पूरा कराने के लिए महिनों सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि सुविधा शुल्क में कई गुना वृद्धि हो गई है। सरकारी कामों में कमीशन का बोलबाला है। सड़कें, बिल्डिंग और अन्य निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं बन रही हैं। सेना ने कहा कि जिलाधिकारी से हम लोगों को बहुत उम्मीद है। हमारा जिला प्रदेश मुख्यालय से बहुत दूर होने के कारण विकास कार्यों में बहुत पीछे है। बुविसे ने जिलाधिकारी से सभी सरकारी कार्यालयों में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा सरकारी तंत्र को दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनाये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना सभी कार्यालयों में मुहिम चलाकर भ्रष्ट कार्यालयों को चिन्हित करके वहां जाकर उग्र प्रदर्शन करेगीबैठक कदीर खान, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह, पंडित मथुरा प्रसाद मिश्रा, भागीरथ कुशवाहा, संतोष सिंह तोमर, भईयन कुशवाहा, गफूर खान, बलराम चैहान, रामसहाय राठौर, सुरेश झा, राजेश कुमार, कमल सिंह परिहार, ईशान दिवालिया, कामता प्रसाद भट्ट, नंदराम कुशवाहा, खुशाल बरार, जितेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## एएसपी के निर्देशन में पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**ललितपुर (वीओएल)।** जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग वाहनों एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा यातायात पुलिस ललितपुर के साथ संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर संदिग्ध, ओवरलोड वाहनों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को निर्धारित भार क्षमता के अनुसार ही माल परिवहन करने एवं वैध प्रपत्रों के साथ वाहन संचालन के निर्देश दिए गए। यातायात नियमों के पालन हेतु चालकों को जागरूक किया गया। अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं व राजस्व हानि के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## बार एसोसिएशन चुनाव में बाबू सिंह यादव अध्यक्ष



**फतेहपुर।** बार एसोसिएशन की मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव व महामंत्री पद पर अनुराग नारायण मिश्र ने विजय हासिल की। मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री की देखरेख में भारी सुरक्षा के बीच मतगणना सुबह 9:00 बजे से शुरू हुई और देर रात तक चली। इस दौरान कई बार उतार चढ़ाव का माहौल देखने को मिला। देर शाम तक अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव व रमेश सिंह भदौरिया के बीच जबरदस्त कांटे की टक्कर रही। महामंत्री पद पर अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं पुत्तन मिश्रा के बीच भी जबरदस्त टक्कर रही। देर शाम घोषित परिणामों में मुख्य चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव को एक वोट से तथा महामंत्री पद पर अनुराग नारायण मिश्रा को लगभग 50 वोट से विजयी घोषित कर दिया। कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद तिवारी एवं मंजुला राजपूत ने विजय हासिल की।अन्य पदों पर भी विजेता घोषित किए गए। विजयताओ की घोषणा होते ही कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर जिंदाबाद के नारों से गूंजने लगा। इसके बाद विद्यार्थी चौराहा से होते हुए जुलूस का कारवां कार्यालय पहुंच जहां जननायक सिंह यादव ने अपने साथियों सहित अध्यक्ष का स्वागत किया। वही विद्यार्थी चौराहे पर विपिन यादव ने अपने साथियों सहित जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। युवा अधिवक्ताओं ने प्रत्याशियों की जीत पर जमकर आतिशबाजी की और घर जाकर युवा अधिवक्ता सदब ने अपने साथियों सहित उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी। देर रात तक समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा।

## कैट की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

**ललितपुर (वीओएल)।** कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की एक आवश्यक बैठक स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुई, जिसमें जिले में संगठन को सशक्त बनाने और व्यापारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित कार्यकारिणी में अंशुल बड़कुल को जिलाध्यक्ष, अविरल जैन को जिला महासचिव और पुष्पराज जैन को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर स्वदेश अग्रवाल, कपिल डोड़वानी और अंशुल भदौरा, उपाध्यक्ष पद पर आदर्श जैन, आकाश गुप्ता और अमित अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई। जिला मंत्री के रूप में आर्कश श्रीवास्तव और रजत खंडेलवाल को नियुक्त किया गया, जबकि मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अमित लखेरा को सौंपी गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कैट देशभर के करोड़ों व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है और ललितपुर में इसे और मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। नगर और तहसील स्तर तक संगठन का विस्तार कर अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ा जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया जा सके। साथ ही स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और बदलते व्यापारिक परिवेश में व्यापारियों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

# बीईओ की उदासीनता के चलते डीएम को मिलीं स्कूल में खामियां

**बांदा।** जिलाधिकारी ने पीएमश्री विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय भरखरी कंपोजिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें तमाम अनियमितताएं मिली। बीएसए को कार्यवाही के निर्देश दिए। बड़ोखर ब्लाक के पीएमश्री विद्यालय भरखरी का जिलाधिकारी जे.रीभा ने शनिवार को निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार द्विवेदी चिकित्सीय अवकाश पर पाये गये। शिक्षक के चिकित्सीय अवकाश की जांच को निर्देशित किया। खंड शिक्षाधिकारी को जांच दी गयी है। उल्लेखनीय है कि जिस खण्ड शिक्षाधिकारी व एआरपी की लचर व्यवस्था के चलते डीएम को स्कूल में खामियां मिली हैं उसके लिए खण्ड शिक्षाधिकारी ही अधिक जिम्मेदार हैं। यदि यह समय-समय पर निरीक्षण करते रहे होते तो शायद विद्यालय की बदहाल स्थिति डीएम को देखने को नही मिलती। मजे की बात है कि इस अव्यवस्था की जांच का शिक्षाधिकारी को ही सौंपा गया है। सहायक अध्यापक होरीलाल, परिचारक ईदुल रहमान बच्चों के बीच गुटखा खाकर बैठे मिले। निरीक्षण में पायी गयी कमियों विद्यालय के सभी शौचालयों में ताला लगा होना, सबमर्सिबल पंप न चलवाये जाने के कारण पानी की टंकी न भरना आदि आरोपों के क्रम में जिलाधिकारी ने होरीलाल, ईदुल रहमान के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। सहायक अध्यापक पूजा पांडेय, अंकिता मिश्रा बच्चों को पढ़ाने के बजाय एक ही कक्ष में बैठकर अपने-अपने घरेलू कार्य निपटाते मिली। इन शिक्षिकाओं के विरूद्ध शिक्षण कार्य में रूचि न लेने एवं कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने के आरोप में अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। बीना दीक्षित अनुदेशिका विकासखण्ड महुआ के पू0मा0वि0 बनसखा में सम्बद्ध पायी गयी जिलाधिकारी ने संबंद्धीकरण निरस्त करने के निर्देश दिए। कृष्णगोपाल अनुदेशक विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये अवगत कराया गया कि वह एसआईआर ड्यूटी में है, तहसीलदार से जानकारी करने पर पाया गया कि एसआईआर का कार्य पूर्ण हो चुका है। कृष्णगोपाल अनुदेशक का सात अप्रैल का वेतन अवरूद्ध किया गया। अनुदेशिका उमाकांती द्वारा शिक्षण कार्य में रूचि न लेने के आरोप में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उक्त अनुदेशिका के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत की गयी है। इस आशय की जानकारी बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने दी।

**● बीएसए ने बीईओ को ही सौंप दी जांच, संबद्धीकरण खत्म**

## प्रेमी बुआ-भतीजा फरार

**बांदा।** बिसंडा थाने के एक गांव में नाबालिग बुआ व भतीजे के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। घरवालों ने बंदिशें लगाई तो मौका पाकर दोनों फरार हो गए। पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी का परिवार के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गुरुवार को शाम चार बजे सभी लोग खेत चले गए। तभी उसका प्रेमी उसे प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बुद्धि यादव निवासी मरौली के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। पिता ने बताया कि युवक उसकी बेटी का भतीजा लगता है। दोनों लोग अक्सर मिलते थे। कई बार दोनों के बीच बंदिशें लगाई गईं। बिसंडा थाना प्रभारी राम मोहन राय ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मेहनत लाई रंग! प्रदेश के शिक्षा प्रेरकों का रुका हुआ मानदेय मिलने की उम्मीद

**नगीना, बिजनौर।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित ह्लसाक्षरता भारत मिशनह्ल कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करने वाले शिक्षा प्रेरकों का लगभग 20 से 22 महीने का मानदेय आज तक रुका हुआ है। प्रेरक संघों के अथक प्रयास से निदेशालय लखनऊ द्वारा वर्ष 2018 तक कार्यरत शिक्षा प्रेरकों को बकाया मानदेय राशि देने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद सचिव/बेसिक शिक्षा अधिकारी, लोक शिक्षा समिति को 27 मार्च 2018 को पत्र भेज कर कार्यरत शिक्षा प्रेरकों की लिस्ट बनाकर तथा कितना मानदेय बचा हुआ बाकी है मांग की गई थी परंतु जनपद बिजनौर के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। आठ वर्ष पूर्व सरकार ने बंद कर दी थी है योजना। इस योजना के अंतर्गत प्रेरकों को 15 से अधिक आयु व वर्ग के लोगों को चिन्हित कर साक्षार करना था। तथा जो ड्रॉप आउट बच्चे थे उन्हें पुनः चिन्हित कर साक्षरता विभाग द्वारा संचालित केंटो पर लाकर तथा परीक्षा दिलवा कर साक्षर करना था। योजना उत्तर प्रदेश के 60 जनपदों में डाइट के प्रधानाचार्यो, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में क्षेत्र का सर्वे कराकर वर्ष 2009-10 में शुरू की गई थी।

जनपद बिजनौर में इस योजना के अंतर्गत लगभग 2400 लोक शिक्षा प्रेरकों की नियुक्ति की गई थी। ग्राम पंचायत पर स्थित लोक शिक्षा केंद्रों पर प्रति केंद्र पर दो लोग शिक्षा प्रेरकों की नियुक्ति कर लोक शिक्षा केंद्र संचालित किए गए थे। प्रत्येक लोक शिक्षा पर रखा मानदेय दो हजार रुपए निश्चित था। मार्च 2018 में भारत सरकार द्वारा इस योजना को बंद कर दिया गया। जनपद के सभी शिक्षा प्रेरकों का लगभग 20 से 22 माह का मानदेय जो लगभग 40 हजार से 44 हजार रूपए बैठता है बाकी है शिक्षा प्रेरक इस समय से मानदेय के लिए लड़ाई लड़ रहे थे।

संक्षेप

## एलपीजी की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में ज्यादा खरीदारी न करें और जिम्मेदारी के साथ एलपीजी का इस्तेमाल करते रहें। मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मजबूती का जिक्र करते हुए, मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी रखी जा रही है और इसका प्रबन्धन किया जा रहा है, ताकि देश भर के परिवारों तक बिना किसी रुकावट के एलपीजी पहुँचती रहे। मंत्रालय ने एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल पर भी जोर दिया। अब लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सऐप और मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग करते हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे इन आसान और प्रभावी डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करते रहें, ताकि डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर भीड़ न लगे और उन्हें बिना किसी रुकावट के सेवा मिलती रहे।

## एजीआई इंफ्रा को जीएमडीए लाइसेंस प्राप्त हुआ

नयी दिल्ली। एजीआई इंफ्रा लिमिटेड जो आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट विकास में विशेषज्ञता रखने वाली एक अग्रणी कंपनी है, ने घोषणा की है कि उसे ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी से अपनी ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी, यूटोपिया बाय एजीआई के विकास के लिए लाइसेंस संख्या LDC-101/2026 दिनांक 31 मार्च, 2026 प्राप्त हुआ है, जो न्यू चंडीगढ़ में कंपनी के पहले प्रोजेक्ट का प्रतीक है। लाइसेंस कंपनी द्वारा 1 अप्रैल, 2026 को प्राप्त किया गया था।

## फोक्सवैगन इंडिया ने की नयी टाइगुन प्रीमियम एसयूवी पेश

मुंबई। फोक्सवैगन इंडिया ने आज नई टाइगुन प्रीमियम एसयूवी पेश की। उत्कृष्ट ड्राइविंग अनुभव, सुरक्षा और व्यावहारिक डिजाइन को महत्व देने वाले ग्राहकों के लिए इस गाड़ी को तैयार किया गया है। नई टाइगुन में आकर्षक डिजाइन, उपयोग में आसान तकनीक, बेहतर आराम और कंपनी की पहचान रही सुरक्षा का संगम है। इससे गाड़ी चलाते समय रोमांचक अनुभव मिलता है और यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए भी उपयुक्त साबित होती है। गाड़ी के अगले हिस्से का नया दमदार डिजाइन, इस सेगमेंट में पहली बार दिया गया प्रकाशित लोगो और नए सिरे से सजाया गया इंटीरियर, इन सबके माध्यम से नई टाइगुन वैश्विक स्तर की फोक्सवैगन डिजाइन की झलक पेश करती है। जर्मन इंजीनियरिंग, उच्च स्तर की सुरक्षा और टर्बो इंजन की ताकत, ये फोक्सवैगन ब्रांड की पहचान रहे प्रमुख गुण इस एसयूवी में बरकरार रखे गए हैं।

## मई के दूसरे सप्ताह में लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार करार

नयी दिल्ली। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई के दूसरे सप्ताह से लागू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षर किए गए थे। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार करार (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्क पर ब्रिटेन के बाजार में जाएगा। वहीं भारत कार और शराब जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क दरें घटाएगा। अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह समझौता मई के दूसरे सप्ताह से लागू हो जाएगा। दोनों देशों ने दोहरा योगदान संधि (डीसीसी) करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के अस्थायी कर्मियों को सामाजिक शुल्क को दो बार नहीं देना पड़ेगा।

## एनसीएलएटी का आदेश, दिवाला प्रक्रिया सिर्फ संबंधित परियोजना तक सीमित रहेगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ शुरू की गई कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया केवल उसी परियोजना तक सीमित रहनी चाहिए, जिसमें चूक हुई है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इसे कॉरपोरेट देनदार की अन्य परियोजनाओं तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। न्यायाधिकरण ने कहा कि किसी रियल एस्टेट कंपनी की सभी परियोजनाओं को दिवाला कार्रवाई के तहत लाना न तो चूक वाली परियोजना के घर-खरीदारों और न ही अन्य परियोजनाओं के हितधारकों के हित में है।

# महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे। पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी। कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 4,230.7 अंक और एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक चढ़ा था। निफ्टी-50 इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 24,000 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने के बाद बाजार में सतर्क आशावाद दिख रहा था, लेकिन वार्ता विफल होने से निकट अवधि का परिदृश्य बदल गया है। बिना किसी समाधान के वार्ता समाप्त होने से बाजार में फिर से उतार-चढ़ाव बढ़ने की आशंका है, जैसा संघर्ष के शुरुआती चरणों में देखा गया था। उनके अनुसार, सोमवार को प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ खुल सकते हैं। इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा। विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे।

# भारत में पेटेंट आवेदनों की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख हुई : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 1,10,375 थी।

उल्लेखनीय है कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट आवेदन ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 1.43 लाख से अधिक हो गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें से 69 प्रतिशत से अधिक पेटेंट घरेलू स्तर पर दाखिल किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवोन्मेषकों की अग्रणी भूमिका है। आवेदनों की संख्या में 2016-17 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जब यह संख्या 45,444 थी। इसके बाद यह वित्त वर्ष 2017-28 में 47,894, वित्त वर्ष 2018-19 में 50,660, वित्त वर्ष 2019-20 में 56,268, वित्त वर्ष 2020-21 में 58,503, वित्त वर्ष 2021-22 में 66,440, वित्त वर्ष 2022-23 में 82,208 और वित्त वर्ष 2023-24 में 92,163 रही। सरकार ने देश में पेटेंट तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो विशेष रूप से स्टार्टअप, एमएसएमई और शैक्षणिक संस्थानों को लक्षित करते हैं। इन कदमों में स्टार्टअप, छोटी इकाइयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शुल्क में कटौती, पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच का प्रावधान और भारतीय स्टार्टअप को पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन आवेदनों को दाखिल करने तथा उनकी प्रक्रिया के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करना शामिल है।

## कार्बन-प्रधान क्षेत्रों में अधिक ऋण देने वाले बैंकों पर बढ़ सकता है जोखिम

नयी दिल्ली। कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को अधिक कर्ज देने वाले बैंकों को समय के साथ अधिक ऋण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है, जिससे निगरानी और वसूली की लागत बढ़ सकती है। आईआईएम लखनऊ के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

संस्थान के शोधकर्ताओं की टीम ने इस अध्ययन के जरिए यह समझने का प्रयास किया कि कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण का बैंकों की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिति और कार्यकुशलता पर क्या प्रभाव पड़ता है। इसमें कहा गया है कि स्थिरता और वित्तीय प्रदर्शन आपस में जुड़े हुए हैं और वैश्विक स्तर पर कम-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर हो रहे बदलाव के साथ वित्तीय रणनीतियों का तालमेल जरूरी है। बैंक सीधे कार्बन उत्सर्जन नहीं करते, लेकिन जीवाश्म ईंधन और भारी उद्योग जैसे अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्रों को वित्तपोषण देकर अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाते हैं। वित्तीय संस्थान ऐसे परिवर्तन संबंधी जोखिमों का सामना कर रहे हैं, जो पारंपरिक जोखिम आकलन में तुरंत दिखाई नहीं देते। यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बदलती जलवायु नीतियों के संदर्भ में दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्षेत्रीय जोखिमों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

# कंपनियों की पूंजी 4.13 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4,13,003.23 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ।



पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,230.7 अंक या 5.77 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक या 5.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। अमेरिका-ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम को लेकर बाजार की धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 91,282.67 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,478.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 76,036.36 करोड़ रुपये बढ़कर 9,46,741.85 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 60,980.35 करोड़ रुपये बढ़कर 5,75,206.47 करोड़ रुपये हो गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 47,624.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,736.59 करोड़ रुपये रहा, जबकि भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 45,873.43 करोड़ रुपये बढ़कर 10,66,293.69 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 43,614.67 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,629.98 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मूल्यांकन 26,303.49 करोड़ रुपये बढ़कर 9,13,331.92 करोड़ रुपये रहा।

## पश्चिम एशिया संघर्ष ऊर्जा सुधारों, उद्योग के लिए बिजली की लागत घटाने का बड़ा अवसर

मुंबई। पश्चिम एशिया संघर्ष ने जहां ऊर्जा के मोर्चे पर भारत की कमजोरी को उजागर किया है, वहीं यह वृद्धि के लिए जरूरी क्षेत्रों में सुधार शुरू करने और उद्योग के लिए बिजली की दरें घटाने का अच्छा अवसर है।

एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने यह बात कही है। भविष्य की वृद्धि के लिए ऊर्जा का इस्तेमाल सावधानी से करने की जरूरत है। हमारे पास दुनिया की सबसे सस्ती ऊर्जा है। घरों और किसानों के लिए दुनिया की सबसे सस्ती बिजली है, और हमारे पास उद्योग और वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए दुनिया की सबसे महंगी बिजली है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश, जिसके पास ऊर्जा की कमी है, उसे सबसे पहले उसकी कीमत ठीक करनी चाहिए, जिससे भविष्य की वृद्धि का मार्ग सुनिश्चित हो सके। मिश्रा ने कहा कि मैं सरकार से बार-बार कह रहा हूं कि देखिये, यह जरूरी है कि उद्योग को सस्ती बिजली मिले क्योंकि तब आप नौकरियां पैदा करते हैं। लोगों को मुफ्त बिजली देने के बजाय उन्हें बिजली के दाम देने में सक्षम बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि एक महीने से ज्यादा समय से चल रहा पश्चिम एशिया संघर्ष ऊर्जा की सही कीमत तय करने का एक बड़ा मौका है।

# कोल इंडिया खुद उठा रही है लागत का बोझ

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है।



औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है। कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है। खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई। कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है। डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने करीब 4.19 लाख किलोलीटर डीजल का उपयोग किया। लागत में बढ़ोतरी के बावजूद कोयले को किफायती बनाए रखने के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं। इनमें कुछ ई-नीलामी में आरक्षित मूल्य कम करना, नीलामी की संख्या बढ़ाना और बाजार में अधिक मात्रा उपलब्ध कराना शामिल है। इन उपायों का उद्देश्य उद्योगों और उपभोक्ताओं को बढ़ती ऊर्जा लागत के प्रभाव से बचाना है, ताकि कोयले की कीमतें स्थिर बनी रहें। अधिकारियों के अनुसार, यदि बढ़ती लागत को सीधे उपभोक्ताओं पर डाला गया, तो इसका व्यापक और क्रमिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट से पहले अगस्त, 2025 से जनवरी, 2026 तक अमोनियम नाइट्रेट की कीमतें स्थिर थीं, लेकिन इसके बाद इनमें तेजी आई, जिससे विस्फोटकों की लागत बढ़ गई।

# उच्च भंडार, मजबूत वैश्विक कीमतों के बीच फरवरी में कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में भारत का कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया।



फरवरी 2024-25 में यह आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में आयात लगभग स्थिर रहा। एमजंक्शन सर्विसेज एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। यह टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि घरेलू कोयले का भंडार अधिक होने और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों के ऊंचे बने रहने से तापीय कोयले के आयात में कमी आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू खनन कंपनियां अपने भंडार को कम करने की कोशिश कर रही हैं, इसलिए, इस महीने भी आयात कमजोर रह सकता है। फरवरी में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 98 लाख टन रहा, जो पिछले साल के 1.1 करोड़ टन से कम है। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात 39 लाख टन रहा, जो पिछले साल के 37.9 लाख टन से थोड़ा अधिक है। अप्रैल से फरवरी, 2025-26 के दौरान गैर-कोकिंग कोयले का आयात 13.76 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 15.22 करोड़ टन से कम है। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात 5.43 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष के 4.96 करोड़ टन से अधिक है। कोयला आयात में यह गिरावट देश में कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के प्रयासों के बीच आई है।

## पेज एक का शेष

### दिग्गज गायिका

प्रेमियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वह पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे। आशा ने अपनी बहन लता के साथ मिलकर सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। बॉलीवुड में फिल्मी अभिनेत्रियों के लिए, रिकॉर्ड किए गए, लगभग हर फिल्मी गाने में उन्होंने अपनी आवाज दी। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने अविश्वसनीय रूप से 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म माझा बल के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक और उसके बाद भी गायन जारी रखा, जिससे वह वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं।

### अमेरिका-ईरानी

पिछले 24 घंटे में कई दौर की गहन और रचनात्मक चर्चाओं में मध्यस्थता की। डार ने प्रगति की उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों पक्षों को स्थायी शांति और क्षेत्रीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ और व्यापार बाधित हुआ। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी थी, जिसमें पश्चिम एशिया से अमेरिकी सेनाओं की वापसी, ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाया जाना और उसे होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण की अनुमति देना शामिल था।

### माफिया व गुंडों

आचरण इससे उलट है। बंगाल में मां रो रही है, माटी घुसपैठियों के कब्जे में जा रही है, मानुष भयभीत है। बंगाल में राजनीतिक हत्याएं, हत्या के प्रयास और बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ हो रहा है। सीएम ने टीएमसी मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज व कट-मनी/करप्शन बताया।

### तृणमूल व

आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बंगाल की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला ही बोलेगी। यहां कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलने दी जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। हमारे कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई, सुशोभन का हाथ काट दिया गया। कई कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी जी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर ममता दीदी मौन रहीं। भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्राफी को बदलना चाहते हैं। मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर, नादिया, बीरभूम व हावड़ा जैसे जिलों में सामाजिक संतुलन बिगाड़ने की चेष्टा हो रही है। लगभग 570 किमी सीमा पर फेंसिंग जरूरी है, ताकि अवैध गतिविधियों व घुसपैठ पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस ने भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती। ये लोग नवराष्ट्र आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं। मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की दुर्दशा को देखकर दुख होता है। बंगाल भारत के अध्यात्म, संस्कृति, कला-शिक्षा की धरती है। इस धरती ने उच्चकोटि के आध्यात्मिक साधक दिए हैं। अपनी उद्यमिता, परिश्रम, कल-कारखानों, युवाओं की प्रतिभा, श्रमिकों के श्रम से बंगाल एक समय भारत की जीडीपी का बड़ा हिस्सा उपलब्ध कराता था, लेकिन पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और 15 वर्ष से तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को कंगाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उत्तर प्रदेश में आलू उत्पादक किसानों को 15-16 रुपये किलो का दाम मिल रहा है, जबकि यहां सिर्फ एक से डेढ़ रुपये। यहां किसान कर्ज लेने को मजबूर है। टीएमसी सरकार बंगाल को फिर से उसी त्रासदी की ओर ले जा रही है, जिसका उल्लेख आनंद मठ के माध्यम से बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने किया था। उस समय अकाल था, लेकिन आज सरकार द्वारा पाले गए गुंडे शोषण कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल ने बंगाल की पहचान को संकट में लाकर खड़ा कर दिया। पीएम मोदी गरीबों के मकान, राशन, स्वास्थ्य, किसान, गांव के विकास के लिए जो पैसा भेजते हैं, वो पैसा टीएमसी के गुंडे हजम कर जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज पश्चिम बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। गुंडे-माफिया समानांतर सत्ता संचालन करते थे। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

### घाटी में लश्कर

के अनुसार, आतंकियों में से एक, जिसकी पहचान उमर उर्फ खरगोश के रूप में हुई है, ने पासपोर्ट हासिल कर लिया था और इसके बाद वह इंडोनेशिया फरार हो गया। माना जा रहा कि वहां से उसने एक और फर्जी यात्रा दस्तावेज का इस्तेमाल किया और फिलहाल वह किसी खाड़ी देश में छिपा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कराची निवासी उमर ने 2012 के बाद भारत में घुसपैठ की थी और राजस्थान के जयपुर से प्राप्त जाली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके 2024 में भाग गया था।

### नशे के खिलाफ

कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने रन फॉर अवेयरनेस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से शुरू हुई इस रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हुए स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण जीवन अपनाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य सरकार नशे की समस्या से निपटने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सशक्त किया गया है, जो अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने और उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए खेल, हुड़दंगिया क्लबड़ जैसी पहल शुरू की गई है, जिससे उन्हें अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने का अवसर मिल रहा है और वे नशे से दूरी बना पा रहे हैं।

### सीएम योगी के

सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहयोग हमेशा मिलता रहा है, जिसकी वजह से लखनऊ में लगातार विकास हो रहा है। हालांकि, कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिन्हें दूर करना मुश्किल होता है। राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति को भी रेखांकित किया। उन्होंने पश्चिमी एशिया की संकटपूर्ण स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, आज दुनिया में अमेरिका और इजराइल एक तरफ हैं और ईरान दूसरी तरफ, सभी देशों के बीच तनाव है। लेकिन सबसे बड़ी सूझबूझ की भूमिका भारत ने निभाई है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि कई देशों में एलपीजी गैस और पेट्रोल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, लेकिन भारत में यह स्थिर बनी हुई है। कुछ लोगों ने होल्डिंग लगाकर दुष्प्रचार करने की कोशिश की थी, लेकिन कीमतें भारत में अभी भी स्थिर हैं। उन्होंने भारत की विदेश नीति को लेकर कहा, आज भारत का प्रभाव बढ़ा है, खासकर पश्चिमी एशिया में। भारत के रिश्ते अमेरिका और अन्य देशों के साथ मजबूत हुए हैं। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि लखनऊ, पहले की अपेक्षा आज बेहतर हो गया है।

### 9वीं पुण्यतिथि

और भंडारे का प्रसाद वितरण भी किया। इसी क्रम में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा क्लॉथ डोनेशन बैंक-बीबीडी जनसिटी जंक्शन द्वारा किया गया। एनएसएस छात्रों द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 100 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तरधौना गांव में लीगल अवेयरनेस कैंप, साइबर फ्रॉड अवेयरनेस-डिजिटल शिक्षा से सुरक्षा तक एवं महिला सशक्तिकरण पर लोगों को जागरूक किया गया। ग्रीन एन्थम डोनेशन ड्राइव द्वारा समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को गेहूं, चावल दाल, रिफाइंड, ग्रोसरी आइटम एवं कपड़े दिये गये। बीबीडी कैम्पस में स्थित ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एआई इन डिजिटल ग्रोथ का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत डॉ.अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल पर लेक्चर हुआ, जिसके मुख्य वक्ता डॉ. निश्चल कुमार वर्मा, आईआईटी,कानपुर थे। उन्होंने उनके सामाजिक, शैक्षिक एवं खेल के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान एआई इन डिजिटल ग्रोथ विषय पर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ. निश्चल कुमार वर्मा,आईआईटी कानपुर,ने एआई के विविध उपयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई हम सबको मदद करने के लिए है, जिससे हम अपने जीवन में अच्छे से काम कर सकें। एआई का सुरक्षित उपयोग बहुत जरूरी है। डॉ जगदीश चंद्र बंसल, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली कि ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ड्रोन टेक्नोलॉजी में एआई के उपयोग पर बात की। सभी वक्ताओं ने एआई पर विस्तार से बताकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अन्त में डीन,स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने कहा कि यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। सभी पैनल वक्ताओं एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद प्रेषित कर आभार प्रकट किया। इसी क्रम में बीबीडी कैम्पस में श्रद्धाभोज का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बीसीपीएल टीम द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन टाइम्स स्क्वायर में किया गया। कारपोरेट आफिस व सेंट्रल स्टोर बीबीडी ग्रीन सिटी में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ओल्ड एजहोम- वेलनेस एंड हेल्थ, डिजिटल अवेयरनेस, स्टोरीटेलिंग, शेयरिंग एंटरटेनमेंट एंड फन एक्टिविटिज, आस्था होम रिसॉर्ट रसूलपुर सादात लखनऊ का आयोजन किया गया। निःशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे का वितरण राजेंद्र नगर पानी टंकी पार्क लखनऊ एवं नई बस्ती मैदान उदयगंज में किया गया। अखिल ज्योत निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर दंत परामर्श कल्याण मंडप, सुदर्शन पुरी कॉलोनी, ऐशबाग में किया। फल वितरण मदर टेरेसा आश्रम सप्रू मार्ग, लखनऊ में भी किया गया। अखिलेश दास गुप्ता स्कूल द्वारा स्कूलों को सशक्त बनाने की पहल का आयोजन प्राइमरी स्कूल फैजुल्लागंज, बंकी, बाराबंकी में कर रहा है। फॉर्च्यून होटल द्वारा सीएसआर एक्टिविटी, श्री राम उद्योग अनाथालय में आयोजित किया। यू. पी. बैडमिंटन एकेडमी गेट नं. 1 पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।




# बेंगलुरु ने मुंबई को दिया 241 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : सॉल्ट, कोहली और पाटीदार ने फिफ्टी लगायी, 4 बॉलर्स को एक-एक विकेट

एजेंसी



मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिन के दूसरे आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस को 241 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में टक ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 240 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने 78, विराट कोहली ने 50 और रजत पाटीदार ने 53 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पंड्या, मिचेल सैंटनर और शार्दूल ठाकुर ने एक-एक विकेट लिए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जितेश शर्मा ने बुमराह की आखिरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम को 200 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान रजत पाटीदार 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवाया।

यहां पर विराट कोहली 38 बॉल पर 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। शार्दूल ठाकुर ने ओवर की पहली बॉल वाइड डाली। दूसरी पर चौका पड़ा और तीसरे पर फिर वाइड बॉल डाली। इसी वाइड बॉल से बेंगलुरु का 150वां रन बना। शार्दूल के इस ओवर से 23 रन बनाए। 12वें ओवर में मयंक मारकंडे ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में रजत पाटीदार ने लगातार तीन छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बॉल पर छक्का मारा। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर फिल सॉल्ट 36 बॉल पर 78 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शार्दूल ठाकुर ने हार्दिक पंड्या के हाथों कैच कराया। इसी के साथ 120 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 9वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। विराट कोहली ने मिचेल सैंटनर की बॉल पर चौका लगाकर टीम को ट्रिपल डिजिट तक पहुंचाया। इसी के साथ उन्होंने सॉल्ट के साथ शतकीय साझेदारी भी की। 8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने मयंक मारकंडे के खिलाफ ओवर की पहली ही गेंद पर चौका लगाया और 25 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। इस ओवर में उन्होंने लगातार 3 चौके के बाद एक छक्का भी लगाया। ओवर में 20 रन बने। आरसीबी ने शुरुआती 6 ओवर में बगैर नुकसान के 71 रन बना लिए। फिल सॉल्ट और विराट कोहली पिच पर मौजूद रहे। 5वें ओवर में लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर बॉलिंग करने आए। उनके खिलाफ फिल सॉल्ट ने शुरुआती 3 गेंदों पर ही लगातार 3 छक्के लगा दिए।

चौथी गेंद पर सॉल्ट ने चौका लगाया। सैंटनर ने मिनी कमबैक किया और अगली 2 गेंदों पर कोई रन नहीं बनने दिया। ओवर से फिर 22 रन बन गए। इसी ओवर में टीम की फिफ्टी भी पूरी हो गई। तीसरे ओवर में फिल सॉल्ट चोटिल हो गए। ओवर की तीसरी गेंद ट्रेंट बोल्ट ने शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। बॉल सॉल्ट के पेट के निचले हिस्से में लग गई। कुछ देर दर्द में रहने के बाद उन्होंने फिर बैटिंग शुरू की। अगली बॉल बोल्ट ने शॉर्ट पिच फेंकी, सॉल्ट ने यहां सिक्स लगा दिया। मैच शुरू होने से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी याद में सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। मैदान में आशा भोसले के गाने भी बजाए गए। आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट और विराट कोहली ओपनिंग करने उतरे। मुंबई से ट्रेंट बोल्ट ने पहला ओवर फेंका।

विराट ने ओवर की तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में मैच का पहला सिक्स लगाया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नितीश राणा पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना 19वें ओवर में घटी जब अंपायर ने ट्रिस्टन स्टब्स के गीले दस्ताने बदलने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद राणा और अंपायर में तीखी बहस हुई। स्टब्स ने उमस भरे वातावरण में अत्यधिक पसीने के कारण अपने दस्ताने बदलने का अनुरोध किया था। राणा ने आउट होने के बाद चौथे अंपायर से भी बहस की, जिसके लिए उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया।

आईपीएल ने एक बयान में कहा दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नितीश राणा पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें आईपीएल के खिलाड़ियों के आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। बयान में कहा गया है, राणा को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा का उपयोग करने से संबंधित है। राणा ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को मान लिया।

### चार ओवर में चार विकेट गिरना टर्निंग पॉइंट थाः वेणुगोपाल राव

चेन्नई। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार चार ओवर में चार विकेट गिरना टर्निंग पॉइंट था जिससे उनकी टीम को 23 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे, लेकिन केएल राहुल (18), पथुम निसांका (41), अक्षर पटेल (01) और समीर रिजवी (06) के आउट होने से स्कोर चार विकेट पर 76 रन हो गया। वेणुगोपाल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में हमारी तरफ से कुछ कमी रह गई। चार ओवरों में चार विकेट गंवाना टर्निंग पॉइंट था। इस प्रारूप में लगातार विकेट गंवाने से टीम को नुकसान होता है।

# प्रसिद्ध की शानदार गेंदबाजी से टाइटंस ने सुपर जायंट्स को हराया



लखनऊ। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। सुपर जायंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए।

सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ज्षभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया। गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया।

उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। टी20 प्रारूप में यह बटलर का 100वां अर्धशतक है। प्रिंस ने गिल को, तो वहीं शमी ने बटलर को आउट कर टाइटंस को सात गेंद के अंदर दो झटके देकर टीम की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 21) और राहुल तेवतिया (नाबाद 10) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने की औपचारिकता पूरी की। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मिचेल मार्श (चार गेंद में 11 रन) ने दूसरे ओवर में रबाडा का स्वागत लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर किया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के इस अनुभवी गेंदबाज ने धीमी गेंद पर उन्हें चकमा देकर गिल के हाथों कैच करा दिया। मारक्रम ने इस ओवर का अंत चौके से किया, जिससे टीम ने 19 रन बटोरे।

## संक्षेप

### खेलो इंडिया में केरल ने 35 पदक जीते

तिरुवनंतपुरम। केरल रविवार को यहां अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग दक्षिण क्षेत्र ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में कुल 35 पदक जीतकर चैंपियन बना। एक बयान के अनुसार शनिवार से कार्यवट्टम में आयोजित दो-दिवसीय इस प्रतियोगिता में मेजबान राज्य ने 11 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तमिलनाडु 14 पदक (सात स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कर्नाटक सात पदक (दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जबकि तेलंगाना पांच पदक (एक स्वर्ण और चार रजत) के साथ चौथे स्थान पर रहा। इस चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के खेलो इंडिया डिवीजन, भारतीय साइकिलिंग महासंघ और केरल साइकिलिंग संघ ने मिलकर कार्यवट्टम स्थित वेलोड्रोम में किया।

### अर्जुन और आदित्य ने अमेरिकी ओपन पिकलबॉल में जीता स्वर्ण

मुंबई। अर्जुन सिंह और आदित्य सिंह ने फ्लोरिडा के नेपल्स में अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में राइडर ब्राउन और सोली मेसिरी की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन और आदित्य ने अंडर-18 लड़कों के युगल वर्ग में अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 11-1, 11-5 से जीत दर्ज की। भारत की नागा मोक्षा ने महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय पिकलबॉल संघ को मान्यता मिलने के बाद यह पहली बार है जब कोई भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है जो अपने 10वें सत्र का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत की अंडर-18 लड़कों की तीन युगल टीम ने हिस्सा लिया। बाकी दो जोड़ियां जीत सूद और युवराज सिंह तथा पंथ ठक्कर और अथर्व सेठ की थी। ठक्कर और सेठ को अर्जुन और आदित्य के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि जीत और युवराज का अभियान राउंड ऑफ 32 में खत्म हो गया था।

# हैंडबॉल : नोएडा ब्लास्टर्स ने काशी किंग्स को हराया

लखनऊ। नोएडा ब्लास्टर्स ने 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' में रविवार को एक हाईवोल्टेज व तेज एक्शन भरे मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए होड़ को रोमांचक बना दिया। नोएडा ब्लास्टर्स ने चौथे दिन शानदार खेल दिखाते हुए अब तक अजेय चल रही काशी किंग्स को 36-24 के अंतर से शिकस्त दी। दिन के अन्य मुकाबलों में गोरखपुर राउडीज ने तीसरी जीत दर्ज की, जबकि मथुरा ब्रज स्टार ने गाजियाबाद को हराकर जीत की राह पर वापसी की। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली जा रही लीग का टाइटल स्पांसर टाटा कैपिटल है। आज नोएडा ब्लास्टर्स ने काशी किंग्स के खिलाफ 36-24 से जीत दर्ज की। नोएडा के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक तालमेल दिखाया। टीम की जीत में तौसीफ ने सर्वाधिक आठ गोल किए। जगमीत ने सात जबकि मिंटू व मनकेश ने 6-6 गोल किए। काशी की ओर से मोहित ने 6 जबकि विमलेश व विपुल ने पांच-पांच गोल किए।

> तीसरी जीत से गोरखपुर राउडीज का जलवा कायम, मथुरा ब्रज स्टार की जोरदार वापसी

नोएडा ने पहले हॉफ में 15-11 की बढ़त बना ली। हालांकि काशी किंग्स के खिलाड़ियों ने वापसी की कोशिश में कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन जीत फिर भी टीम से दूर रही। मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर नोएडा के ध्रुव जाधव चुने गए। वहीं गोरखपुर राउडीज ने बर्बरीक वारियर्स को 29-18 से हराकर लीग में तीसरी जीत अपने नाम की। गोरखपुर पहले हॉफ में 10-5 से आगे थी। टीम से क्रिशन ने सबसे ज्यादा नौ गोल किए जिन्हें मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का पुरस्कार मिला। बर्बरीक वारियर्स से आमिर व अंशू ने चार-चार गोल दागे। एक अन्य मैच में मथुरा ब्रज स्टार ने गाजियाबाद पैंथर्स को 29-18 से हराकर दूसरी जीत हासिल की।

### भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण जीतकर साख बचायी

पुएबला (मेक्सिको)। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति की कंपाउंड महिला तिकड़ी ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में अमेरिका को 233-232 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। यह इस सत्र की शुरुआती प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक है, जो बड़ी राहत बनकर आया, क्योंकि रिकर्व और पुरुषों के कंपाउंड वर्ग के कोई भी तीरंदाज अपने लक्ष्य को भेद नहीं पाए और खाली हाथ लौटे। भारत की कंपाउंड मिश्रित टीम प्रगति और ओजस प्रवीन देवताले को शनिवार को कांस्य पदक मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद अमेरिका की जोड़ी एलेक्सिस रूइज और स्टीफन हेंसन के हाथों 154-155 से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारतीय टीम का अभियान समाप्त हो गया। रिकर्व वर्ग का कोई भी प्रतिभागी पदक दौर तक नहीं पहुंच पाया, जिसमें पूर्व ओलंपियन तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा और दीपिका कुमारी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज प्री-क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। दास और धीरज अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से हारकर बाहर हो गए।

# इंटर काशी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराया




कोलकाता। मोहम्मद आसिफ के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत इंटर काशी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत से इंटर काशी आठ मैच में 11 अंक के साथ तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि मोहम्मडन सात मैच में बिना किसी अंक के सबसे निचले स्थान पर बना हुआ है।

इंटर काशी के लिए आसिफ ने 15वें मिनट में गोल किया। वहीं दूसरी ओर बायर्न म्यूनिख ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का अपना ही 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लियोन गोरेत्ज़का का गोल बायर्न का लीग में इस सत्र का का 102वां गोल था जिससे उसने नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले का रिकॉर्ड (101 गोल) भी बायर्न के नाम पर ही दर्ज था जो उसने 1971-72 में बनाया था। बायर्न ने इस मैच में सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से बायर्न ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत भी पेश किया और बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 12 अंकों की बढ़त बनाकर बुंडेसलिगा में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। प्रतियोगिता में अभी पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रैंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्ज़का ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इसके ठीक एक मिनट बाद माइकल ओलिस ने गोल संख्या को 103 तक पहुंचाया। निकोलस जैक्सन ने बायर्न के लिए चौथा गोल दागा और राफेल गुएरेइरो ने इस सत्र में उसकी गोल संख्या 105 कर दी। बायर्न 29 मैच में 76 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। डॉर्टमुंड 29 मैच में 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

एजेंसी




हैदराबाद। बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है। टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है।

जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है। रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं। जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह नौ विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में सबसे ऊपर हैं जबकि रविंद्र जडेजा के टीम से जुड़ने से स्पिन विभाग को और मजबूती मिली है। इसके उलट सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है।

अपने चार में से तीन मैच हारने के बाद पूर्व चैंपियन टीम छठे स्थान पर हैं। टीम अपनी पुरानी रणनीति पर चल रही है। वे तेज शुरुआत के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी जोड़ी पर निर्भर हैं लेकिन दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कार्यवाहक कप्तान इशान किशन भी अपनी शुरुआती पारी के बाद खराब फॉर्म में हैं। रन बनाने की जिम्मेदारी अधिकतर समय हेनरिक क्लासेन ने निभाई है जिन्होंने चार पारियों में 184 रन बनाए हैं और सनराइजर्स को कछ मौकों पर वापसी दिलाने में सफल रहे हैं। गेंदबाजी हालांकि टीम का कमजोर पक्ष है और नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी ने टीम की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गेंदबाजी आक्रमण विरोधी बल्लेबाजों को रोकने में जूझ रहा है विशेषकर बल्लेबाजी के अनुकूल हालात में जिससे बल्लेबाजों पर और दबाव पड़ रहा है। सनराइजर्स को अगर रॉयल्स की लय बिगाड़नी है तो शुरुआती विकेट और चटकाने होंगे तथा गेंदबाजी में एकजुट प्रदर्शन करना होगा। समयः मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

### शिवराज व कमाली मूर्ति बने राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियन

नयी दिल्ली। शिवराज बाबू और कमाली मूर्ति ने रविवार को यहां हुए लिटिल अंडमान प्रो 2026 टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का ओपन सर्फिंग खिताब जीत लिया। शिवराज 13.63 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने श्रीकांत डी को सिर्फ 0.30 अंक के अंतर से हराया, जिनका स्कोर 13.33 रहा। किशोर कुमार 12.87 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे रहे जबकि संजय सेल्वमणि ने एक कड़े मुकाबले में 9.30 अंक बनाए। महिलाओं के ओपन सर्फिंग फाइनल में कमाली का दबदबा देखने को मिला जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया। कमाली ने 15.83 का शानदार स्कोर बनाया और शुगर शांति बनारसे (11.64) को 4.19 के अंतर से हराया।

### झारखंड ने सब-जूनियर हॉकी में जीता स्वर्ण

रांची। झारखंड ने डिविजन ए के रोमांचक फाइनल में रविवार को यहां मध्य प्रदेश को 2-1 से हराकर हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में ओडिशा ने उत्तर प्रदेश को 4-2 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। सुगन सांगा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर झारखंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन नाम्मी गीताश्री ने 37वें मिनट में गोल करके दूसरे हाफ में मध्य प्रदेश को बराबरी पर ला दिया।

### अमन व मुकुल को रजत पदक

बिश्केक। ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि मुकुल दहिया भी रविवार को अपना फाइनल हार गए जिससे भारत ने 17 पदक (दो स्वर्ण सहित) से अपने अभियान का समापन किया। भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक जीते। गैर ओलंपिक पुरुषों के फ्रीस्टाइल 61 किग्रा वर्ग में मुकाबला करते हुए अमन को फाइनल में कोरिया के क्वांग म्योंग किम के हाथों 10-13 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पुरुषों के 86 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में मुकुल को ईरान के कामरान जी घासेमपोर के हाथों 0-7 से हार मिली जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# सावन बरवाल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी




रोटरडैम (नीदरलैंड)। सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया।

हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय धावक गोपी थोनकल ने 42.195 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट और 16 सेकंड में पूरी करके 23वां स्थान हासिल किया। बरवाल की उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि रोटरडैम में आयोजित यह मैराथन उनकी पहली मैराथन थी। जनवरी में अमेरिका में आयोजित विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद यह इस सत्र की उनकी दूसरी प्रतियोगिता थी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदर नगर के एक गांव से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय बरवाल ने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और खुद को एक बेहतर लंबी दूरी के धावक के रूप में स्थापित किया है। बरवाल ने कहा कि आखिरी पांच किलोमीटर की दौड़ के दौरान मौसम काफी ठंडा था, जिससे सामंजस्य बिठाने में उन्हें परेशानी हुई।

उन्होंने कहा, मौसम काफी ठंडा था। पानी के स्टेशन पर मैंने गलती से अपने सिर पर पानी डाल लिया। उन्होंने कहा, 37 किलोमीटर तक मैं आराम से दौड़ रहा था, लेकिन आखिरी दो किलोमीटर काफी मुश्किल भरे थे, क्योंकि मुझे फिनिश लाइन पार करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की याद में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


राजेन्द्र नगर में आई चेकअप कैंप का निरीक्षण करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास


उदयगंज में आई चेकअप कैंप में लोगों का अभिवादन करते विराज सागर दास और देवांशी दास


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर नमन करते वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर मदर टेरेसा आश्रम में फल का हुआ वितरण


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास


बीबीडी ग्रीन सिटी सेंटर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


ऐशबाग सामुदायिक केन्द्र पर हुआ डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विराज सागर दास व देवांसी दास


बीबीडी कर्मचारियों के लिए आयोजित भोज में प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं अन्य


ऐशबाग सामुदायिक केन्द्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

फोटो : समीर भटनागर

इंटरटेनमेंट...

## आशा भोसले के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख विजया रहाटकर ने रविवार को प्रख्यात गायिका आशा भोसले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से संगीत जगत खामोश हो गया। रहाटकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दशकों तक भोसले की आवाज ने लाखों दिलों को छुआ और कई पीढ़ियों को अनगिनत यादगार गीत दिए। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने उनकी आवाज को महज संगीत से कहीं अधिक बताते हुए कहा कि यह भावनाओं की गहराई, ऊर्जा और जीवन के उत्सव दर्शाती है। उन्होंने कहा, रसिया ओ रसिया और दम मस्त कलंदर से लेकर ये क्या हुआ, जो वादा किया और अनगिनत गीत, उनकी सदाबहार आवाज कई पीढ़ियों के दिलों को छुएगी और भले ही वह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन संगीत की दुनिया में खामोशी छोड़ रही उनकी आवाज हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेगी। भोसले का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उन्हें सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण शनिवार को मुंबई के





ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं दूसरी ओर दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर फिल्म उद्योग से जुड़े कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में शरीर के कई अंगों के काम बंद करने के बाद भोसले का 92 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अनुभवी अभिनेत्री-नेता हेमा मालिनी, अभिनेता अक्षय कुमार, फिल्मकार करण जौहर, अभिनेता जेआर एनटीआर और विक्की समेत कई हस्तियों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दीं। हेमा मालिनी ने कहा कि उनका भोसले के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव था और इतनी जीवंत शख्सियत के चले जाने पर विश्वास करना मुश्किल है। उन्होंने लिखा, उनकी अनोखी आवाज़ और अंदाज़ ने मेरे कई गीतों को लोकप्रिय बनाया। मेरा लता मंगेशकर और आशा जी दोनों के साथ बेहद खास रिश्ता था, जिन्होंने फिल्म उद्योग में मेरे सफर में अहम योगदान दिया। यह महाराष्ट्र और पूरे भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। अक्षय कुमार ने लिखा, आशा भोसले जी के निधन से जो क्षति हुई है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उनकी सुरीली आवाज हमेशा अमर रहेगी। ओम शांति।

करण जौहर ने कहा कि उनकी आवाज बेमिसाल थी। उन्होंने कहा, आपका संगीत हमेशा जीवित रहेगा और हम खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हमने आपका जादू महसूस किया। अभिनेत्री काजोल ने याद किया कि उन्होंने 19 साल की उम्र में आशा भोसले को रिकॉर्डिंग करते देखा था। उन्होंने लिखा, आशा ताई एक महान शख्सियत थीं, हैं और हमेशा रहेंगी एक गायिका, एक व्यक्तित्व और एक इंसान के रूप में। उनकी जिंदगी, खाने और हास्य के प्रति प्रेम और सबसे बढ़कर उनकी गायकी अद्भुत थी उन्हें वर्णित करने के लिए एक ही शब्द है- शानदार। तेलुगु अभिनेता जूनियर एनटीआर ने कहा कि उनकी जादुई आवाज़ दशकों तक भारतीय सिनेमा की धड़कन रही। उन्होंने कहा, वह एक ऐसी विरासत छोड़ गई हैं, जो पीढ़ियों तक जीवित रहेगी। अभिनेता विक्की कौशल ने लिखा, आपकी धुनें, आपकी दयालुता और आपकी गर्मजोशी हमेशा जीवित रहेंगी। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह उनकी आवाज़ सुनते हुए बड़े हुए हैं। बाजपेयी ने कहा, उनकी आवाज़ में एक जादू था, जो सहजता से अनेक भावनाओं को व्यक्त कर सकती थी। उनका संगीत कालातीत है। फिल्मकार जोया अख्तर ने उनकी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अविस्मरणीय आशा जी। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा भोसले अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थीं।





उन्होंने रोमांटिक गीतों से लेकर गजलों तक कई यादगार नगमे गाए। साथ ही कई ऐसे गीत भी गाए, जिन्होंने लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों में अभी न जाओ छोड़ कर, इन आंखों की मस्ती, दिल चीज क्या है, पिया तू अब तो आजा, दुनिया में लोगों को और जरा सा झूम लूं मैं जैसे गाने शामिल हैं। महान गायिका दिवंगत लता मंगेशकर की छोटी बहन आशा भोसले के परिवार में उनका बेटा आनंद भोसले और पोती जनाई भोसले हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उन्होंने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी थी। आशा का विवाह 16 वर्ष की आयु में 1949 में गणपतराव भोसले से हुआ था और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी एवं संगीतकार आर डी बर्मन से विवाह किया। उनके परिवार में बेटे आनंद और पोते-पोतियां हैं। उनके बेटे आनंद ने बताया कि अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांडे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा ने चैन से हम को कभी में खोए हुए प्यार का शोक मनाने के साथ ही आजा, आजा पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया था और उनकी बहन लता ने



सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। बॉलीवुड में महिला मुख्य किरदारों के लिए रिकॉर्ड किए गए लगभग हर फिल्मी गाने में मंगेशकर बहनों की आवाज होती थी। लता मंगेशकर का फरवरी 2022 में 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने अविश्वसनीय रूप से 12,000 गाने रिकॉर्ड किए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com